वर्ष-31, अंक- 202, पृष्ठ-12 | वैशाख शुक्ल पक्ष 13, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
10 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### संकट से निपटने के लिए सतर्क रहें बैंक : सीतारमण

**नई दिल्ली (हि.स)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की



मंत्री निर्मला सीतारमण ने सीमा पर तनाव से उत्पन्न सुरक्षा चिंताओं के बीच शुक्रवार को बैंकों से किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने को कहा। सीतारमण ने कहा कि देश की बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली मजबूत और लचीली बनी हुई है। पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) एंव प्रबंध निदेशकों (एमडी) के साथ नई दिल्ली में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### आईपीएल एक सप्ताह के लिए किया स्थगित

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मौजूदा टाटा आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। इस निर्णय के पीछे हालिया हालात और खिलाड़ियों, प्रसारकों, प्रायोजकों सहित सभी संबंधित पक्षों की चिंताओं को ध्यान में रखा गया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि स्थिति की व्यापक समीक्षा के बाद ही नए शेड्यूल और स्थानों की घोषणा की जाएगी। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने यह फैसला सभी प्रमुख हितधारकों से सलाह-मशविरा करने के बाद लिया है। बीसीसीआई ने इस मौके पर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है और कहा कि वह भारत सरकार, सशस्त्र बलों और देशवासियों के साथ मजबूती से खड़ा है।

### भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण सीए की परीक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देशभर में तनावपूर्ण सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने मई 2025 में होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) परीक्षाओं के शेष पेपरों को स्थगित करने की घोषणा की है। यह परीक्षाएं 9 से 14 मई तक आयोजित होने वाली थीं। आईसीएआई ने शुक्रवार को एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि 09 से 14 मई 2025 तक निर्धारित सभी परीक्षाएं, जिनमें फाइनल, इंटरमीडिएट और पोस्ट क्वालिफिकेशन कोर्स की परीक्षाएं भी हैं, उन्हें स्थगित कर दिया गया है। संशोधित तिथियों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट के लिए नियमित रूप से आधिकारिक देखते रहें।

# सीएमपीडीआई के सर्वेक्षण साइट पर आगजनी मामले में चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र तुरीसोत वन क्षेत्र में कोयला व भूमिगत खनिज संपदा की खोज में लगी सीएमपीडीआई कंपनी के साइट पर हुए नक्सली हमला मामले में चंदवा पुलिस की टीम को बड़ी सफलता मिली है। लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आलोक में बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी, चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने छामापारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र तुरीसात, महुआडांड़ से 4 माओवादी समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरापियों में राजकुमार भगत पिता सरबजीत भगत (तुरीसोत चंदवा), अरुण गंझू पिता मनीजर गंझू, छत्तीस गंझू पिता स्व जगरना गंझू, गोविंद गंझू पिता जगेश्वर गंझु

## मनोहर गंझू के दस्ते ने दिया था घटना को अंजाम



(तीनों महुआडांड़ चंदवा) के नाम शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने घटना के वक्त लूटा गया 21 मोबाइल बरामद किया है। शुक्रवार को चंदवा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी, चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि माओवादी मनोहर गंझू व उनके दस्ते द्वारा लेवी की मांग करने के बाद लेवी नहीं दिए जाने के कारण तीन मई को तुरीसोत जंगल में सीएमपीडीआई कंपनी के साइट पर 2 ड्रिल मशीन, दो बोलेरो, 2 ट्रक, दो कैंपर वाहन को आग लगा दिया था। इस दौरान उन्होंने कर्मियों का मोबाइल भी छीने लिये थे। उन्होंने बताया कि घटना का अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई कि मनोहर गंझू व उनके दस्ते द्वारा प्रति बोरिंग दो लाख रुपए की मांग की गई थी। जिसे कंपनी द्वारा नहीं दिया गया। परिणाम स्वरूप माओवादी दस्ता द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया। घटना के दौरान मुरपा, महुआडांड़ अन्य क्षेत्रों में रहकर गिरफ्तार राजकुमार भगत,अरुण गंझू, छत्तीस गंझू, गोविंद गंझू पुलिस की गतिविधि पर नजर रख रहे थे। घटना के पहले व बाद में माओवादियों के खाना खिलाने, रास्ता दिखाने में भी सहयोग किया था। साथ ही उक्त लोगों द्वारा बीड़ी पत्ता व्यवसायियों व ठेकेदारों से लेवी वसूल कर माओवादियों को देने का काम करते थे। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पुलिस के समक्ष कई राज बताये गए हैं, जिसके आधार पर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में कर रही है। अभियान में बालूमाथ थाना प्रभारी पुअनि अमरेंद्र कुमार, मुरपा पिकेट प्रभारी हुसैन डाग, पुअनि अजीत कुमार,रवींद्र कुमार सिंह,श्रवण कुमार समेत दलबल के जवान शामिल थे।

## अपराधियों ने फोर लेन सड़क निर्माण साइट पर की गोलीबारी

- पुलिस ने घटना स्थल से दो खोखा किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रस्तावित एनएच 39 (कुडु-उदयपुरा) फोरलेन निर्माण कार्य में लगी कंपनी के बोरसीदाग के समीप स्थित साइट पर शुक्रवार की शाम 4 बजे बाइक सवार दो नकाबपोश अज्ञात अपराधियों ने कर्मियों को टारगेट कर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। फायरिंग में कर्मियों ने किसी प्रकार अपनी जान बचाई। साइट पर काम कर रहे एक कर्मी ने बताया कि बाइक पर दो लोग आये और फायरिंग शुरू कर दी। गोली मेरे सिर के काफी पास से गुजरी थी। घटना के बाद बाइक सवार अपराधी चंदवा की ओर भाग निकले। कर्मियों द्वारा घटना की सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस की टीम दल बल के साथ घटना स्थल पहुंची। घटनास्थल से पुलिस ने दो खोखा बरामद किया है। इसके बाद पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों से घटना की जानकारी लेकर अपराधियों के धर पकड़ को लेकर अभियान में चला रही है। घटना स्थल पर किसी भी आपराधिक गिरोह या संगठन के नाम से पर्चा नहीं छोड़ा गया है।

शेष पेज 11 पर

## विदेश मंत्रालय और सेना की संयुक्त प्रेस वार्ता में दी गई जानकारी

# पाकिस्तान ने 300-400 ड्रोन से किया घुसपैठ का प्रयास

- लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 जगहों पर की गई प्रवेश करने की कोशिश
- भारतीय बलों ने कई ड्रोन मार गिराए, जांच में तुर्की के ड्रोन होने की पुष्टि

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को फिर निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेनाओं ने नाकाम कर दिया। इस बारे में कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में विस्तृत रूप से बताया।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने कल अपना एयर स्पेस बंद नहीं किया और सिविलियन एयरक्राफ्ट को उड़ान भरने की इजाजत दी, जबकि उसने गुरुवार को भारतीय शहरों पर चुपके से तुर्की निर्मित ड्रोन दागे। कर्नल सोफिया कुरैशी ने प्रेस बीफ्रिंग में कहा, 7 व 8 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सीमा पर भारतीय वायु क्षेत्र का कई बार उल्लंघन किया। यही नहीं, बल्कि पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की। अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर - लेह से लेकर सरक्रीक तक - 36 जगहों पर 300-400 ड्रोन का इस्तेमाल कर घुसपैठ का प्रयास किया।

शेष पेज 11 पर



## धार्मिक स्थानों को टारगेट कर दंगे फैलाना चाह रहा है पाकिस्तान : विदेश सचिव

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि कल रात की पाकिस्तानी सेना की कायरतापूर्ण गतिविधियों से आपको अवगत करा दिया गया है। ये उकसाने वाली कार्रवाई थी, उन्होंने भारतीय शहरों और सिविलियन इंफ्रास्ट्रक्चर और कुछ मिलिट्री ठिकाने को टारगेट किया। भारतीय सैन्य इकाइयों ने इनका उत्तर दिया। पाकिस्तान दावा करता है कि उन्होंने किसी धार्मिक स्थान पर हमला नहीं किया। उन्होंने पुंछ में गुरुद्वारे पर हमला किया। इन हमलों की जिम्मेदारी लेने की बजाय, पाकिस्तान कह रहा है कि भारतीय आर्मी ऐसा कर रही है। पाकिस्तान अपनी हरकतों और आक्रमणों को मानने से इनकार कर रहा है और दुनिया को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान धार्मिक स्थानों को टारगेट कर दंगे फैलाना चाह रहा है। पाकिस्तान की तरफ से एलओसी पर स्कूलों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा, पाकिस्तान की ओर से दागा गया एक गोला पुंछ में क्राइस्ट स्कूल के ठीक पीछे गिरा। गोला स्कूल के दो छात्रों के घर पर लगा, जिन्होंने दुर्भाग्य से अपनी जान गंवा दी और उनके माता-पिता घायल हो गए। पाकिस्तान की गोलाबारी के दौरान कई स्कूल स्टाफ और स्थानीय लोगों ने स्कूल के एक अंडर ग्राउंड हॉल में शरण ली। सौभाग्य से स्कूल बंद था, वरना और भी ज्यादा नुकसान हो सकता था।

शेष पेज 11 पर

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन के लिए जताया आभार

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची/नई दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मास्को में मुलाकात की। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ पर भारत की ओर से उन्हें बधाई दी और आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही लड़ाई में रूस के समर्थन के लिए आभार जताया।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पुतिन से मुलाकात और विजय दिवस समारोह की तस्वीरों के साथ सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की है। ज्ञात हो कि द्वितीय विश्व युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ पर रूस में आयोजित समारोह में भारत की ओर से भाग लेने के लिए संजय सेठ मास्को गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, अपनी रूस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। 80वें विजय दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भोज में भारत का प्रतिनिधित्व किया। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में रूस के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि रक्षा राज्य मंत्री सेठ, जो कि रांची से भाजपा के सांसद भी हैं, गुरुवार को रूस की राजधानी मास्को पहुंचे थे। भारत के राजदूत विनय कुमार और रूस रक्षा मंत्रालय के मेजर जनरल ओलेग मोलेसेव ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे रूसी उप रक्षा मंत्री कर्नल जनरल अलेक्जेंडर फोमिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए।

संजय सेठ की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, इस बैठक में बहुआयामी सैन्य और सैन्य-तकनीकी सहयोग पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमने मौजूदा संस्थागत तंत्र के ढांचे के भीतर इन संबंधों को और गहरा करने पर सहमति जताई। भारत और रूस भविष्य में भी नियमित परामर्श जारी रखेंगे और बदलती स्थिति में आपसी सहयोग बढ़ाएंगे।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : विश्वविद्यालयों के डेमोंस्ट्रेटर अब 65 वर्ष में होंगे रिटायर

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को विश्वविद्यालयों में कार्यरत डेमोंस्ट्रेटरों को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने उनकी सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा को फिर से 65 वर्ष कर दिया है। पहले राज्य सरकार ने इसे घटाकर 60 वर्ष कर दिया था, जिसके खिलाफ कई डेमोंस्ट्रेटरों ने याचिका दायर की थी। सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा कम करने के खिलाफ दायर ब्रजेश कुमार वर्मा, भुवनेश्वर प्रसाद गुप्ता सहित अन्य की अलग-अलग




राज्य सरकार ने सेवानिवृत्ति आयु को घटाकर 60 वर्ष कर दिया था

याचिकाओं पर झारखंड हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शुक्रवार को प्रार्थियों की याचिका को स्वीकृत करते हुए कहा कि सरकार ने वर्ष 2011 में जो गजट नोटिफिकेशन जारी किया, उसमें उसे लागू करने की तारीख स्पष्ट नहीं थी, इसलिए वह मान्य नहीं है। इसलिए प्रार्थियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष की जा रही है। खंडपीठ ने पूर्व में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।

प्रार्थियों के अधिवक्ता श्रेष्ठ गौतम ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2011 में एक प्रस्ताव लाते हुए विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी डेमोंस्ट्रेटर को गैर शैक्षणिक की

शेष पेज 11 पर

## लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को नए सॉफ्टवेयर से हो रही परेशानी

**रांची।** केंद्रीय सरकार पेंसनर संघ के झारखंड अध्यक्ष गणेश प्रसाद चौधरी ने सीजीएचएस निदेशक डॉ सतीश वाई एच को पत्र लिखा है। वहीं कहा है कि सीजीएचएस सेवाओं के लिए एनआईसी प्लेटफ़ॉर्म से सीडीएसी प्लेटफ़ॉर्म पर स्विच करने के बाद कई समस्याएं और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है। इस बदलाव ने कई समस्याएं पैदा की हैं, जिससे सीजीएचएस लाभार्थियों और डॉक्टरों एवं कर्मचारियों दोनों को असुविधा हो रही है।

## राज श्री पत्थर माइंस का प्रमंडलीय आयुक्त के निर्देश पर टीम ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल डेस्क**

**चतरा।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के इचाक में संचालित राज श्री कंस्ट्रक्शन पत्थर माइंस का निरीक्षण करने प्रमंडलीय आयुक्त बासुदेव प्रसाद द्वारा गठित जांच टीम पहुंची। जांच टीम में आयुक्त सचिव बासुदेव प्रसाद, उप निदेशक गोपाल दास, सदस्य डॉ. सुदीप कुमार के साथ बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस विधायक उमा शंकर अकेला शामिल थे। टीम ने पत्थर खाद्यान्न के स्थिति का निरीक्षण किया। इस



दौरान खाद्यान्न संचालित स्थल के रैयत से पूछ ताछ पर ग्रामीणों ने माइंस का जमकर विरोध करते हुए संचालक द्वारा दबंगई, मार-पीट करने सहित फायरिंग कर लोगों में दहशत फैलाने की शिकायतें की। जांच के बाद टीम ने रैयत व ग्रामीणों के साथ बैठक भी किया। बैठक में ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक,

शेष पेज 11 पर

## इंडिया | आतंकी पड़ोसी को बातचीत से या युद्ध की भाषा में समझाना उचित है?

पहलगाम आतंकी हमले का सरगना अधिकारियों के अनुसार लश्कर-ए-तोएबा के संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) का प्रमुख 50 वर्षीय शेख सज्जाद गुल है जो पाकिस्तान के रावलपिंडी में दुबका हुआ है। टीआरएफ ने हमले के बाद इसकी जिम्मेदारी ली भी थी पर पहलगाम में धर्म पूछकर 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या को चुनावी स्टंट बताने वाले कुछ कथित बुद्धिजीवी और कलाकार व्यक्तिगत से लेकर सोशल मीडिया पर भारतीय सेना के शौर्य की प्रशंसा करने के बजाय इसके औचित्य पर सवाल उठा रहे हैं कि बातचीत से समाधान खोजना चाहिए था और हमें याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान परमाणु बम बना चुका है जिसकी सोशल मीडिया पर ही खूब आलोचना हो रही है। क्या भारत के पास ये विकल्प था कि वह बातचीत से मुद्दे को सुलझाता? जब धर्म की आड़ में लगातार हमले हों या आतंकवाद के वर्चस्व में निर्दोष लोग मारे जाते हों तो इसके इतिहास को दुहराने से रोकने और समाधान के लिए युद्ध से ही ऐसे दुष्ट देश की अक्ल ठिकाने लगाने की मजबूरी बन जाती है और भारत के लिए भी पहलगाम के बाद चुप रहना संभव नहीं था। ऑपरेशन सिंदूर हुआ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना ने अपने देश की जनता के भरोसे के रंग को फीका नहीं पड़ने दिया और न ही उस एकता के रंग को जिसकी अस्मिता को भी यह उन्मादी देश आतंकवाद से मिटाना चाहता था। नीति कहती है कि शांति होनी चाहिए जिसके लिए धैर्य आवश्यक है और युद्ध या शांति के लिए भी धैर्य को हथियार बनाना चाहिए। भारत ने 1947 से ही असीम धैर्य का परिचय दिया भी पर हमेशा पाकिस्तान ने इसे उकसाया और मुंह की खायी पर बाज नहीं आया क्योंकि वहां सेना हमेशा भारत विरोधी मुहिम की आड़ में अपना राजपाट बनाए रखना चाहती है । वहां सेना इस कदर हावी है कि अनेक पीएम या तो रहस्यमय तरीके से मारे गए या उन्हें फांसी तक दी गई और जितनी सरकारें बनीं भी वे कठपुतली ही रहीं । भारत शुरू से पाकिस्तान के साथ दोस्ती और अच्छे पडोसी का धर्म निभाता रहा और पाकिस्तान उसकी आड़ में षड़यंत्र रचता रहा या कारगिल जैसा पीठ पर छुरा घोंपने का काम किया । बर्ट्रेंड रसेल ने चार तरह के युद्धों की चर्चा की है- उपनिवेशीकरण के लिए युद्ध, सिद्धांतों के लिए युद्ध, आत्मरक्षा के लिए युद्ध और प्रतिष्ठा के लिए युद्ध। सिद्धांतों के युद्ध ने हालांकि हमें यह विश्वास नहीं दिलाया कि विचारों को बंदूक की नली के माध्यम से प्रचारित और प्रसारित किया जा सकता है। फिर भी ऐसे युद्धों में एक देश कम से कम दूसरे देशों के प्रति असहिष्णु या अमानवीय व्यवहार को अन्य व्यक्तियों के साथ दूर करने में विश्वास करता है। तीसरी श्रेणी आत्मरक्षा के युद्ध को युद्ध का एक स्वीकार्य संस्करण माना जाता है, क्योंकि किसी भी प्रकार की सरकार के लिए अपने नागरिकों को दूसरों से किसी भी तरह के खतरे या हमले से बचाना आवश्यक है। इस तरह के युद्ध हमेशा जायज होते हैं। भारत ने यही किया और ऑपरेशन सिंदूर एक नैतिक युद्ध बना। और रसेल के अनुसार, अंतिम श्रेणी प्रतिष्ठा के युद्धों की है, जहां राष्ट्रीय गौरव के लिए युद्ध लड़े जाते हैं। और यहां जीत या हार के परिणाम नेताओं के दिमाग या दिल में नहीं आते, बल्कि सिर्फ और सिर्फ गौरव या प्रतिष्ठा के बारे में सोचते हैं।अब नैतिक समाज का उद्देश्य मनुष्यों के जीवन को बचाना है, इस पृथ्वी को बचाना है। यदि जीवन का उद्देश्य जीना है, तो जीवित रहने की इच्छा को बनाए रखने से बेहतर कुछ नहीं है। परमाणु बम से ग्रस्त दुनिया ने शांति का सबसे अच्छा मॉडल महामारी के समय देखा था। शांति किसी एक के बजाय दोनों पक्षों को बचाती है और कोविड के समय में हर नागरिक न केवल खुद को, बल्कि साथी नागरिक को भी बचाने के लिए काम कर रहा था। मास्क शांति का प्रतीक बन गया। महाशक्तियां मनुष्य का उपयोग एक साधन के रूप में करतीं हैं जो हमलावर होने के साथ-साथ हथियार बेचने वाली भी हैं। भारत ने जिस तरह से संयम और सत्यता के साथ सिर्फ और सिर्फ आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया वह एक नैतिक युद्ध है। दुनिया के सभी देशों को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो आतंकवाद का विरोध करे और शांति और सद्भाव के रंग से इस विश्व को रंग दे। देर से सही पर विश्व समझेगा कि भारत अपने नागरिक को बचाना चाहेगा ही जो निर्दोष है जो शांति से जीवन जीना चाहता है। भारत के दर्शन की यह परीक्षा की घड़ी है, क्योंकि भारत युगों से शांति, सद्भाव और सुरक्षा का प्रतीक रहा है । जैसे दुष्टों को बातचीत से नहीं युद्ध से ही समझाया जा सकता है वैसी ही पाकिस्तान की सेना संचालित सरकार है पर वहां के नागरिकों और भारत में उनके समर्थकों को भी भारत की मजबूरी को समझना चाहिए।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## राज्य को एनईपी लागू करने के लिए हम बाध्य नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (हि.स.)**

सुप्रीम कोर्ट ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में तीन भाषा फार्मूले को लागू करने का दिशानिर्देश जारी करने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि कोर्ट किसी राज्य को नई शिक्षा नीति (एनईपी) लागू करने के लिए बाध्य नहीं कर सकता है। याचिका भाजपा नेता और वकील जीएस मणि ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि केंद्र सरकार की ओर से लागू की गई नई शिक्षा नीति को राज्य सरकारों का लागू नहीं करना जनहित में नहीं है और इससे नागरिकों के अधिकार प्रभावित होते हैं। याचिका में मांग की गई थी कि राज्य सरकारों को नई शिक्षा नीति लागू करने का दिशानिर्देश जारी



किए जाएं। याचिका में कहा गया था कि तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल के अलावा सभी राज्य सरकारों ने नई शिक्षा नीति को लागू किया है।

याचिका में कहा गया था कि केंद्र सरकार के कानून और योजनाएं सभी राज्यों पर लागू होती हैं। ऐसा करना सभी राज्य सरकारों का कर्तव्य है। याचिकाकर्ता ने कहा था कि मुफ्त शिक्षा संविधान की ओर से दिया गया मौलिक अधिकार है और ऐसे में इस योजना को स्वीकार करने से इनकार करके राज्य सरकार बच्चों को मुफ्त शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित कर रही है।

# पत्नी की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप, फरार

**पुलिस मामले की छानबीन में जुटी**




संवाददाता नवीन मेल

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र बुढ़ीबीर पंचायत के खरकटी में गुरुवार की रात पति रामू चौधरी ने 32 वर्षीया पत्नी चिंता देवी की हत्या कर फांसी से लटका दिया। घटना गुरुवार की रात आठ बजे की है। चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। मृतका चिंता देवी का मायका चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा में है। मृतका के तीन बच्चे हैं, जिनमें एक लड़की और दो लड़का है। मृतका के पिता रबदा निवासी मूसन चौधरी नें बताया कि 12 वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री चिंता देवी की शादी बुढ़ीबीर पंचायत के खरकटी निवासी रामू चौधरी के साथ की थी। पहले सब कुछ ठीक चल रहा था। करीब एक वर्ष पूर्व रामू चौधरी बाहर कमाने गया था। वह अपने घर बहुत कम पैसा सिर्फ समूह का लोन भरने के लिए भेजा करता था। बाकी खर्च के लिए पैसा नहीं भेजता था। एक महीने पहले वह घर आया था तो वह किसी महिला से लगातार फोन पर बात करता था। उसकी पत्नी चिंता देवी का आरोप था कि वह अपना सारा पैसा उस महिला को देता है। उस महिला के साथ मेदिनीनगर में घर लेकर रहता भी है। इसे लेकर पांच मई को चैनपुर थाना में चिंता देवी नें अपने पति रामू चौधरी के खिलाफ अवैध संबंध की शिकायत दर्ज करायी थी। इसके बाद चैनपुर पुलिस नें उसके पति रामू चौधरी को थाना बुलाकर डांट-फटकार कर बांड लिखवा कर वापस भेज दिया था। इस घटना के बाद मृतका की मां लीलावती देवी भी मृतका के घर उसके साथ रहने लगी थी। उनका कहना था कि रामू चौधरी अपनी पत्नी को कहता था कि तुमने थाना में मुझे पिटवाया है, इसीलिए तुम्हारे साथ संबंध नहीं रखेंगे। गुरुवार की रात सात बजे लीलावती देवी अपने घर रबदा गई थी। आठ बजे उसे खबर मिली की उसकी पुत्री का शव फांसी से लटका है। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि मृतका के पिता मूसन चौधरी के आवेदन के आधार पर मृतका के पति रामू चौधरी व ससुर बुटन चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कारवाई की जा रही है।

## टेंट का सामान लेकर जा रहा टेंपू पलटा, नाबालिक की मौत

**चैनपुर।** टेंट हाउस का सामान पहुंचा कर लौट रहा टेंपो अनियंत्रित होकर पलटने के कारण नाबालिग मजदूर की मौत हो गई है। नाबालिग मजदूर की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ गांव निवासी फखरुद्दीन मियां के 16 वर्षीय पुत्र इसराइल अंसारी के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह किन्नी खुटर गांव निवासी नसीम के टेंट हाउस में मजदूरी का कार्य करता था। टेंपो पर टेंट हाउस का सामान लाद कर बंजारी गांव गया था। समान उतार कर खाली टेंपो में डाला में सवार होकर वापस आ रहा था। इस क्रम में टेंपो चालक द्वारा लापरवाही से टेंपो चलाने के कारण टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस कारण नाबालिक मजदूर इसराइल की मौत पर ही मौत हो गई। मौके से टेंपो चालक फरार हो गया है। मृतक नाबालिक इसराइल मियां दो भाई एक बहन था।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में चला बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हुसैनाबाद में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह के दुष्परिणामों को समाज में उजागर करना और इसके उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरूआत एक जागरूकता सेमिनार से हुई, जिसमें विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बाल विवाह के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। सेमिनार में बाल विवाह के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यालय के छात्राओं और शिक्षिकाओं ने एक रैली आयोजित की, जिसमें बाल विवाह नहीं सहेंगे, किशोरियों को शिक्षा दो जैसे स्लोगन लिखे गए पोस्टर और बैनर के साथ भाग लिया। रैली में शामिल छात्राओं ने नारे लगाते हुए बाल विवाह के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। साथ ही एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बाल विवाह की समस्या को नाटक के रूप में किया और उसके सामाजिक असर को दर्शाया। नाटक में यह बताया गया कि कैसे बाल विवाह से युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ता है और यह समाज के लिए नुकसानदायक है। इसके अलावा विद्यालय में एक निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय द्वारा पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डन किरण कुमारी और अन्य शिक्षिकाएं भी मौजूद थीं। उन्होंने इस प्रकार के जागरूकता अभियानों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि समाज को बाल विवाह जैसी कुरीतियों से मुक्ति दिलाने के लिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी हैं। इस अभियान के माध्यम से विद्यालय ने बाल विवाह की समस्या को लेकर एक मजबूत संदेश दिया और इस पर नियंत्रण पाने के लिए सभी को मिलकर काम करने का आह्वान किया।

## परता में रैयतों का लगा एलपीसी प्रतिकरण शिविर



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड के परता पंचायत सचिवालय में भजनिया (मोहम्मदगंज) से दंगवार वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, रानीदेवा, अधौरा, हैदरनगर पथ निर्माण योजना में हितवद्ध रैयतों का अधिनिर्मित प्रतिकरण रकम का भुगतान कराने को लेकर शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें हैदरनगर के अंचल अधिकारी संतोष कुमार के निर्देश अंचल निरीक्षक सुनील कुमार, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया कमल कुमार पासवान सहित कई प्रतिनिधि के अलावा संबधित रैयतों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में संबधित रैयतों को एलपीसी देने और प्रमाणित वंशावली निर्गत करने का आदेश दिया गया है। जिससे इस पथ का निर्माण का मार्ग सुलभ और प्रशस्त हो सकेगा। आरसीडी के सहायक व कनीय अभियंता ज्ञान प्रकाश व नीतीश कुमार दुबे ने कहा कि इस प्रकिया को पूरा करने से मोहम्मदगंज, पंसा, रानीदेवा, हैदरनगर रोड निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य होगा। इस पथ निर्माण में अधिग्रहित भूमि मालिकों के साथ एलपीसी व वंशावली निर्गत के बाद अंतिम रुप देने के लिए प्रस्ताव लाया गया है। शिविर में उनके अलावा पंचम, महाबीर यादव सहित कई रैयत शामिल थे।

# पेयजल समस्या के निदान के लिए बीडीओ ने किया पंचायतों का निरीक्षण, दिए निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने जल समस्या को लेकर कई प्रखंड क्षेत्रों पंचायतों का निरीक्षण किया। उन्होंने यह दौरा भीषण गर्मी के कारण गांवों में पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए किया। इस दौरान उन्होंने हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महूदण्ड व डंडिला पंचायत के कई गांव का निरीक्षण कर जल समस्या का त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही कई खराब पड़े चापानल को ऑन स्पॉट मरम्मत भी कराया। बता दे कि क्षेत्र में जलस्तर गिरने से कई जलमीनार और चापानल खराब हो गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की समस्या बढ़ गयी है। ग्रामीण क्षेत्र के कई गांव पेयजल की कमी से जूझ रहे हैं। बीडीओ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल समस्या को लेकर प्रखंड कार्यालय गंभीर है। पेयजल समस्या के निदान के लिए सभी सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएचईडी का रिपेयरिंग वाहन द्वारा भी लगातार खराब पड़े चापानल को मरम्मत करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पूरी तरह खराब चापानल की सूची बनाकर पीएचइडी को मरम्मत के लिए भेजने का निर्देश दिया है। बीडीओ ने कहा कि पेयजल समस्या के निदान के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों को भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के करीब 45 खराब जलमीनार का मरम्मती कराया गया है। पेयजल समस्या को लेकर प्रखंड कार्यालय में ड्रॉप बॉक्स रखा गया है,जहां ग्रामीण क्षेत्र के लोग पेयजल की समस्याओं की जानकारी दे सकते हैं। प्राथमिकता के आधार पर उसका त्वरित रूप से निष्पादन किया जाएगा। मौके पर स्वच्छता कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह उपस्थित थे।

# फौजी भाई को ट्रेन चढ़ाने आये भाई की घर लौटने के क्रम में मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** थाना अंर्तगत सजवन गांव निवासी मनोज कुमार मेहता (32 वर्ष) की ट्रेन से कटकर मौत घटना स्थल पर ही हो गई। परिजनों के अनुसार मनोज अपने छोटे फौजी भाई अनुज कुमार मेहता (24 वर्ष) को रांची वाराणासी इंटरसिटी एक्सप्रेस में शुक्रवार सुबह चढ़ाने आया था। मिली जानकारी के अनुसार फौजी अनुज गर्मी की छुट्टी बीताने घर आया था। भारत-पाक युद्ध में सभी सेनाओं की छुट्टी तत्काल प्रभाव से रद्द किये जाने से अचानक डयूटी पर आने की सूचना मिलते ही योगदान देने के लिये हैदरनगर से एक ओर ट्रेन फौजी अनुज ने पकड़ा। दूसरी ओर उसके अग्रज मनोज कुमार मेहता उसे ट्रेन चढ़ाकर वाया हैदरनगर रेलवे गुमटी होकर घर वापस जा रहा था। इस दौरान रेल फाटक संख्या 50 सी पार करने के क्रम में दोनों ओर से मालगाड़ी की रेक आ रही थी। एक मालगाड़ी को तो मृतक ने देख लिया, पर दूसरी दिशा से आ रही ट्रेन को नहीं देखने से चपेट में आने से इसके शरीर के दो भाग कटकर अलग हो गये। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ पोस्ट जपला की पुलिस के दल पहुंच कर इस घटना की पूरी जांच पड़ताल की है। ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों की सहमति और पंचनामा कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पूरे गांव सहित आस पास का इलाका देश व फौजी की सहानुभूति में शोक में डूबा रहा है।

## पुलिस ने अवैध बोल्डर लदे हाइवा किया जब्त

**हरिहरगंज।** खनिज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पीपरा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विजय तारा पेट्रोल पंप समीप बालाजी क्रशर प्लांट के सामने एनएच 139 पर अवैध स्टोन बोल्डर लदे हाइवा को जब्त कर लिया। पीपरा थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि एनएच 139 पर वाहन जांच के दौरान बोल्डर लदे हाइवा से कागजात मांगने पर पर्याप्त कागजात नहीं दिखाया गया। इसके बाद हाइवा को जब्त कर लिया गया है। साथ ही अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया है। वाहन जांच अभियान में थाना के एसआई नकुल शर्मा सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त वातावरण में पूरी की गईः केंद्राधीक्षक

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल (जीसीपीए) कॉलेज में स्नातक सत्र 2023-27 के सेमेस्टर-2 व सत्र 2022-26 के सेमेस्टर-3 की परीक्षा नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के निर्देशन में 9 मई को संपन्न हुई। परीक्षा के अंतिम दिन 290 विद्यार्थियों में 269 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। 21 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में पूरी की गई। यह जानकारी केंद्राधीक्षक सह प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने दी। केंद्राधीक्षक ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर पुलिस प्रशासन, मजिस्ट्रेट रंजीत कुमार, कॉलेज कर्मियों के सहयोग से सभी परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता व अनुशासन के साथ संपन्न कराई गई। उन्होंने कहा कि अंतिम दिन परीक्षा के उपरांत समस्त कर्मियों के साथ बैठक कर परीक्षा की समीक्षा की गई और शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी वीक्षकों को बधाई दी गई। परीक्षा नियंत्रक प्रो. अमित कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों और कर्मियों को उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आगामी परीक्षाओं में भी इसी तरह का सहयोग बनाए रखने की अपील की। मजिस्ट्रेट रंजीत कुमार ने सभी कर्मियों की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। सभा के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया की समग्र समीक्षा की गई और भविष्य में भी इसी प्रकार अनुशासित वातावरण में परीक्षाएं कराने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान कॉलेज के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## चेन्नई कमाने गए मजदूर की करंट से मौत

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के लोकेया निवासी 35 वर्षीय मजदूर योगेंद्र प्रसाद चौरसिया पिता सकलदीप महतो की मौत चेन्नई में बुधवार की सुबह करंट लगने से हो गई। गुरुवार की रात योगेंद्र चौरसिया का शव चेन्नई से लोकेया आया। शव आते ही परिजन के चित्कार से पूरा गांव मर्माहत हो गया। वह दो महीना पहले ही चेन्नई राज मिस्त्री का काम करने गया था। मृतक के भाई व चेन्नई में साथ में काम कर रहे विनय चौरसिया नें बताया कि दोनों भाई चेन्नई राजमिस्त्री का काम करते थे। उसने बताया कि बुधवार की सुबह 7 बजे मृतक योगेंद्र प्रसाद चौरसिया घर में मोबाइल चार्ज में लगा रहा था तभी कटे हुए तार के संपर्क में आ जाने के कारण उनके शरीर में करंट सट गया। इस कारण उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक योगेंद्र प्रसाद चौरसिया के चार बच्चे हैं, इनमें तीन बेटी व एक बेटा है। वह परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शव घर आने पर स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, जिप सदस्य सदस्य रामलव चौरसिया, पंचायत के मुखिया पति सुनील चौरसिया सहित गांव के काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पीपल वृक्ष की पूजा से होता है दुःख का निवारण

**वैशाख पूर्णिमा पर विशेष**

## धर्मराज का व्रत पालन से अकाल मृत्यु का भय नहीं

उन्होंने कहा कि पुराण के अनुसार वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मृत्यु के देवता धर्मराज के व्रत के पालन करने के दौरान जल से भरा कलश, छाता,जूते, पंखा, सत्तू और पकवान का दान करने से व्यक्ति को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यह दान गोदान के समान फलदायक होता है। नारद पुराण के अनुसार इस दिन जितना अधिक दान उतने अधिक शुभ फल प्राप्त होते हैं।

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा आध्यात्मिक दृष्टिकोण से कई मायने में महत्वपूर्ण है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा की 11 मई को शाम 6 बजकर 55 मिनट पर शुरूआत होगी। 12 मई की शाम 7 बजकर 22 मिनट पर इसका समापन हो जाएगा। इसके आध्यात्मिक महत्व पर भीम चूल्हा मंदिर के पुजारी गंगा तिवारी ने संबंधित पुस्तकों के अध्ययन के आधार के आलोक में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में उदया तिथि का बड़ा महत्व है। ऐसे में इस बार 12 मई को वैशाख पूर्णिमा मनाई जाएगी। पूर्णिमा पर चंद्रोदय का समय शाम 5 बजकर 59 मिनट पर है। इस समय पर श्रद्धालू अर्घ्य अर्पण कर सकते हैं। उन्होंने कहा स्कंद पुराण के अनुसार ब्रह्मा जी ने वैशाख मास को अन्य सभी में श्रेष्ठ बताया है। इस वजह से भगवान विष्णु को यह अत्यंत प्रिय है। इस मास में पवित्र तीर्थ स्थलों पर स्नान, दान व पुण्य कर्म से मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा और पीपल पूर्णिमा के तौर पर भी मान्यता प्राप्त है। इस दिन का महत्व भगवान बुद्ध के साथ ही भगवान विष्णु को भी समर्पित है। पुराण के अनुसार महात्मा बुद्ध,भगवान विष्णु के नौवें अवतार माने गए हैं। भगवान बुद्ध को पीपल वृक्ष तले बोधिसत्व की प्राप्ति की वजह से पीपल पूर्णिमा के रूप में इसके वृक्ष की पूजा को दुःखों के निवारण का बड़ा माध्यम धार्मिक और प्राकृतिक दोनों ही दृष्टिकोण से बताया गया है।

## करोड़ों की लागत से बने सरकारी भवन बेकार पड़े

**मोहम्मदगंज।** सरकारी कोष और सरकारी भूमि का यहां किस तरीके से उपयोग किया गया है, इसके उदाहरण भरे पड़े हैं। रविवारीय साप्ताहिक बाजार लगता है, वहीं कभी अंग्रेज के जमाने का डाक बंगला हुआ करता था। कालांतर में ढ़हता हुआ जमींदोज हो गया। मगर अब उसी के खाली प्लॉट पर झारखंड अलग राज्य बनने के करोड़ों की लागत से कई भवन बने हैं। इनमें से पंचायत सचिवालय में वर्षों तक प्रखंड सह अंचल कार्यालय संचालित किए गए। मगर अब यूंही खाली पड़ा है। इसके संबंध में बताया गया कि मरम्मत के बाद अभी सिंचाई विभाग परिसर में संचालित पंचायत सचिवालय जल्द ही शिफ्ट हो जाएगा। इसके बाद राज्य में पहली पंचायती राज व्यवस्था में जिला परिषद मद से दो कतार में 16-16 दुकानों का निर्माण कराया गया। मगर, बताया गया कि अभी तक इनमें से 6 दुकान ही आवंटित किए गए हैं। बल्कि अब फिर से इनकी मरम्मत के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला परिषद के दूसरे कार्यकाल में इसी प्लॉट पर बस पड़ाव का निर्माण किया गया था। इसका कुछ काम बाकी रहने की बात कही जाती है। इसी तरह 30 मीट्रिक टन की क्षमता वाले कोल्ड स्टोर भवन को लेकर किसानों और व्यावसायियों की उम्मीदों पर पानी फिरती नजर आ रही है। इस प्रकार से इन 5 भवनों के अब तक उपयोग में नहीं लाए जाने की स्थिति जांच का विषय बन गया है।

# जेएसएलपीएस का जिला स्तरीय कार्य योजना सह समीक्षा बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** जेएसएलपीएस के जिला स्तरीय कार्य योजना सह समीक्षा बैठक जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता सी केरकेट्टा की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इसमें आगामी वर्ष 2025-26 का वार्षिक कार्य योजना बनाया गया। साथ वर्ष 2024-25 में सभी डोमेन कार्यों के आधार पर प्रखंड का रैंकिंग किया। इसमें प्रथम स्थान लेस्लीगंज, द्वितीय स्थान मेदिनीनगर, तृतीय स्थान पर विश्रामपुर प्रखंड रहा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा प्रथम स्थान पाने वाले लेस्लीगंज प्रखंड के बीपीएम सत्य प्रिय तिवारी को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला वित्त प्रबंधक इमरान अहमद, एमआईएस ऑफिसर मिथलेश कुमार, नवल किशोर, प्रवीण सिंह, नवनीत पांडेय,अख्तर अंसारी,वैभवकांत, अवकेश, शेखर लाल, संदीप मिश्रा सहित सभी बीपीएम, बीपीओ शामिल थे।

**सरकारी विद्यालयों का प्रखंड स्तरीय कैरम प्रतियोगिता संपन्न**

# बालक वर्ग में खालिद रजा, बालिका वर्ग में खुशबू कुमारी रही प्रथम



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** सरकारी विद्यालयों का प्रखंड स्तरीय कैरम बोर्ड प्रतियोगिता शुक्रवार को मेन रोड स्थित सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में संपन्न हुआ। जिसमें राजकीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कोकरो, कटैया, खड़गपुर तथा गिद्दी के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के अंडर 17 बालक वर्ग में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय गिद्दी के खालिद रजा ने प्रथम, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय खड़गपुर के अंश कुमार सिंह द्वितीय तथा सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के सत्यम कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कटैया की खुश्बू कुमारी ने प्रथम, प्रिया कुमारी ने द्वितीय तथा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय खड़गपुर की पिंकी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। अंडर 19 बालक वर्ग में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कोकरो के ओम कुमार प्रथम, सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के नितीश कुमार द्वितीय तथा विक्की कुमार तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कोकरो की प्रियंका कुमारी प्रथम, अंशु कुमारी तृतीय तथा सीता प्लस टू उच्च विद्यालय की नेहा कुमारी द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में खेल शिक्षक आलोक कुमार ने रेफरी का कार्य किया। सभी विजेता जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य अजय राय, खेल शिक्षक कौशर आलम, नवीन कुमार, शमशुल होता, विवेकानंद शर्मा, संगीता कुमारी के अलावा डा नागदेव यादव,डा राजकुमार,डा कन्हैया प्रसाद सिंह, नीरज सिंह, ऋषिकेश कुमार सहित कई शिक्षक तथा उपविजेता प्रतिभागी उपस्थित थे।

# न्यूज | बॉक्स

## प्रसिद्ध बराही धाम में भूमि पूजन को लेकर ट्रस्ट ने की प्रेस वार्ता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद बराही धाम में विश्व का सबसे ऊंचा 551 फिट का दुर्गा मंदिर एवं 151 फिट का नवग्रह मंदिर का भूमि पूजन 14 मई को होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर ट्रस्ट के लोग दिन रात जुटे हैं।शुक्रवार को हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष सह ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने बराही धाम परिसर में प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की रूप रेखा की विस्तृत जानकारी दी। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि क्षेत्र में विश्व विख्यात मंदिर निर्माण क्षेत्र वासियों के लिए गौरव की बात है।उन्होंने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई केंदीय मंत्री पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के लोगों ने राज्य के मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया है । इस कार्यक्रम को सफल बनाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इसमें तम मन धन से सहयोग करने का आग्रह किया। ट्रस्ट के सचिव सह जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि बुधवार से 51 घंटे का अखंड कीर्तन का कार्यक्रम जारी है। उन्होंने धर्म-प्रेमी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि इस दिव्य एवम ऐतिहासिक आयोजन में पधारकर माँ भगवती के चरणों मे अपना योगदान एवं उपस्थिति देकर इस महा अवसर के साक्षी बनें। शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से ही सफल होगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक कर सहयोग का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि इसका भूमि पूजन 14 मई 2025, दिन बुधवार, प्रातः 11:30 बजे आयोजित किया गया है।10 मई को साधु-संतों का आगमन एवं धर्म-संवाद का आयोजन,11 से 13 मई को भागवत कथा का वाचन पूज्या देवी गौरांगी गौरी जी द्वारा किया जाएगा। वही 13 मई शाम 3:00 बजे से अमृतसरी शोभा यात्रा एवं भव्य झांकी का आयोजन होगा। यह यात्रा बराही धाम से शुरू होकर दंगवार, जपला होते हुए पुनः बराही धाम परिसर में समाप्त होगी। इसके पश्चात भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह द्वारा भजन व भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र वासियों को इस कार्यक्रम में पहुंच कर सफल बनाने की अपील की है।

## एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**हरिहरगंज।** शहर के न्यू सब्जी मंडी स्थित नयन होटल के कम्युनिटी हॉल में शुक्रवार को एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका आयोजन नेशनल आइटीआइ कौआखोह द्वारा किया गया था। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो के प्रदेश मंत्री विश्वजीत पाठक उपस्थित थें। एक राष्ट्र एक चुनाव की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में अलग-अलग समय पर विभिन्न चुनाव का कराई जाती है। जिससे संसाधन, समय, तथा जनता की गाढ़ी कमाई की राशि का ह्रास होता है। देश में एक साथ लोकसभा, विधानसभा, निकायों व पंचायतों के चुनाव होना ही इसका एकमात्र समाधान है। इसके लिए सरकार के साथ-साथ लोग भी पहल कर रहे हैं। जिससे कि एक राष्ट्र एक चुनाव पॉलिसी देश में लागू हो सके। इस अवसर पर राजेश रंजन मिश्रा, अखिलेश मेहता, विजय प्रजापति, अवधेश मेहता, उदय कुमार सिंह, दिनेश गुप्ता, विनोद पासवान, विश्वदीप कुमार, गुड्डु कुमार, छोटू कुमार, बजरंग शौंडिक, धनेश सिंह, विजय सिंह, संजीत प्रसाद, गणेश यादव, लखन सिंह, शंभू सिंह, गोपाल मेहता, राजू शौंडिक, बबलू कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थें।

## सालाना उर्स का मुकाबला आज

**हुसैनाबाद।** जपला-हैदरनगर मुख्य पथ स्थित हजरत दाता पीर बख्श शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स पाक 10 मई को होगा। इस आशय की जानकारी उर्स कमेटी के अध्यक्ष एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां ने दी। उन्होंने बताया कि उर्स को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य इसमें जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि उर्स के मौके पर कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। कव्वाली कार्यक्रम हैदरनगर के बलडीहरी गांव निवासी सेठ इब्राहीम के सौजन्य से आयोजित होगा। सेठ इब्राहिम मुंबई से हुसैनाबाद पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि सेठ इब्राहिम के हुसैनाबाद स्थित आवास पर कार्यक्रम को लेकर कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई है। इसमें सुरक्षा समेत सभी बिदुंओं पर विचार विमर्श किया गया। इस मामले में प्रशिक्षु आइपीएस एस मोहम्मद याकूब याकूब ,एसडीओ गौरांग महतो व स्थानीय थाना प्रभारी को भी अवगत करा दिया गया है। कमेटी के सचिव आरजू खां ने बताया कि कार्यक्रम के लिए मैशहूर कव्वाला रौनक परवीन व मशहूर टीवी आर्टिस्ट कव्वाल बाबू गुलाम साबरी 10 मई को हुसैनाबाद पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि दोनो कलाकारों के साथ कमेटी ने एकरारनामा भी कर लिया है। कार्यक्रम को लेकर सदस्यों व आम लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव करेंगे। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों आमंत्रित किया गया है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में बैंकिंग योजनाओं की समीक्षा

# सरकारी योजनाओं के तहत ऋण वितरण की प्रगति व बैंकों की कार्यप्रणाली पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सरकारी योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता, ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया और बैंकों द्वारा प्रेषित आवेदनों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पलामू जिले का जमा अनुपात 40 प्रतिशत से ऊपर लाने के लिए रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार बैंकों के लिए एक्शन प्लान तैयार करने की बात की। उन्होंने बैंकवार लक्ष्य निर्धारित कर बैंकों को प्राथमिकता के तहत ऋण स्वीकृति के लिए कार्य करने का निर्देश दिया। सभी बैंकर्स को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि लाभार्थियों को ऋण योजना का लाभ मिले और विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर लोगों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाया जाए। इसके साथ ही, उपायुक्त ने बैंक कर्मचारियों को ग्राहकों के साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को ऋण उपलब्ध कराने, झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) से जुड़ी सखी मंडलों को ऋण प्रदान करने के लिए पहल करने की बात भी की। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मत्स्य संपदा योजना, लघु एवं मध्यम उद्योग ऋण, कृषि ऋण, और अन्य योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत करने, लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की पहुंच बढ़ाने के लिए बैंक शाखाएं खोलने हेतु बैंकों को प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा, रामगढ़ जिले के बैंक को क्रियाशील बनाने, और पांकी एवं महुडंड में नई बैंक शाखाएं खोलने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में लाभार्थियों के बीच वितरण, वार्षिक साख योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, और महिला स्वयं सहायता समूह जैसी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, नाबार्ड के डीडीएम सहित अन्य बैंकर्स भी उपस्थित थे। इधर, बैठक में पलामू जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने प्रधानमंत्री रोजगार लोन, मुद्रा लोन, केसीसी लोन आदि योजनाओं के तहत 100 प्रतिशत लोगों को लाभ देने पर जोर दिया। उन्होंने सभी बैंक शाखाओं को निर्देश दिया और कोताही न बरतने की चेतावनी दी। इसके साथ ही, ओझा ने रामगढ़ प्रखंड में एसबीआई शाखा के उद्घाटन के तीन साल बाद भी लेन-देन की सुविधाएं न मिलने का मुद्दा उठाया।

### अवैध पानी चोरी के खिलाफ निगम का अभियान, पांच मोटर जब्त

## नगर निगम की टीम ने अवैध पानी कनेक्शन व मोटर लगाने वालों के खिलाफ छापेमारी की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम टीम द्वारा अवैध पानी कनेक्शन और पानी चोरी करने वालों के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। इस दौरान अवैध रूप से पानी कनेक्शन लेने और मोटर लगाकर पानी का उपयोग करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है।

शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने शहर के पहाड़ी मोहल्ला, कुंड मोहल्ला और पनेरी गली में छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान सभी स्टैंड पोस्ट और कनेक्शनों की जांच की गई। टीम ने लोगों को यह चेतावनी दी कि वे केवल उचित कनेक्शन के माध्यम से जलापूर्ति का लाभ लें और अवैध रूप से मोटर लगाकर पानी की चोरी न करें।

जांच के दौरान पांच मोटर जब्त किए गए, जो पानी चोरी के लिए लगाए गए थे, और एक व्यक्ति को स्टैंड पोस्ट से पानी चोरी करते हुए पकड़ा गया। पानी चोरी करने वाले व्यक्तियों को जलापूर्ति कनेक्शन से संबंधित दस्तावेज के साथ नगर निगम में अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया है। दस्तावेजों के आधार पर उनके खिलाफ अर्थ दंड लगाया जाएगा।

इस अभियान में पाइपलाइन निरीक्षक छोटेलाल गुप्ता, पाइपलाइन मिस्त्री रविंद्र सिंह, नमित शाह, एंथोनी किशोर, मिथुन कुमार, जितेंद्र कुमार, गुड्डू कुमार सहित कई निगमकर्मी उपस्थित थे।

### आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सेना की साहसिक कार्रवाई की सराहना

## पाकिस्तान की साजिश को बेनकाब कर आतंक के खिलाफ कड़ा संदेश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** पाकिस्तान द्वारा पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या की घटना को लेकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक महासचिव पुष्कर महतो ने पाकिस्तान की साजिश का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह हमला युद्ध की आवश्यकता को साबित करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों ने ऑपरेशन सिंधूर के दौरान आतंकवादियों के अड्डों को नष्ट कर पाकिस्तान की दोगली नीतियों को बेनकाब किया।

सतीश कुमार, मोर्चा के केंद्रीय संयोजक, ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्यपूर्ण अभियान ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि भारत के नागरिक आतंकवाद के खिलाफ हैं, न कि किसी मुल्क के खिलाफ। उन्होंने सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह की तारीफ की, जो आतंकवादी अड्डों पर हमला करके पाकिस्तान को यह संदेश देने में सफल रही कि भारत का संघर्ष आतंकवाद से है, पाकिस्तान से नहीं।

उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान अपनी हरकतों से नहीं बाज आता, तो दुनिया को यह देखना पड़ेगा कि उसका नाम नक्शे से हटा दिया गया है।

पुष्कर महतो और सतीश कुमार ने भारतीय सैनिकों के साहस और शांति के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह को सलाम किया, जो इस सफल अभियान का हिस्सा थीं।

### मनरेगा योजना अंतर्गत 30 ग्राम रोजगार सेवकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में एवं विधायक चतरा जनार्दन पासवान, विधायक सिमरिया कुमार उज्ज्वल दास, जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी के उपस्थिति में संविदा आधारित मनरेगा योजना अंतर्गत 30 ग्राम रोजगार सेवकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित नवनियुक्त ग्राम रोजगार सेवक को बधाई देते हुए सभी ने कहा आप सभी अपने कार्य क्षेत्र में जाएंगे और ईमानदारी पूर्वक मेहनत और लग्न के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें। मनरेगा योजना भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है।

## एबीवीपी ने विश्वविद्यालय को सौंपा ज्ञापन, परीक्षा फॉर्म व कैलेंडर को लेकर उठाई मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



● छात्र हित में सेमेस्टर परीक्षा समय पर लेने और वंचित छात्रों को अंतिम अवसर देने की अपील

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की मेदिनीनगर इकाई ने शुक्रवार को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। परिषद ने मांग की कि यूजी सेमेस्टर-1 सत्र 2024-28 के ऐसे छात्र जो किसी कारणवश परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए हैं, उन्हें एक अंतिम अवसर दिया जाए, ताकि वे परीक्षा में शामिल हो सकें।इसके साथ ही एबीवीपी ने विश्वविद्यालय से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द परीक्षा का वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित किया जाए, ताकि छात्र समय से अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। परिषद ने यह भी आग्रह किया कि सत्र 2023-27 के तहत सेमेस्टर-3 की परीक्षा इस वर्ष के अंत तक ली जाए, जिससे सत्र नियमित रूप से संचालित हो सके।प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने कहा कि समय पर परीक्षा न होने के कारण छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। विश्वविद्यालय को चाहिए कि वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम को समयबद्ध तरीके से जारी करे। उन्होंने कहा कि परिषद छात्रों के भविष्य को लेकर सदैव गंभीर रही है और आगे भी छात्रहित के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश कल्याण छात्रावास प्रमुख रामाशंकर पासवान, जिला संयोजक नीतीश दुबे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव, नगर मंत्री उत्कर्ष तिवारी, सह मंत्री गगन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अभिभावकों से अपील, बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें

## बैक टू स्कूल कार्यक्रम के तहत बच्चों को विद्यालय भेजने का किया आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने "रुआर-2025 बैक टू स्कूल" कार्यक्रम के तहत रजवाडीह गांव के केवालटोला का भ्रमण किया। इस दौरान सहायक अध्यापक विजय कुमार ठाकुर भी उनके साथ थे। प्रधानाध्यापक ने अभिवंचित वर्ग के अभिभावकों से मिलकर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई, खेल और खाने की सारी व्यवस्थाएं निःशुल्क हैं, फिर भी कई अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेजते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि बहुत से बच्चे बकरी चराने, घर की देखभाल करने या माता-पिता के साथ पलायन करने के कारण विद्यालय नहीं जाते। इस पर उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ न करें और उन्हें शिक्षा के इस महत्वपूर्ण अवसर को गंवाने न दें। प्रधानाध्यापक ने कहा, "यह समय बच्चों के पढ़ाई का है। इसे किसी भी हाल में खोने से बचाएं और बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें।"

## पूर्व सैनिक सेना के आदेश की प्रतीक्षा में : कर्नल संजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व सैनिक सह पलामू जिले में राजनैतिक कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि कश्मीर घाटी में 28 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या का प्रत्युत्तर भारत की सेना ने पाकिस्तान पोषित आतंकियों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्रभावी तरीके से दिया है। आतंकी करतूत ने भारत सरकार को कड़े फैसले लेने को बाध्य कर दिया है। पलामू जिला सहित देश के पूर्व सैनिक भारतीय सेना के आदेश की प्रतिक्षा में हैं। आदेश मिलते ही पूर्व सैनिक आतंकवाद का समूल नाश की लड़ाई में अपना योगदान देने के लिए सीमा की ओर कूच कर जाएंगे। कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने आज तक पाकिस्तान को पूर्णतः प्रजातांत्रिक देश बनने ही नहीं दिया। आज भी पाकिस्तान में अप्रत्यक्ष रूप से ऑटोक्रेटिक शासन कर रहा है। इस बार भारत पाकिस्तान से आर पार की लड़ाई के मूड में है। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में अपने साहसी कार्रवाई के लिए भारतीय सेना बधाई के पात्र है। 1971 के बाद पहली बार भारत ने अपनी आक्रामकता दिखाते हुए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित आतंकी कैंप और एयर डिफेंस सिस्टम को बर्बाद कर दिया है। यह भारतीय सेना की आधुनिकता का परिचय है। कर्नल संजय ने कहा कि अभी भी सिर्फ झारखंड में ही 2000 से ज्यादा सैनिक 60 वर्ष से कम उम्र के हैं, जिनका उपयोग जरूरत पड़ने पर सेना ले सकती है।.

## सरना धर्मकोड को लेकर झामुमो का धरना-प्रदर्शन स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता**

● झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 9 मई को प्रस्तावित राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया है

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 9 मई को राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन का प्रस्तावित कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण यह निर्णय लिया गया। यह जानकारी पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य धीरज दुबे ने दी। उससे पहले गुरुवार को केंद्र सरकार से जनगणना में सरना धर्म कोड को शामिल करने की मांग को लेकर जिला कार्यसमिति की बैठक हुई थी। पार्टी ने निर्णय लिया था कि जब तक सरना धर्म कोड लागू नहीं होता तब तक झारखंड में जनगणना नहीं होने दी जाएगी। बैठक में केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे, तनवीर आलम, अनिता दत्त, अंजली गुप्ता, कंचन साहू, चंदन जायसवाल, संजय सिंह छोटू, फुजैल अहमद, सत्य प्रकाश कुमार सुड्डू, अरविंद यादव, रितेश तिवारी, अतहर अली अंसारी सहित दर्जनों नेता मौजूद थे।

### सोन नदी से पेय जलापूर्ति योजना का नहीं मिल रहा लाभ

**केतार।** जिला अंतर्गत प्रखंड के खैरवा गांव स्थित सोन नदी से जलापूर्ति योजना का लाभ अभी तक लोगों को नहीं मिल रहा है। यहां से जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाने की योजना प्रस्तावित है। सोन नदी हर घर नल से पानी पहुंचाने की योजना अधर में लटकी हुई है। साथ ही बड़े पाइप को रखने के लिए बनाए गए ब्रिज में भी दरार आ गया है। पानी की आपूर्ति शुरू नहीं होने के कारण लोगों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। योजना शुरू नहीं होने से भीषण गर्मी में पानी के अभाव में कई गांवों में हाहाकार मचा हुआ है।

### बुजुर्ग दंपति को नहीं मिली पेंशन

**चैनपुर।** प्रखंड के सलतुवा पंचायत स्थित कुमनी गांव निवासी तपेश्वर भुइयां 70 वर्ष प उनकी पत्नी शारदा देवी 68 वर्ष को वृद्धापेंशन का लाभ नहीं मिलने के कारण काफी परेशान है। तपेश्वर भुइयां बताते हैं कि पिछले कई वर्षों से वे वृद्धपेंशन बनवाने को लेकर जनप्रतिनिधि व संबंधित पदाधिकारी से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें वृद्धापेंशन का लाभ नहीं मिला है। इस कारण उन्हें अपने जीवन यापन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि उन्हें वृद्धापेंशन बनाने के लिए कुछ पैसों की भी मांग किया गया था। पैसे नहीं होने के करण उनका वृद्धापेंशन अभी तक नहीं बन पाया है।

## युवा नेता ने वीर सैनिकों के साहस की सराहना की

**नवीन मेल संवाददाता**



● युवा नेता विनीत पांडेय ने भारतीय जवानों की वीरता और बलिदान पर गर्व जताया

**मेदिनीनगर।** युवा नेता विनीत पांडेय ने कहा कि हमें अपने जांबाज जवानों पर गर्व है। उन्होंने कहा, "आज भारत की ताकत पूरी दुनिया देख रही है। आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में हमारे देशवासियों पर किए गए हमले की क्रूरता अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण थी, लेकिन अब हमारे वीर सैनिक उनका बदला ले रहे हैं।"

विनीत पांडे ने भारतीय सेना और सरकार के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से शुरू हुआ इन आतंकवादियों का इलाज बहुत ही प्रभावी तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने भारतीय सेना और सरकार दोनों को इस सफलता के लिए अभिनंदन किया और कहा, "महान भारत देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की आवश्यकता है।"

उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमारे नायकों ने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी शहादत दी है। अंत में, उन्होंने अपने सैनिकों को वीरता के लिए हार्दिक अभिनंदन किया और कहा कि हम सभी देशवासी इस बेहतरीन कदम के लिए अपने सैनिकों के साथ हैं।

## गर्मी ने दिन भर सताया, हल्की बारिश से शाम को मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को सुबह से तेज गर्मी के बीच, शाम को हुई हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दिनों में भी मौसम ऐसा ही रहेगा, जहां हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय में आसमान पर बादलों की आवाजाही तो रही, लेकिन तेज धूप के कारण तापमान में वृद्धि हुई। दोपहर तीन बजे के बाद आसमान में बादलों की गतिविधियां बढ़ीं और हवाएं तेज हो गईं। इसके बाद करीब साढ़े चार बजे से गरज के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई, हालांकि यह बारिश रुक-रुक कर होती रही और तेज बिजली भी कड़कती रही। मौसम विभाग के मुताबिक, दो पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण जिले में गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। विभाग ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक लगातार बादलों की आवाजाही रहेगी और बीच-बीच में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिससे रात्रिकालीन तापमान में गिरावट की संभावना है। मौसम केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि शाम की बारिश के बाद अधिकतम तापमान घटकर 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे लोगों को ठंडी हवाओं के साथ गर्मी से काफी राहत मिली। इस दौरान 1.4 मिमी बारिश दर्ज की गई।



## 11 दोपहिया वाहन जब्त 30,600 रुपये का फाइन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर स्थित छः मुहान पर आज एक वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें चार पहिया और दोपहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान कई दोपहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट और लाइसेंस के पाए गए, जबकि कुछ वाहन ट्रिपल लोड थे।

इस दौरान कुल 11 दोपहिया वाहन जब्त किए गए।

सभी वाहनों को पकड़कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है, और उन पर चालान व फाइन लगाने के लिए जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया है।

जिला परिवहन कार्यालय पलामू से मिली जानकारी के अनुसार, 09 मई 2025 को 12 दोपहिया मोटरसाइकिल वाहनों का चालान फाइन राशि 25,000 रुपये, 03 ई-रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ियों का चालान फाइन राशि 44,50 रुपये और 01 कार का चालान फाइन राशि 1,150 रुपये आया।

इस प्रकार, कुल चालान फाइन राशि 30,600 रुपये वसूली गई है।

## एक नजर

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हो रहा निःशुल्क इलाज

**रंका।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रतिदिन निःशुल्क सभी रोगों का इलाज हो रहा है। इस संबंध में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के जिला नोडल आयुष कम्युनिटी ऑफिसर डॉ. जितेंद्र यादव ने बताया कि रंका पुराने अस्पताल के पास आयुष्मान आरोग्य मंदिर है। वहां पर पुरुष व महिलाओं का सभी प्रकार के रोगों का इलाज निःशुल्क कर दवाभ भी निःशुल्क दिया जाता है। उन्होंने कहा कि रंका अनुमंडल के सभी प्रखंडों से यहां पर लोग इलाज कराने पहुंचते हैं। मौके पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कंपाउंडर रमेश राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के पुरानी बाजार में पिछले चार दिनों से चल रहे बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुक्रवार को धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन मंदिर परिसर में हवन यज्ञ के साथ महा भंडारा का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ कार्यक्रम में गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इससे पहले कथा वाचक डॉ. अरुण शास्त्री सुमन महाराज द्वारा श्रोताओं के बीच कथा प्रस्तुत किया गया। राम विवाह,16 श्रृंगार, आबटन माडो के साथ लावा मेरावन जैसे वैवाहिक रस्म की कथा सुनायी। इसके अलावा कुंवारी कन्याओं के रहन-सहन और पहनावा कपड़ों पर भी उन्होंने प्रकाश डाला।उन्हें बताया कि जिस कपड़ा को पहनने में स्वयं अच्छा न लगे वह दूसरों को अच्छा कैसे लग सकता है, इसलिए उसकी अच्छाई और बुराई को स्वयं समझे उसके बाद उसे अपने शरीर के ऊपर डालें। मौके पर मंदिर निर्माण कमेटी के पदाधिकारी रामनाथ साह, रामगुलाम साह, बुद्धि नारायण प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### जेएमएम ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई



**भवनाथपुर।** वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई द्वारा चुनावी कार्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मौके पर ब्रजेश कुमार सिंह व लल्लू राम ने महाराणा प्रताप की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि उन्होंने अपने अदम्य साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम के कारण मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके। उनका जीवन आज भी प्रत्येक भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति नारों और झामुमो के एकजुटता संदेश के साथ हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड सचिव अजीमुद्दीन शेख ने की। मौके पर झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, उपेन्द्र चौबे, शमशेर अंसारी, शैलेन्द्र गुरु, राजकुमार यादव, विजय राउत, मंटु सिंह, बैकुंठ यादव, नॉलेज पासवान, रामपृत राम, लालमणि सिंह, जवाहिर साह, दिनेश्वर साह, रक्ष्या यादव, हस्ते आलम समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और झामुमो समर्थक उपस्थित थे।

# अबुआ आवास योजना में गलत लाभुकों के चयन मामले में दोषी लिपिक व लेखा सहायक का स्थानांतरण

**◀◀ उपायुक्त ने आयोग्य लाभुकों से निर्गत राशि वसूली का दिया निर्देश**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने केतार प्रखण्ड के परती कुशवानी पंचायत के ग्राम परती कुशवानी अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ दिए जाने का मामला संज्ञान में आया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी केतार द्वारा मामले की जांच कराने के बाद अबुआ आवास अयोग्य लाभुकों को दिए जाने की शिकायत सत्य पाया गया है। उक्त मामले में आयोग्य लाभुकों को लाभ दिलाने में लिपिक रिजवान अंसारी,अंचल कार्यालय केतार, लेखा सहायक (मनरेगा) जितेन्द्र कुमार रजक प्रत्यक्ष रूप से दोषी पाए गए। इसके लिए इन लोगों के विरूद्ध प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्रवाई किया गया है। मो. अंसारी को तत्काल प्रभाव से नगर उंटारी अंचल में पदस्थापित किया गया। साथ ही उनके विरूद्ध प्रपत्र क गठित कर विभागीय कार्रवाई संचालित करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी केतार को दिया गया। इसी तरह जितेंद्र कुमार रजक को केतार से डंडई में स्थानांतरित किया गया है। उपायुक्त ने उक्त मामले में अयोग्य लाभुकों को निर्गत राशि शीघ्र वसूली कराने का निर्देश भी प्रखंड विकास पदाधिकारी केतार को दिया है। यदि निर्धारित समय में राशि की वसूली नहीं होती है तो संबंधित लाभुकों व दोषियों के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी। इस मामले में मुखिया का प्रत्यक्ष गलती नहीं पाया गया। इसलिए मुखिया को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण से मुक्त किया गया है। चेतावनी दिया गया है कि पंचायत के अध्यक्ष होने के कारण इनको आवास योजना के योग्य व अयोग्य लाभुकों की जानकारी होना आवश्यक है। जैसे ही अयोग्य लाभुकों का चयन होता है, तो इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवश्य दे।

### राशि लेकर अबुआ आवास का निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले 47 लाभुकों पर बीडीओ ने प्राथमिकी दर्ज करायी

**डंडई।** अबुआ आवास योजना की पहली किस्त की राशि लेकर अब तक आवास योजना का निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले प्रखंड क्षेत्र के 47 लाभुकों के खिलाफ शुक्रवार को डंडई थाना में बीडीओ देवलाल करमाली ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी दर्ज हुए लाभुकों में प्रखंड के सभी पंचायतों के लाभुको का नाम शामिल है। बीडीओ देवलाल करमाली ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि २ वर्ष पूर्व २०२३-२४ में संबंधित लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया था। लेकिन अभी तक उनके द्वारा पहली किस्त की राशि के आलोक में काम शुरू नहीं किया गया है। इसके पूर्व राशि जमा करने को लेकर उक्त लोगों को दो बार नोटिस भेजा गया है, बावजूद उक्त नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। लाभुकों न तो योजना का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया और न ही खाते में हस्तांतरित राशि को प्रखंड के नजारत खाता में जमा किया गया। बीडीओ की कार्रवाई से प्रखंड क्षेत्र के वैसे लाभुको के बीच हड़कंप मच गया है। बीडीओ ने बताया कि २ वर्ष पूर्व प्रखंड क्षेत्र के योग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया था। उनमें 47 ऐसे लाभुक निकले जिनके द्वारा अभी तक निर्माण कार्य को शुरु ही नहीं कराया गया। उनके खाते में हस्तांतरित की गई राशि भी निकाल लिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में स्कूल रूआर कार्यक्रम के तहत अतिथि भोजन का आयोजन

**खरौंधी।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित स्कूल रूआर कार्यक्रम के अंतर्गत खरौंधी प्रखंड के स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में 13वें दिन अतिथि भोजन कार्यक्रम का आयोजन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों, शिक्षकों, गणमान्य व्यक्तियों और जनप्रतिनिधियों को विशेष भोज कराया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पहली बार विद्यार्थियों को मटर, पनीर, पुरी, पापड़, सलाद और केला जैसे लजीज व्यंजन परोसे गए। स्वादिष्ट भोजन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत राजी के मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए बच्चों से मिड डे मील को लेकर फीडबैक लिया, जिस पर बच्चों ने एक स्वर में कहा कि अब एक महीने से हमें बहुत अच्छा भोजन मिल रहा है। इस अवसर पर राजी पंचायत के समाज सेवी नरेश पासवान, वार्ड प्रतिनिधि बाबूलाल पटेल, उप मुखिया आलोक कुमार, रोहित कुमार पासवान, विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष उमेश मेहता, प्राथमिक विद्यालय लोहबंधा के प्रभारी रामचंद्र चौधरी, पूर्व शिक्षक मनोज कुमार सिंह, जमालउद्दीन, देवाशीष चौबे,आलोक कुमार चौबे समेत सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना में प्राप्त शिकायतों की जांच शुरू

**विशुनपुरा।** गढ़वा विशुनपुरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शुक्रवार को कृषि निदेशक झारखंड सरकार रांची के निर्देश पर पीएम किसान योजना में हुए अनिमियतता की शिकायत की जांच उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जांच दल द्वारा फर्जी किसानों की जांच की गई। जांच कर्ता जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद ने बताया कि हम लोग अभी यहां पीएम किसान सम्मान निधि योजना की प्राप्त शिकायत की जांच करने आए थे। देखा गया कि प्रखंड के कई गांव के पते पर दूसरे प्रखंड जिले सहित दूसरे राज्य के फर्जी किसान लाभ ले रहे हैं। जिनसे फोन पर संपर्क करने पर पता चला कि कई लाभुक यहां से बाहर के रहने वाले पाए गए। विशुनपुरा अंचल के पता पर पंजीकरण कराकर पीएम किसान योजना का लाभ ले रहे थे। जांच चल रही। इसकी पूरा आंकड़ा अभी बताना संभव नही हैं। फर्जी लोगों की लिस्ट तैयार की जा रही है। उसके बाद उनके ऊपर नीलाम पत्र जारी कर राशि वसूला जायेगा। उन्होंने बताया कि कुछ लाभुक अंचल क्षेत्र के रहते हुए भी बाहर जाकर दूसरे जगह का पता बदल लिए हैं, जो यहां गलत साबित हो रहा है। जिसे ग्राम स्तर पर जांच कर चिन्हित किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि वैसे अयोग्य लाभुक जिनके खाते में पीएम किसान योजना की राशि गई है। उन्हें चिन्हित कर सर्टिफिकेट केस की कार्रवाई आरम्भ की जा रही है। बताते चले कि पीएम किसान योजना में फर्जी किसानों की शिकायत जिला परिषद सदस्य शम्भू राम चंद्रवंशी द्वारा किया गया था। जिसमें पूर्व सीओ संदीप कुमार मधेसिया पर आरोप लगाया गया है कि 8 महीने के कार्यकाल में 7 हजार किसानों का फर्जी पंजीकरण किया गया था।

## समय से नहीं खुलता बीआरसी, शिक्षकों में नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रखंड मुख्यालय बाजार परिसर में स्थित बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) का संचालन तय समय पर नहीं हो रहा है, जिससे दूरदराज से पहुंचने वाले शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीआरसी में कुल 9 स्टाफ की पदस्थापना की गई है, जिनका दायित्व विद्यालय संचालन, मध्याह्न भोजन की निगरानी और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करना है। इसके बावजूद बीआरसी का समय पर संचालन नहीं हो रहा है। शुक्रवार को बीआरसी सुबह 10:13 बजे चपरासी अजीत कुमार राम द्वारा खोला गया। लेकिन 10:40 बजे तक चपरासी को छोड़कर कोई भी अन्य कर्मचारी उपस्थित नहीं था। यह तब है जब शिक्षा विभाग ने बीआरसी और विद्यालयों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य कर दिया है, ताकि उपस्थिति पर निगरानी रखी जा सके। खरौंधी बीआरसी में इस आदेश का पालन नहीं हो रहा है और न ही किसी स्टाफ के खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है। इस लापरवाही से प्रखंड के शिक्षक और स्थानीय जनप्रतिनिधि आक्रोशित हैं। पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा नेता जितेंद्र प्रसाद यादव ने कहा शुक्रवार को बीआरसी पहुंचे थे, लेकिन 11 बजे तक वहां केवल चपरासी ही मौजूद था। कोई कर्मचारी नहीं मिला। खरौंधी बीआरसी का संचालन समय पर नहीं होता है। यहां के स्टाफ बायोमेट्रिक उपस्थिति भी नहीं बनाते, फिर भी वेतन नियमित रूप से जारी हो रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को इसकी जांच कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा हम बीआरसी के समक्ष जन आंदोलन को बाध्य होंगे।

**जांच कर कार्रवाई की जायेगी: बीईईओ**

बीईईओ प्रतिभा कुमारी ने कहा कि इसकी जानकारी हमें नहीं है। अगर बीआरसी का संचालन समय से नहीं हो रहा है और स्टाफ बायोमेट्रिक अटेंडेंस नहीं बना रहे हैं, तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर शुक्रवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई व समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास, भूमि सीमांकन, नामांतरण, मजदूरी बकाया भुगतान, मुआवजा, रोजगार, नौकरी देने समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी गई। रमकंडा प्रखंड के बरवा निवासी सुशीला कुजूर ने शिकायत किया कि जन वितरण प्रणाली दुकान गुलाब महिला समूह बरवा द्वारा उन्हें कई महीनो से कम राशन दिया जा रहा है। कांडी प्रखंड के ग्राम हरिगांवा निवासी काशीनाथ साव ने स्वयं को अनुसेवक के पद पर रखने का अनुरोध किया है। चंद्र किशोर सिंह सहायक शिक्षक उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीरबांध रंका ने वेतन भुगतान करने के संबंध में अनुरोध किया है। सगमा के कटहरकला निवासी प्रतिमा कुमारी ने मनरेगा अंतर्गत कूप निर्माण योजना का लंबित मजदूरी भुगतान करने के संबंध में अनुरोध किया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने आमजनों से प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।



### संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत

**रंका।** पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण मनोज कुमार साह की शुक्रवार को संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टामार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि 32 वर्षीय मनोज कुमार अपने मामा के घर शादी में गया था। वह अपने घर रंका लौट रहा था। वह करसो गांव के पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर छटपटा रहा था। ग्रामीण ने तत्काल ही उसे रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भर्ती कराया। वहां डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत कैसे हुई है उसका पुलिस अनुसंधान कर रही है।

## मुख्य पथ तक अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** चंदनी गांव के छपटिया टोला से मुख्य पथ तक अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को अंचल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। धरना का नेतृत्व आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी ने किया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने छपटिया टोला से चंदनी मोड़ होतेअंचल कार्यालय तक पैदल मार्च निकाल कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। धरना स्थल पर अंचलाधिकारी गौतम कुमार लकड़ा, बीडीओ रवींद्र कुमार, प्रखंड प्रमुख आभा रानी की उपस्थिति में ग्रामीणों ने पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। अंचलाधिकारी ने 20 मई तक छपटिया टोला पथ को अतिक्रमण मुक्त कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त हुआ। गोरखनाथ चौधरी ने चेतावनी दी कि यदि समय सीमा के अंदर कार्रवाई नहीं हुई, तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तीन वर्षों से अतिक्रमण हटाने की मांग की जा रही है, लेकिन कुछ दबंगों द्वारा सड़क पर कब्जा कर घर बना लिया गया है, जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस अतिक्रमण के कारण बोरिंग की गाड़ी, एंबुलेंस, शादी-ब्याह और आपातकालीन वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा है। फसलें बर्बाद हो रही हैं और शुद्ध पेयजल की भी किल्लत है। मांगपत्र में एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने, दोषियों पर प्राथमिकी, फसल क्षतिपूर्ति और पेयजल की व्यवस्था की मांग की गई। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पीएलवी ने ग्रामीणों के बीच अभियान चलाया

**रंका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की निभा रंजना लकड़ा के निर्देश पर प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत के पीएलवी राजेश कुमार चौधरी व सीनियर पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने डोर टू डोर अभियान के तहत पिपराडामर गांव में पहुंचे। वहां पर विभिन्न लोगों से संपर्क किया। गांव के वार्ड सदस्य गोविंद लकड़ा पत्नी अनुपा कच्छप ने बताया कि विश्रामपुर के पिपराडामर गांव में हाथियों के झुंड को देखा जा रहा हैं। 50 से ज्यादा की संख्या में खुथवा मोड़, पिपराडमर, बास्कटियां के जंगलों में हाथियों को घूमते और डैम में पानी पीते देखा जा रहा है। इस घटना की जानकारी के बाद इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। इसी प्रकार कई दिनों से विश्रामपुर व भंवरी इलाकों में हाथियों के झुंड द्वारा उत्पाद मचाने की सूचना प्राप्त हो रही हैं।

### सड़क किनारे वाहन खड़ी करने व दुकान लगाने वाले को सख्त निर्देश

**रमना।** राष्ट्रीय राजमार्ग-75 पर भगत सिंह चौक से सर्वेशवरी चौक तक अव्यवस्थित यातायात से लगने वाले जाम के समस्या को दूर करने के लिए स्थानीय प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार को सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय, थाना प्रभारी आकाश कुमार ने संयुक्त रूप से मुख्य पथ में दलबल के साथ निरीक्षण कर दुकानदारों,वाहन चालकों को सड़क से अतिक्रमण मुक्त रखने की चेतावनी दी है। यातायात नियमों का अनुपालना नहीं करने व सड़क किनारे वाहन और दुकान लगाने से जाम की समस्या अक्सर होते रहता है। प्रशासन ने कहा कि दुकानदार अपने दुकान को सड़क तक नहीं लगाए। साथ ही सड़क किनारे कोई भी वाहन खड़ा नहीं करें। इन्हीं दो कारणों से जाम की समस्या होती है। यातायात निदेशों का पालन न करने वालों के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की चेतावनी दी है। इसके अलावा मुख्य मार्ग के साथ गलियों और मोहल्लों की सड़कों को भी निर्बाध यातायात के लिए खाली रखने का आदेश दिया गया है। प्रशासन ने लावारिस हालत में खड़े वाहनों के खिलाफ भी सख्ती बरतने का फैसला लिया है। सीओ व थाना प्रभारी ने बताया कि जाम की समस्या से निपटने के लिए नियमित निगरानी की जाएगी और उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना सहित कानूनी कारवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि दुकान के सामने बड़े माल वाहक वाहनों को खड़ा कर माल उतारने और चढ़ाने का काम सुबह या देर शाम करें। ऐसे वाहनों के खड़े होने से यातायात प्रभावित होने की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अभियान: अवैध शराब पर एसडीएम की तीसरे दिन भी कार्रवाई**

# अवैध देशी शराब की आधा दर्जन भट्टियां ध्वस्त

**◀◀ एसडीएम की गाड़ी देख नशे के व्यापारी भाग खड़े हुए**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा अवैध शराब के व्यापार पर कड़ाई जारी है। शुक्रवार को उन्होंने एक सप्ताह के अंदर तीसरी बार दुलदुलवा गांव जाकर गोपनीय तरीके से छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान उन्हें आधा दर्जन अवैध शराब भट्ठियों में शराब बनते हुई मिली। मिनी फैक्ट्रियों की शक्ल में जहर रूपी अवैध शराब की धधकती हुई भट्ठियां खुले आसमान के नीचे सरेआम चलते देखकर एसडीएम ने बिना पुलिस को बुलाए ही अपने चालक व अंगरक्षकों की मदद से सभी भट्ठियों को नेस्तनाबूत कर दिया। कुछ मिट्टी के जर्जर घरों में रखे महुआ जावा को भी सड़क पर बहा दिया गया। उल्लेखनीय है कि इस गांव में एसडीएम द्वारा इस सप्ताह में पहले भी दो बार कार्रवाई की जा चुकी है। तीसरे दिन की कार्रवाई में लगभग 700 किलो अर्धनिर्मित शराब व लगभग 20 लीटर निर्मित शराब को मिट्टी में मिला दिया। इस दौरान कुछ ग्रामीणों को उन्होंने खेतों में दौड़ते हुए पीछा करने का प्रयास किया, ताकि गांव में चल रहे पूरे सिंडिकेट के बारे में अधिक जानकारी मिल सके। लेकिन कोई पकड़ में नहीं आया। उन्होंने उत्पाद विभाग और मेराल थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि इस गांव में तीन दिन लगातार छापेमारी के बावजूद भी शराब का निर्माण कार्य पूरी तरह बंद नहीं होना इस बात का प्रतीक है कि इस गांव में शराब माफिया की जड़ें बहुत गहरी हैं। इसलिए इस गांव को अवैध शराब के कलंक से मुक्ति दिलाने के लिए जरूरी है कि वहां पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी नियमित तौर पर रहे। एसडीएम में कहा कि उनके अनुमंडल क्षेत्र में यदि किसी भी गांव में संगठनात्मक रूप से इस प्रकार के अवैध शराब के मिनी संयंत्र मिलते हैं तो संबंधित मुखिया और चौकीदार पर भी जिम्मेदारी तय की जायेगी। दुलदुलवा गांव के साव टोला के कई घरों में अवैध शराब का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से कारोबार होता है। उन्होंने कहा कि यह गांव संभवतः पूरे पलामू प्रमंडल में शराबखोरी के मामलों के लिए जाना जाता है। यहां से गढ़वा अनुमंडल सहित बाहर भी अवैध देशी शराब भेजी जाती है। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के आम नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें इस प्रकार के अवैध शराब के संगठित माफियाओं की जानकारी है तो सदर अनुमंडल के हेल्पलाइन नंबर 6203 263175 पर व्हाट्सएप मैसेज कर सकते हैं।




**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू।**

**मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिये राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेषण से संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा पलामू जिला के प्रखण्ड–मेदिनीनगर, चैनपुर, पाटन, पण्डवा, छत्तरपुर, हरिहरगंज, नावाबाजार, लेस्लीगंज, पाँकी, हैदरनगर, ऊँटारीरोड, विश्रामपुर, तरहसी, पाण्डू, एवं मनातू के प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/पंचायत स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति/जलाशयस्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में मत्स्य विभाग के जिला पलामू अन्तर्गत कुल 72 राजस्व जलकरों का वार्षिक सुरक्षित जमा निर्धारण कराया गया है। इनकी वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक तीन वर्षो के लिए मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती की जानी है।

जलकरों की बन्दोबस्ती लेने हेतु इच्छुक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों जो झारखण्ड सहकारिता अधिनियम 1935 एवं झारखण्ड स्वावलंबी सहकारिता समितियाँ अधिनियम 1996 के अन्तर्गत निबंधित है, से बिहार सरकार, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के पत्रांक 114/दिनांक 18/01/1992, झारखण्ड सरकार सहकारिता विभाग के पत्रांक 1410/दिनांक 29/06/2011 एवं झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के पत्रांक सं0 275/दिनांक 17/03/2025 के आलोक में वांछित कागजात के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। जलकरों की सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है, अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य है :–**

1. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
2. समिति के अद्यतन लेखों का अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।
3. समिति के आमसभा की बैठक की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. कार्यकारिणी समिति का चुनाव से संबंधित कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. पूर्व का सरकारी बकाया नहीं रहने से संबंधित प्रमाण पत्र।
6. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।
7. पूर्व में बन्दोबस्ती ली गई जलकरों की समिति के सदस्यों को वितरण से संबंधित प्रतिवेदन।
8. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, पलामू द्वारा निर्गत/अभिप्रमाणित समिति के सदस्यों की सदस्यता सूची।

यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के क्षेत्राधिकार में स्थित हो तथा ऐसी सभी समितियाँ बन्दोबस्ती की सभी अहर्त्ताएँ पूरी करती हो तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति को जलकर की बन्दोबस्ती कर दी जायेगी।

**बन्दोबस्ती का प्रस्ताव उपरोक्त वांछित कागजातों के साथ दिनांक 28/05/2025 तक कार्यालय अविध में जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में जमा किया जाएगा।**

यदि किसी कारणवश 28/05/2025 तक प्रस्ताव जमा नहीं करने की स्थिति में दिनांक 03/06/2025 तक अंतिम रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि तक जिन जलकरों की बन्दोबस्ती का प्रस्ताव प्राप्त नहीं होगा उनके खुला डाक से बन्दोबस्ती की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाएगी।

मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR 352040 (District) 25-26 (D)



**कार्यालय जिला परिषद, पलामू।**
**E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन निविदा**
**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना सं0–03/2025-26**

उपायुक्त, पलामू के पत्रांक– 336/गो0, दिनांक 08.05.2025 के द्वारा प्राप्त आदेश के आलोक में पलामू जिला अन्तर्गत नल कूपों की मरम्मति के उद्देश्य से निम्नांकित सामग्री के आपूर्ति हेतु इच्छुक एवं योग्य आपूर्तिकर्ता से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति/अधिष्ठापित की जाने वाली सामग्रियों/उपस्करों उच्च गुणवता एवं मानक का होना आवश्यक है। निविदा/कोटेशन में प्राधिकृत विक्रेता ही भाग ले सकते हैं। आपूर्ति/अधिष्ठापित की जाने वाली सामग्रियों/उपस्करों की विवरणी निम्नवत है:–

| | |
|---|---|
| विभाग | जिला परिषद का कार्यालय, पलामू। |
| विज्ञापन दाता का नाम | सचिव, जिला परिषद, पलामू। |
| निविदा/कोटेशन प्राप्त करने की तिथि | 20.05.2025 को 2:00 बजे अपराह्न तक। |
| निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि | 20.05.2025 को 3:00 बजे अपराह्न में। |

**Name of Work :-** Changing of 32mm dia G.I. Rotten Riser Pipe, Connecting Rod, C.I. Cylinder (Wherever Required) of Drilled Tube Well India Mark -II (IS:15500 Part-2/2004) and depositing taken out old materials to departmental Divisional store etc. all complete job in Rural Areas under Palamu District for the year 2025-26.

| Sl. No. | Item Description | Quantity | Units | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | (A) Labour Component : | | | | |
| 1.01 | One Fitter (Skilled Labour) for changing Riser Pipe of 5 nos. of IM-II DT (Rate is inclusive of 10% C.P) | 0.20 | Each | 573.56 | 114.71 |
| 1.02 | Three Helper (Unskilled Labour) (Rate is inclusive of 10% C.P) | 0.60 | Each | 376.67 | 226.00 |
| 2 | (B) For Mobility : | | | | |
| 2.01 | 407 Tata Truck or Similar Vehicles with Driver. (Rate is inclusive of 10% C.P) | 0.20 | Each | 1320.00 | 264.00 |
| 2.02 | Fuel (Diesel) (Rate is inclusive of 10% C.P) | 2.40 | P/Ltr. | 104.12 | 249.89 |
| 2.03 | Engine Oil (Rate is inclusive of 10% C.P) | 0.20 | P/Ltr. | 55.00 | 11.00 |
| 3 | (C) Cost of Materials : | | | | |
| 3.01 | Connecting Rod (in nos.) 12mm x 3mtr. Long 5 nos. connecting rod made of bright bar electro-galvanized fitted with coupler & normal (Rate is inclusive of 10% C.P) | 8.00 | Each | 328.02 | 2624.16 |
| 3.02 | Cost of 32mm dia GI Pipe (Medium class) 3mtr. Long screwed at both ends with seamless socket as per IS:1239 (Part-1990). (Rate is inclusive of 10% C.P) | 24.00 | P/M | 330.00 | 7920.00 |
| 3.03 | CI Cylinder Assembly with upper valve assembly, lower valve assembly, rubber seating ring, ruducer cap, Plunger Rod (S.S) etc. complete set. (Rate is inclusive of 10% C.P) | 0.33 | Each | 2507.51 | 827.48 |
| | | | | TOTAL :- | 12237.24 |
| | | | | ADD 18% GST :- | 2202.70 |
| | | | | TOTAL :- | 14439.94 |
| | | | | ADD 1% LS :- | 144.40 |
| | | | | **TOTAL :-** | **14584.34** |

- तकनीकी एवं वित्तीय बीड में सफल निविदादाता का चयन के पश्चात् प्रखण्डवार आवश्यक कार्य की संख्या सहित कार्यादेश निर्गत किया जायेगा। कार्य मूल्य के अनुसार सफल निविदादाता को 5% EMD जमा करना अनिवार्य होगा।
- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले बीड पर विचार नहीं किया जाएगा।
- इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) के नियम एवं शर्तें पलामू जिला NIC के Website-www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR 352035 (District) 25-26 (D)

## डीसी ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी व अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों को जल्द जांच कराते हुए समाधान किया जाएगा। शुक्रवार को जन शिकायत निवारण में कुल 13 आवेदन आए, जो मुख्य रूप से वन पट्टा, कूप का बकाया राशि के संबंध में, डीप बोरिंग, सोलर सिस्टम लगाने के संबंध में, अनुकम्पा, जमीन विवाद से संबधित जुड़े थे। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर समाधान करने का निर्देश दिया।

# ओवरलोड सवारी वाहन की चपेट में आने से दो की मौत, आठ गंभीर

● **शादी से लौट रहे थे सभी लोग**

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतापपुर (चतरा)।** जोगियारा मुख्य सड़क मार्ग पर शुक्रवार सुबह बाराती गाड़ी विपरीत दिशा से आ रहे लूना सवार को अपने चपेट में ले लेने से खुद पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें 9 सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में 4 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सवारी वाहन भांगदोहर से बारात कर बारातियों के साथ कुंदा प्रखंड के कारी मांडर लौट रही थी। तभी प्रतापपुर-जोगियारा मार्ग पर एक लूना सवार दो व्यक्ति और एक छोटे बच्चे को अपने चपेट में लेते हुए पलट गया। सवारी पर ओवरलोड यात्री सवार थे। जिसमें 8 गंभीर रूप से घायल हो गए। सवारी



वहन के घायलों में 25 वर्षीय संजू गंझू, 22 वर्षीय राजेंद्र गंझू, 35 वर्षीय बालेश्वर गंझू, 30 वर्षीय विजय गंझू, उसकी 28 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी, मुनिया देवी, पति बालेश्वर गंझू, हरनाही निवासी उमेश गंझू की पत्नी सुनीता देवी का नाम शामिल है। लूना सवार 45 वर्षीय अरविंद प्रसाद पिता बैजनाथ प्रसाद व उनकी बेटी रूबी देवी पति प्रमोद प्रसाद को भी गंभीर चोट लगी है। 4 वर्षीय बालक परमजीत कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घायल अरविंद प्रसाद ने बताया कि वह अपनी बेटी और नाती परमजीत को लेकर चतरा बेटी के ससुराल जा रहे थे। उन्होंने बताया कि गया जिला अंतर्गत बांके बाजार लुटवा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के रहने वाले हैं। दुर्घटना को देख कर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार संजीव और प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी को फोन कर मदद की गुहार लगाई। इन अधिकारियों ने भी तुरंत संज्ञान लेते हुए घटनास्थल पर एंबुलेंस के साथ खुद पहुंचे।

एंबुलेंस चालक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने घायल सभी लोगों को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद गंभीर रूप से घायलों को एंबुलेंस से मगध मेडिकल कॉलेज गया भेजा गया। वहां इलाज के क्रम में अरविंद प्रसाद की भी मौत हो गई।

## न्यूज बॉक्स

### चौकीदार अनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में जिला चौकीदार अनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुकंपा के आधार पर चौकीदार पद पर नियुक्ति से संबंधित आवेदनों की समीक्षा के बाद समिति द्वारा 1 आवेदन पर अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ विपिन कुमार दुबे, मंडल कारा अधीक्षक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा प्रभारी व संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मॉक ड्रिल का आयोजन

**चंदवा।** ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से बच्चों को आपातकालीन स्थिति में कैसे खुद का बचाव व नागरिकों को सुरक्षा कैसे करें इसके गुर सिखाये गये। विद्यालय के प्रिंसिपल हिमांशु सिंह ने बताया कि स्कूलों में मॉक ड्रिल का आयोजन करना सुरक्षा के लिहाज से एक सफल कदम है। स्कूल आने वाले बच्चों को भी मालूम होना चाहिए कि इमरजेंसी हॉर्न की आवाज कैसी होती है। ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए। अभी तो यह ड्रिल है केवल एक ट्रायल है। अगर भविष्य में कोई ऐसा खतरा आता है तो जरूरी नहीं की बच्चे घर पर ही रहें वह कहीं भी हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें किस तरह अपना और आसपास में मौजूद लोगों का बचाव करना है। यह सीखना बेहद जरूरी है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शशिकांत मिश्रा,रौशन पाठक, हिना फरहीन,शाहीना परवीन, सुमंत,समेत शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

### प्रबुद्धजनों ने की अलौदिया नाला सफाई की मांग

**चंदवा।** उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा के नेतृत्व में चंदवा के प्रबुद्धजनों ने शुक्रवार को हिंडालको टोरी साइडिंग के प्रबंधक को मांग पत्र सौंप कर अलौदिया नाला सफाई की मांग की है। उप प्रमुख ने हिंडालको प्रबंधक को अलौदिया नाला के बारे में बताते हुए कहा कि नाला चंदवा शहर के जल स्तर को बनाए रखने में जगराहा डैम का अहम योगदान है, लेकिन वर्तमान समय में गंदगी के कारण नाला का ही अस्तित्व संकट में है। इस जल स्त्रोत को बचाने के जवाबदेही हम सबों की है। ऐसे में कंपनी अपने सीएसआर मद से इस पर काम करें।कंपनी के प्रबंधक आरएन पांडेय ने भरोसा दिलाया कि उनकी मांगो से कंपनी के वरीय अधिकारियो को अवगत कराकर इसे जनहित में काम कराने का आग्रह करेंगे। मांग पत्र सौंपने वालों में राजकुमार पाठक,मुकेश सिंह, दारा सिंह,अरुण कुमार प्रिंस, धर्मेंद्र भारती, अंकित कुमार,रविराज आदि शामिल थे।

### स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रयोगशाला सहायक, जीव विज्ञान की भव्या रानी का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार रजक ने कहा विद्यालय परिवार में नये सदस्य के आगमन से विद्यालय परिवार समृद्ध हुआ है। शिक्षिका फरजाना खातून ने कहा कि विद्यालय में छात्राओं की संख्या अधिक है। ऐसे में महिला सदस्य के आने से बच्चियों के लिए विशेष खुशी की बात है। शिक्षक डॉ. नीतेश कुमार ने कहा कि भव्या रानी योग्य और मेधावी छात्रा रही हैं। प्रयोगशाला के अतिरिक्त शिक्षण कार्य करने में भी सक्षम हैं। इनके आने से पठन-पाठन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भव्या रानी के अतिरिक्त प्रयोगशाला सहायक, भौतिकी के अमन कुमार, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक सुधीर पासवान, राजेन्द्र राम तथा बिरेंद्र कुमार दास, आईसीटी इंस्ट्रक्टर शिवपूजन प्रसाद, लैंग्वेज लैब इंस्ट्रक्टर मो. नासिर एवं वोकेशनल टीचर मीडिया एंड इंटरटेनमेंट कौलेश्वर दांगी को भी सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रस्तुत की

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बिरसा कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ में शुक्रवार को 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में बीरसा कृषि विज्ञान केंद्र रांची से बतौर मुख्य अतिथि डॉ. रेखा सिन्हा,डॉ. विनय कुमार, डालटनगंज चियांकी केवीके से डॉ. प्रमोद कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी को वरीय वैज्ञानिक डॉ. महेश चंद्र चेराई,डॉ. सुनीता कुमारी कमल द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सामूहिक रूप से किया




गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक महेश चंद्र जरई ने वर्ष 2024 के कार्यकम को प्रदर्शित किया। आगामी वर्ष 2025 के कार्यक्रम को समिति को स्वीकृत के लिए प्रदर्शित किया। डॉ. अरविंद मिश्रा, डॉ. एसपी कुमार, डॉ. आरती विना इक्का , डॉ, सुनीता कुमारी कमल ने सभी अपने-अपने कार्यों की प्रगति को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में डीडीएम नाबार्ड, आत्मा लातेहार के उपनिदेशक सविता उरांव, समाज प्रगति केंद्र चंदवा के प्रिंस, एफपीओ के सदस्य मुस्तकीम अंसारी, राज्य तकनीकी सलाह डॉ. बीडीएस मुंडा ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किया। प्रगतिशील किसान विनोद चौधरी, बीरबल उरांव, जावा उरांव, प्रभात मिंज ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### मजदूरों ने मजदूरी भुगतान कराने की मांग की

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत ग्राम रेंची के दर्जनों मजदूरों ने गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच कर बीडीओ को आवेदन सौंपा। लिखित आवेदन के माध्यम से मजदूरों ने बीडीओ को बताया कि आम्रपाली के ठेकेदार द्वारा हम सबों से एक माह तक काम करवाने के बाद मजदूरी नहीं दे रहा है। साथ ही बताया कि हम सभी मजदूर गरीबी के कारण दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का जीवकोपार्जन करते हैं। ग्राम इटके निवासी मो. फिरोज (पिता जियाउर्रशीद उर्फ ननका मियां) ने हम मजदूरों को चतरा जिला के टंडवा प्रखंड स्थित आम्रपाली कोल परियोजना परिसर में बन रहे क्वार्टर में मजदूरी का काम दिलाने कि बात कह कर अम्रपाली ले गया। वहां हम सभी मजदूरों ने लगभग एक माह तक क्वार्टर निर्माण कार्य में मजदूरी किए। जब ठेकेदार से मजदूरी की मांग की तो ठेकेदार फिरोज ने कई बहाने बनाते हुए कहा कि कंपनी से पैसा नहीं मिला है। मिलने पर भुगतान कर दिया जाएगा। जबकि कंपनी के अधिकारियों से बात किया तो बताया कि ठिकेदार को पूरा भुगतान कर दिया गया है।

## उपायुक्त ने कंट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

● **बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की**

**लातेहार।** गर्मी के मौसम में बिजली की समस्या कासमाधान के लिए विद्युत कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम का उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रुम में आने वाली शिकायतों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कंट्रोल रूम का संचालन सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। विद्युत हेल्प लाइन नंबर पर आम जनमानस द्वारा फोन करने पर फोन नहीं उठाया जाता है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कंट्रोल रूम में काम कर रहे कर्मचारी से बात की और कार्यप्रणाली की जांच की। शिकायत को गंभीरता से नहीं लेने और शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की।

उपायुक्त ने लापरवाही बरतने वाले बटन पट चालक दिलीप बड़ाइक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कार्य मुक्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्युत कंट्रोल रूम मे लगाए गए अधिकारी और कर्मचारी को निर्धारित समय-सीमा के अनुसार उपस्थित होकर शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्युत कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता के कार्यों से असंतुष्ट होकर नाराजगी जाहिर करते हुए हिदायत दी कि शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिए जाने और तत्काल निराकरण नहीं किए जाने पर नियमानुसार करवाई की जाएगी। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग के एमडीएम एसएमसी के तहत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई संपन्न

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को शिक्षा विभाग के एमडीएम, एसएमसी के तहत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न हुई। जनसुनवाई का नेतृत्व प्रमुख रोहन साहू और बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद के निर्देशन में हुआ। सिमरिया प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुतिडीह, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बजराही, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घोंघीबार के कुल 36 मामलों कि जनसुनवाई की गई। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बजराही में किचन में साफ-सफाई नहीं होना, राशन की कमी रहना, कैशबुक अद्यतन नही रहना, एसएमसी का निरंतर बैठक नहीं होना, ऑडिट के दिन शिक्षकों का देर से पहुंचना, पंजी अद्यतन नहीं होना, निरीक्षण पंजी में किसी पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण दर्ज नहीं पाया जाना, लेशन प्लान तैयार नहीं किए जाने से संबंधित मामले की जनसुनवाई हुई। प्रखंड ज्यूरी द्वारा संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य पर अर्थदंड लगाया गया व सीआरपी को अन्य मामलों की जांच करने का निर्देश दिया गया। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घोंघीबार में बाल कवर नहीं पाया जाना, निरीक्षण पंजी में किसी पदाधिकारी की उपस्थिति नहीं होने से संबंधित मामले पाए गए। प्रखंड ज्यूरी द्वारा संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य पर अर्थदंड लगाया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुतिडीह में बैगलेस शुरू नहीं किया जाना, विद्यालय में चाहरदीवारी का नहीं होना, खेल मैदान नहीं होना, शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय का निरीक्षण नहीं किया जाना से संबंधित मामले की जनसुनवाई की गई।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड क्षेत्र के ककनातू गांव में यक्ष्मा रोग नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की गई। यक्ष्मा रोग के लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दिया गया। मौके पर वार्ड महेंद्र चौधरी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### वज्रपात के चपेट में आने से तीन बच्चे घायल

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड के लोटवा गांव भुइयां टोली में तेज हवा के साथ हुई पानी व बज्रपात होने से शुक्रवार को वज्रपात की चपेट में आने से तीन बच्चे घायल हो गए। बच्चे बरगद के पेड़ के नीचे रुके थे। घायलों में लोटवा गांव के बच्चे शामिल हैं। घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में किया जा रहा है। घायल बच्चों में लोटवा गांव के सोमर भारती के 8 वर्षीय पुत्र अंकज कुमार,मुंगेशर भारती के 6 वर्षीय पुत्र शत्रुघ्नकुमार एंव रावण भारती के 12 वर्षीय पुत्र साजन कुमार शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी अचानक तेज हवा और पानी होने लगा, जिससे बच्चे बरगद पेड़ के नीचे ठहर गए। इस बीच बज्रपात हो गई।

### एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चला

**महुआडांड़।** प्रखंड के शास्त्री चौक में 8 बजे से लेकर 9 बजे रात तक डीएसपी शिवपूजन बहेलिया के नेतृत्व में एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कार जीप,बोलेरो, बाइक के डिक्की खोल खोलकर जांच की गई। इस संबंध में डीएसपी ने बताया कि उग्रवादी संगठन की धर पकड़ सहित अन्य अपराध को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मौक पर थाना प्रभारी मनोज कुमार सहित जिला पुलिस बल तैनात थे।

### युवक का फंदे से लटका मिला शव

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर लिया ली। घटना चमातू ग्राम का है। गुरुवार की शाम घर के छत के ऊपर स्थित रूम में 22 वर्षीय युवक रीतलाल कुमार पिता निर्मल गंझू का फंदे से लटका शव मिला। आसपास के ग्रामीणों ने घटना का अमरवाडीह पिकेट पुलिस को जानकारी दी। पिकेट प्रभारी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजन को सौंप दिया। बता दें कि युवक आम्रपाली कोल माइंस में सीसीएल कर्मी था। युवक की पत्नी व एक बच्ची है। घटना के सूचना पाकर आम्रपाली सीसीएल अधिकारी पीड़ित के घर पहुंच संवेदना व्यक्त की। साथ ही सीसीएल से आर्थिक लाभ दिलाने व नौकरी दिलाने की बात कही है। इस घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा से पूछे जाने पर बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या यह लगता है। पुलिस हर पहलुओं पर छानबीन कर रही है।

### आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों को पुनर्वास पैकेज की अनुशंसा

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उग्रवादियों के प्रत्यर्पण व पुनर्वास नीति के तहत देय विभिन्न सुविधा की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से आत्म समर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़े जाने के उद्देश्य से सुरक्षा व पुनर्वास के लिए और परिवारों के सदस्य को आर्थिक सहायता प्रदान करने, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,दैनिक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में चर्चा की। संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन व निराकरण के संबंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में समिति द्वारा प्रत्यार्पण व पुनर्वास नीति के तहत 9 आत्म समर्पण करने वाले उग्रवादियों को पुनर्वास पेकेज प्रदान करने का अनुशंसा किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ विपिन कुमार दुबे, मंडल कारा अधीक्षक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा व संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


-: कार्यालय :-

वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–समाहर्त्ता, लातेहार वन प्रमण्डल

-: आवश्यक सूचना :-

बिहार पब्लिक लैण्ड इन्क्रौचमेन्ट एक्ट, 1956 (Bihar Act XV 1956) की धारा–2(3) के अंतर्गत बी0पी0एल0ई0 मुकदमा वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत बी0पी0एल0ई0 मुकदमा से संबंधित सुनवाई हेतु तिथि 21.05.2025 को निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | शिकायत वाद संख्या | बी0पी0एल0 ई0 मुकदमा सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अतिक्रमित रकबा (एकड़ में) | पी0एफ0 का नाम | प्लॉट सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 242/2020 | 01/2025 | झाबर सिंह, पिता–चमन सिंह, ग्राम–चुरिया, पो0–लेधपा | 1.00 | बेन्दी | 52 |
| 02 | 183/2020 | 02/2025 | कबुतरी देवी, पति–तेतरा भुईया, महेन्द्र यादव, पिता–रामजीत यादव, राजु उरांव, पिता–सुकन राम, सभी ग्राम–हेरहंज | 0.20 | हेरहंज | 565 |
| 03 | 195/2023 | 03/2025 | प्रसाद भुईयां, पिता–माधे भुईयां, प्रेम भुईयां, पिता–भुनेश्वर भुईयां, राजेश भुईयां, पिता–सुधीर भुईयां, जगेसर भुईयां, पिता–बिकु भुईयां, राजबली यादव, पिता–चुटर यादव सभी ग्राम हेरहंज | 5.00 | हेरहंज | 548, 549 |
| 04 | 422/2023 | 04/2025 | रमन गंझू, पिता–हरखू गंझू, धनेश्वर पासवान, पिता–सुखदेव पासवान दोनो ग्राम बरवाडीह | 0.40 | बरवाडीह | 11 |
| 05 | 227/2023 | 05/2025 | राजू सिंह, पिता–नन्हकू सिंह, सुखारी सिंह, पिता–नन्हकू सिंह, दोनो ग्राम–हेसातु | 0.80 | हेसातु | 48 |
| 06 | 168/2020 | 06/2025 | श्यामलाल उरांव, पिता–बालमोहन उरांव, ग्राम–बेन्दी | 0.50 | बेन्दी | 47 |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई की तिथि 21.05.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में समाहर्त्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकपक्षीय उचित आदेश पारित कर दी जायेगी।

समाहर्त्ता
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल

PR 352103 (Forest, Environment and Climate Changes)25-26*D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, लातेहार
(emptexchltr@gmail.com)

भर्ती कैम्प 2025

सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर

झारखण्ड राज्य के युवक/युवतियों की निजी क्षेत्र के कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों में रोजगार के सुनहरा अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन दिनांक :19.05.2025 दिन– सोमवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

इस भर्ती कैम्प में कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो रही है। अन्य कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से लगातार सम्पर्क स्थापित की जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो, जिससे युवक/युवतियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार पाने का अवसर प्रदान किया जा सके। इस भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :–

1. झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड।
2. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति।
3. 2 कॉपी फोटो 4. आधार कार्ड की छाया प्रति 5. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र
6. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति 7. बायोडाटा की दो कॉपी

इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त दस्तावेजों के बिना भाग नहीं ले सकते हैं। जो अपना निबंधन नियोजनालय में नहीं कराये हैं, वे अपना निबंधन ऑनलाईन विभाग के अधिकृत वेबसाईट वेबसाईट https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर स्वयं कर सकते हैं या जिला नियोजन कार्यालय में उपस्थित होकर करा लें। ताकि आयोजित भर्ती कैम्प में भाग लें सकें।

नोट : विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

!! आपके उज्जवल भविष्य के शुभ कामानाओं के साथ !!

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 352086 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)



कार्यालय– उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

आवश्यक सूचना

निदेशक, Rural Housing ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक F. No. M-12016/3/2025-RH-Pol.(e-391521) दिनांक 30 अप्रैल 2025 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना– ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2024 में योग्य परिवारों का आवास सर्वे हेतु दिनांक 15 मई 2025 तक अंतिम समय सीमा विस्तारित की गयी है। इस विस्तारित समय सीमा के अन्दर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले सभी पात्र/ योग्य परिवारों का आवास प्लस 2024 में सर्वे मोबाईल अप्लीकेशन के माध्यम से किया जा रहा है। इस संबंध में पात्र/ योग्य परिवार अपने पंचायत के सर्वेयर से सर्वे करा सकते है या स्वयं भी योग्य लाभुक Google Play Store से अपने मोबाईल में अप्लीकेशन AwaasPlus 2024 डाउनलोड कर अपना सर्वे कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए अपने संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव/ मुखिया/ रोजगार सेवक एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से संपर्क करें।

उप विकास आयुक्त,
लातेहार।

PR 352101 Rural Development(25-26)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(डी0एम0एफ0टी) मद
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/4/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तगत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में कृषि फार्म हाउस में चाहरदीवारी/फेन्सींग का जीर्णोद्धार। | 2495400 | 50000 | 5000 | 1 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तगत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में कृषि फार्म में अवस्थित विभिन्न भवनों का निर्णोद्धार। | 2432400 | 49000 | 5000 | 1 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तगत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में मत्स्य हेचरी में अवस्थित भवनों का जिर्णोद्धार। | 2458800 | 49500 | 5000 | 1 माह |
| 4 | लातेहार जिला के नगर पंचायत लातेहार में बुनियादी विद्यालय के परिसर में SLRM कार्य हेतु शेड़ का निर्माण। | 2476007 | 50000 | 5000 | 1 माह |
| 5 | लातेहार जिलान्तगत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में कृषि फार्म वेयर हाउस में चाहरदीवारी/फेन्सींग का जिर्णोद्धार। | 2494100 | 50000 | 5000 | 1 माह |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के धर्मपुर में SLRM कार्य हेतु पलास मार्ट भवन का जीर्णोद्धार। | 2413099 | 48500 | 5000 | 1 माह |
| 7 | लातेहार जिला के नगर पंचायत अन्तर्गत बुनियादी स्कूल के परिसर में SLRM कार्य हेतु अवस्थित जर्जर भवन एवं चाहरदीवारी का मरम्मति। | 2489383 | 50000 | 5000 | 1 माह |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के धर्मपुर (तापा खास) में स्टेडियम के नजदीक SLRM सेंटर का जिर्णोद्धार। | 2032924 | 41000 | 5000 | 1 माह |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के किनामाड़ में SLRM सेंटर का जिर्णोद्धार। | 1892191 | 38000 | 5000 | 1 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10.05.2025
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 10.05.2025 से दिनांक 17.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –19.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार

PR 352052 (Rural Development)25-26*D

छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन के महाधिवेशन में उमड़ा जनसैलाब

# मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है : वित्त मंत्री

- वित्त मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत अन्य हुए शामिल
- कांग्रेस नेताओं ने मजदूरों को दिलाया हक दिलाने का भरोसा, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम बना आकर्षण का केंद्र




### सांस्कृतिक कार्यक्रम बना आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम में नागपुरी कलाकार नीतेश कच्छप, चिंता देवी, पवन रॉय सहित अन्य स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिस पर मजदूर और ग्रामीण झूम उठे।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण आयोजन

कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए लोहरदगा पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। अलग-अलग रूट्स से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई, जिससे यातायात में कोई व्यवधान नहीं हुआ।

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आयोजित छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन के वार्षिक महाधिवेशन में विशाल जनसमूह उमड़ा। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा का संकल्प दोहराया। यूनियन महासचिव सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने एकजुट होकर मजदूर हितों की लड़ाई लड़ने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में शामिल झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मजदूरों को उनका अधिकार दिलाने का भरोसा दिलाया और संगठन को मजबूती से खड़ा करने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनियन के महासचिव सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आदिवासी, मजदूर, दलित, पिछड़े और शोषित वर्ग के हक में खड़ी रही है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि भारत विविधताओं की सुंदर बगिया है और हर मजदूर इस देश का फूल है। वहीं, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा, "मजदूरों की सेवा मेरा धर्म है और मरते दम तक निस्वार्थ सेवा करता रहूंगा।" पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू ने धीरज साहू को विकास का मसीहा बताया और कहा कि कंपनी की 'फूट डालो, राज करो' की नीति से सतर्क रहना होगा। लोहरदगा विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, विधायक रामचंद्र सिंह समेत अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे और मजदूरों की मांगों को प्रमुखता से उठाने की बात कही।

## पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान से 323 परिवारों को मिला पक्का आवास : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सक्सेस स्टोरी**



- आदिवासी परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से मिली राहत, निर्माण कार्य जारी

**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत लोहरदगा जिले के किस्को और पेशरार प्रखंडों में 323 आदिम जनजाति परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को 2 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने बताया कि अब तक 240 लाभुकों को पहली किश्त की राशि का भुगतान कर दिया गया है, और 30 परिवारों ने अपने घरों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है। शेष परिवारों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, और सभी निर्माण कार्य लाभुकों की सुविधा और आवश्यकता के अनुरूप खुद ही कराए जा रहे हैं।

यह अभियान आदिम जनजाति परिवारों के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें स्थायी आवास मुहैया कराने के लिए एक अहम पहल साबित हो रहा है। जिला प्रशासन लाभुकों को तकनीकी और प्रशासनिक सहयोग लगातार प्रदान कर रहा है।

## डीसी ने लिया तैयारियों का जायजा, दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष, डालसा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने नया नगर भवन और सदर प्रखण्ड कार्यालय के समीप मैदान में लगाये जा रहे स्टॉल की तैयारियों का निरीक्षण किया। नया नगर भवन लोहरदगा में वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। वहीं समीप मैदान में शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग, आधार, सामाजिक सुरक्षा, बैंक, स्वास्थ्य विभाग, डालसा, जेएसएलपीएस, नगर परिषद, कृषि विभाग, भूमि संरक्षण, जल छाजन, परिवहन विभाग और हिण्डाल्को के कुल 20 स्टॉल रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जाएगा। डालसा सचिव राजेश कुमार द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के वर्चुअल उद्घाटन के बाद लोहरदगा सिविल कोर्ट परिसर में कुल 07 बेंचों के माध्यम से लोक अदालत में रेफर किये गये मामलों पर विचार किया जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सिविल जज सीनियर डिवीजन-II अभिषेक कुमार, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए भारतीय सेना को दी बधाई



- न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद वर्चुअल माध्यम से करेंगे शुभारंभ

**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली के निर्देश पर आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। झारखंड में इसकी शुरूआत लोहरदगा जिला के नया नगर भवन से वर्चुअल माध्यम से झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश-सह-झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी भी मौजूद रहेंगी। उद्घाटन कार्यक्रम पूर्वाह्न 10.30 बजे प्रारंभ होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। जिसमे (1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) एनआई एक्ट धारा 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक/वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

### बाल संसद के सदस्यों को दिलाई गई शपथ



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में चयनित बाल संसद के सदस्यों को शपथ दिलाया गया। चयनित बाल संसद सदस्यों में प्रधानमंत्री आर्यन कुमार, मंत्री शीतल उरांव,जागृति कुमारी,सह मंत्री पल्लवी किमरी, सेनापति पूजा कुमारी सहित अन्य को समारोह आयोजित कर पद व गोपनीयता का शपथ दिलाया गया। शपथ ग्रहण के उपरान्त प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि भैया बहनों को लोकतांत्रिक मूल्यों की महत्ता को सीखने समझने के लिए और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से विद्यालय में बाल संसद का गठन किया गया है। जिसे भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था पर छात्र-छात्राओं में रुचि जगे साथ ही भैया बहनों को बताया कि भारत प्रजातांत्रिक देश है। जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों के द्वारा सुचारू रूप से व्यवस्था के तहत शासन चलाया जाता है। वही कार्यक्रम प्रमुख आचार्या संध्या कुमारी के द्वारा विद्यालय विकास व शैक्षणिक व्यवस्था क्रियाविन्त करने के लिए बधाई और शुभकामना दिया गया। मौके पर मालती कुमारी, अनुबला कुमारी, रिंकी कुमारी,जयप्रकाश सिंह, संध्या कुमारी, सुभाषनी देवी, संजना कुमारी, सुधीर उरांव, आनन्द पाण्डेय, प्रतिभा देवी समेत सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

### ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सैनिकों का शौर्य का प्रतीक है : रामलखन गोप



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत गगेया निवासी भाजपा के पंचायत प्रभारी रामलखन गोप ने ऑपरेशन सिंदूर का सफलता के लिये प्रधानमंत्री,रक्षामंत्री और गृहमंत्री के साथ भारतीय सैनिकों को बधाई देते हुए कहा कि 22 अप्रैल को आतंकियों द्वारा पहलगाम में भारतीयों पर आतंकियों द्वारा हमला किया था। जिसके लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सैनिकों द्वारा आतंकवादियों को मुंहतोड़ जबाब दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय जांबाज साइको ने बीते दिन 9 आतंकी ठिकानों को नेशतनाबूद कर दिया गया। कहा कि भारत की लड़ाई पाकिस्तान से नही अपितु पाकिस्तान में रह रहे आतंकियों से है। लेकिन पाकिस्तान ने बता दिया कि वह आतंकियों का पनाहगार है।

### प्रशिक्षुओं को दी गई विदाई



**कुडू।** राजकीय बुनियादी विद्यालय कुडू में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन कर पाठ योजना के तहत शिक्षा दे रहे प्रशिक्षु जिसमे नगीना कुमारी, रिया कुमारी, पुना सवेरा कुजुर, प्रकाश कुमार, तौहीद अंसारी, रितिक कुमार, संतोष कुमार को विदाई दी गई। विदाई समारोह विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रशिक्षुओं को उपहार भेंट किया गया। प्रशिक्षुओं ने सभी के बीच प्रशिक्षण अवधि के अनुभवों को साझा किया। प्रशिक्षुओं ने 9 अप्रैल से 9 मई तक विद्यालय में बच्चों को शिक्षा दी। मौके पर प्रधानाध्यापक धर्मदेव प्रसाद, शिक्षक रामजन्म मिंज, उर्मिला कुमारी, वीरेंद्र प्रजापति,नेवी तम्मा एक्का और विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

## हीरही हर्रा टोली में दो नाबालिग बच्चों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### कीटनाशक खाने की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**





**लोहरदगा।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम हीरही हर्रा टोली से एक दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां गुरुवार की रात दो नाबालिग लड़कों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतकों की पहचान हमराज उरांव (उम्र लगभग 13 से 15 वर्ष) पिता आशीष उरांव एवं अभिषेक उरांव (उम्र लगभग 12 वर्ष) पिता बुधराम उरांव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दोनों बच्चे रात 9 बजे एक ही कमरे में सोने गए थे। थोड़ी देर बाद छोटे बच्चों ने बताया कि दोनों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जब घरवालों ने जाकर देखा तो उनके मुंह से झाग निकल रहा था। आनन-फानन में दोनों को लोहरदगा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तत्परता से इलाज शुरू किया। अभिषेक उरांव को बचाया नहीं जा सका और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, हमराज उरांव ने इलाज के दौरान बताया कि उन्होंने और अभिषेक ने चूहा मारने वाली जहरीली दवा खा ली थी। कुछ देर बाद हमराज की भी हालत बिगड़ने लगी और उसने भी दम तोड़ दिया। माना जा रहा है कि दोनों ने जानबूझकर जहरीला पदार्थ खाया, लेकिन इसके पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। बच्चों ने जहर खाने के बाद घर में मौजूद छोटे बच्चों से कहा था कि वे किसी को न बताएं, जिससे समय पर मदद नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और जांच शुरू कर दी। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। इस घटना से गांव में शोक की लहर है। मृतकों के परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है और पूरा गांव स्तब्ध है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार तीन हुए घायल, रिम्स रेफर




**कुडू।** कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 39 चेटर मोड़ के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में जिंगी गांव निवासी अमरजीत उरांव 20 पिता बिंदेश्वर उरांव, अजय उरांव 20 विजय उरांव और इमरोज़ अंसारी 25 पिता कय्यूम अंसारी शामिल हैं। घटना गुरुवार - शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब साढ़े 12 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद सड़क पर पड़े घायलों को कुडू पुलिस ने कुडू सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में भरती कराया जहां तीनो स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों के रिम्स रेफर कर दिया। घायलों से मिली जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात वाहन से बचने के क्रम में हादसा हुआ है।

## संसदीय प्रणाली के अनुरूप शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा में संसदीय प्रणाली के अनुरूप नव निर्वाचित बाल संसद का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। गत 3 मई को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत हुए चुनाव में विजयी हुए बाल प्रतिनिधियों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिशु भारती प्रमुख सुनीता कुमारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ लिए।

इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य बंधु भगिनी व भैया बहन उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा कि इस बाल संसद का गठन बालकों में नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने नव निर्वाचित सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करने के लिए प्रेरित किया। नव निर्वाचित बाल संसद मंडल में अध्यक्ष के रूप में ऋतिक भगत, उपाध्यक्ष पद पर प्रत्यूष कुमार, मंत्री के रूप में दीपिका कुमारी, सह मंत्री आयुष कुमार, सेनापति इशांत उरांव, उप सेनापति अमन लोहरा, बाल पत्रकार आराधना मेहता एवं वंदना प्रमुख पूर्णिमा उरांव ने शपथ ग्रहण की। सुनीता कुमारी ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि यह बाल संसद विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और छात्रों के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय इस पहल के माध्यम से छात्रों को भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

**भंडरा में योगी सेना ने मनाया जश्न**

## आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई का स्वागत

- भारत माता की जय के नारों से गूंजा इलाका, आतिशबाजी कर जताई खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** इंडियन आर्मी द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों के ठिकानों पर की गई सफल कार्रवाई के उपलक्ष्य में योगी सेना भंडरा की ओर से जोरदार जश्न मनाया गया। इस आयोजन का नेतृत्व योगी सेना भंडरा के अध्यक्ष विवेक यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर सेना की इस कार्रवाई का समर्थन और स्वागत किया।

अध्यक्ष विवेक यादव ने अपने संबोधन में कहा, पाकिस्तान खुद भुखमरी की कगार पर है, उनके नागरिक दो वक्त की रोटी के लिए तरस रहे हैं, और फिर भी वे आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। भारतीय सेना की यह कार्रवाई एक सशक्त संदेश है कि भारत अब बर्दाश्त नहीं करता, सीधा जवाब देता है। इस अवसर पर श्रीकांत गुप्ता, आनंद सिंह, देवचंद उरांव, अर्जुन सिंह, बबलू पांडा, चंदन लहेरी, आशुतोष गुप्ता, रोहित लहेरी, राजेश भगत, आनंद दुबे सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया और देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### कांग्रेस से निष्कासित नेताओं की आलोचना पर यूनियन कार्यकारी अध्यक्ष का पलटवार

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन (इंटक) के महाधिवेशन को लेकर उठे विवाद पर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष सोहराब अंसारी ने कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम कांग्रेस पार्टी का नहीं, बल्कि मजदूर यूनियन का था, जिसमें मजदूरों के हक और अधिकारों पर चर्चा की गई। कुछ कांग्रेस से निष्कासित नेताओं द्वारा इस आयोजन को 'फूहड़' और 'नागपुरी नाच-गाना' करार देने पर अंसारी ने कहा कि ऐसी बयानबाजी बच्चों जैसी समझ का परिचायक है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये वही लोग हैं जिन्हें अनुशासनहीनता के चलते कांग्रेस पार्टी से निकाला गया था। ऐसे लोग अब पार्टी की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

## अंजुमन इस्लामिया के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**




**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मकतब मे शुक्रवार को जुम्मा नमाज के बाद अंजुमन इस्लामिया कैरो के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सह पगड़ीपोशी कार्यक्रम का आयोजन चुनाव कमिटी के अध्यक्ष अलीरजा अंसारी की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम का सुरुआत कैरो मस्जिद के ईमाम व खतीब कारी नौशाद साहब ने तिलावते कुरआन व नात ख्वानी से की। इसके बाद प्रखंड अंजुमन कैरो के ओहदेदारों ने अंजुमन इस्लामिया कैरो के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सदर-इम्तियाज अंसारी, सेक्रेटरी-मुस्लिम अंसारी, खजांची-सादाब अंसारी का माल्यार्पण और पगड़ीपोशी किया। मौके पर प्रखंड अंजुमन के सदर जमील अंसारी, सेक्रेटरी समीद अंसारी, नायब सदर मजेबुल अंसारी ने अपने संबोधन में अंजुमन के कार्यों एवं दायित्वों पर विस्तृत चर्चा की।सबने कहा कि समाज के आगे बढ़ाने में अंजुमन की बड़ी भुमिका होती है। अंजुमन सशक्त होगा तो गांव से नशाखोरी, दहेजप्रथा, आपसी झगड़े खत्म होने में देर न लगेगी। कार्यक्रम के अध्यक्षीय संबोधन में अलीरजा अंसारी ने कहा कि समाज हित में विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में अंजुमन योजना बना कर काम करे तो आने वाले 10-15 सालों में समाज की दशा बदलेगी।समाज में शिक्षा का महत्व और स्तर जितना होगा, विकास के उतने ही अधिक दरवाजे खुलेंगे। मौके पर कैरो जामा मस्जिद के खतीब हजरत मौलाना नुरूल हसन साहब ने सभी नये पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और दुआ कराई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोबारक हुसैन एवं धन्यवाद प्रेषण शकील अंसारी ने किया।मौके पर न्याटोली अंजुमन के सदर अफरोज खान, उत्तका के सदर हारूण रशीद, चुनाव कमिटी के एहसान अंसारी, तबारक अंसारी, जहांगीर अंसारी, अब्दुलमनान खान, कलीम अंसारी, सहित अमीन अंसारी, मोख्तार आलम, अकबर खान, जोरावर खान, अख्तर अंसारी इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

बाल संसद में निधि शर्मा बनीं प्रधानमंत्री, सत्यम साहू उप प्रधानमंत्री

## लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत हुआ चुनाव शशिधर लाल अग्रवाल ने की सराहना

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभा में विद्या भारती योजना के अनुसार बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, राजीव कुमार सिंह एवं प्रमेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से मां शारदे, ऊं एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने बताया कि बच्चों को जिम्मेदारी व सामाजिक दायित्वों को समझने के लिए बाल संसद का गठन किया जाता है। आचार्य राजीव सिंह ने कहा कि अनुशासन की भावना को जागृत करने की मंशा से यह बाल गठन किया गया है। इस दौरान बाल संसद के गठन में बाल भारती में प्रधानमंत्री निधि कुमारी कक्षा नवम, उप प्रधानमंत्री सत्यम साहू कक्षा अष्टम, सेनापति आइरिस भगत, उप सेनापति अंशु तिग्गा। अनुशासन विभाग, स्वच्छता, घोष दल, शारीरिक खेल, चिकित्सा, ध्वनि, बागवानी, मध्यावकाश व्यवस्था, पेयजल इन पदों पर चयनित भैया- बहनों को दायित्व दिया गया।

मौके पर 17 विभाग के 38 सदस्यों ने शपथ लिया। अध्यक्षीय भाषण शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि बाल संसद एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुसार काम करती है। बाल संसद एक ऐसा मंच है। जहां बच्चे अपने विचार एवं अनुभवों को स्वतंत्र रूप से प्रेषित करते हैं। सभी चयनित पदाधिकारी को बाल संसद की गरिमा व दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। धन्यवाद ज्ञापन प्रमेंद्र सिंह ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में सभी आचार्य, दीदी जी तथा भैया -बहन उपस्थित थे।

**प्रखंड स्तरीय टैलेंट प्रतियोगिता**

## जीएम प्लस टू उच्च विद्यालय माराडीह के छात्रों का जलवा

**नवीन मेल संवाददाता**




**कुडू।** प्रखंड स्तरीय टैलेंट प्रतियोगिता में राजकीय कृत गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय माराडीह कुडू के छात्र साद खान ने अंडर 17 बालक वर्ग में एकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। अंडर-19 बालक वर्ग में द्वितीय स्थान पर बिट्टू कर्मकार वहीं अंडर-19 में बालिका वर्ग में युगल में सावित्री कुमारी एवं सान्या तिवारी द्वितीय स्थान पर रही। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रार्थना सभा में प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर प्रभारी प्रधान अध्यापिका पुष्प निहारी बाखला ने सम्मानित किया। विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार साहू, तथागत साकेत, वर्षा नाग, संजय कुमार साहू, रमेश कुमार साहू, श्वेता एक्का, मंजू कुजूर, कुमारी संगीता बाला, प्रशांत मुंडा, रजनी खेस, रश्मि केरकेट्टा, निशा कुमारी नाग, डोली वर्मा, दानिश अख्तर, ओम नारायण, खेल शिक्षक विपिन लकड़ा ने छात्र - छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## बिजली विभाग की लापरवाही ने ली एक की जान

**बसिया (गुमला)।** बसिया के डोलंगसेरा गांव में क्रेशर डस्ट लदे हाईवा को खाली करने के दौरान हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना डोलनगसेरा सीमेंट भट्टा की है जहाँ हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से कोलेबीरा के लरबा गांव निवासी अमर सलकर (33) की मौत हो गई। वह डस्ट लेकर यहाँ आया हुआ था और डस्ट खाली करने के क्रम में उसके इस ट्रक का डाला 11 हजार बोल्ट बिजली के तार से लग गया।

## नींद की झप्पी ने दंपति को पहुंचाया अस्पताल

**बसिया(गुमला)।** चलती बाईक में झपकी आने के कारण आज यहां एक दंपति बुरी तरह से घायल हो गए। इसे बाईक चलाने वाले लोगों के लिए एक चेतावनी के तौर पर लिया जा सकता है जबकि दैनिक जीवन के आपाधापी में लोग वाहन को लेकर लापरवाही बरतने से बाज नहीं आते। यह मामला एसएच 03 पर। केमताटोली गांव के पास का है जब बसिया के कोनबीर निवासी अजय पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता देवी बाईक से गिरकर बुरी तरह से घायल हो गए।

### एनसीओआरडी, कारा, खनन एवं सड़क सुरक्षा पर संयुक्त समीक्षा बैठक

# नशे व दुर्घटनाओं पर सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में गुरुवार को एनसीओआरडी समिति, कारा समिति, खनन एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित संयुक्त समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। एनसीओआरडी समिति की समीक्षा के दौरान, उपायुक्त ने जिले में कम उम्र के बच्चों में नशे की लत की बढ़ती प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे रोकने हेतु सख्त कदम उठाने की जरूरत बताई। उन्होंने एसडीओ सदर को निर्देश दिया कि सभी स्कूलों में प्राचार्यों के साथ बैठक कर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जाए। शहरी एवं ग्रामीण उच्च विद्यालयों में अभियान को तेज करने, नशा संबंधित सूचना हेतु विशेष फोन नंबर जारी करने और सूचना साझा करने हेतु वॉट्सएप ग्रुप निर्माण के निर्देश भी दिए गए। सदर अस्पताल स्थित ड्रग काउंसलिंग केंद्र को सक्रिय और प्रभावी बनाने पर बल दिया गया। साथ ही, उपायुक्त ने गुटखा, तंबाकू और हंडिया जैसी नशीली चीजों की सार्वजनिक स्थलों पर बिक्री रोकने हेतु नियमित जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

कारा समिति की समीक्षा में, जेल प्रशासन की व्यवस्था को बेहतर बनाने, सफाई और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांचने, नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने की बात कही गई।

खनन विभाग की समीक्षा के दौरान, उपायुक्त ने अवैध खनन पर सख्त रुख अपनाते हुए पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित छापेमारी और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बताया गया कि जनवरी से अप्रैल 2025 तक अवैध खनन से जुड़े 23 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 27 वाहन जब्त किए गए और 12 वाहनों से 2.52 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

सड़क सुरक्षा समीक्षा में सामने आया कि इस वर्ष जनवरी से अप्रैल तक 99 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 91 लोगों की मौत और 31 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 19.28% अधिक है। उपायुक्त ने संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां सुरक्षा उपाय मजबूत करने और पीड़ितों को सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाने का निर्देश दिया।

बैठक में एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया, डीसीएलआर गुमला, जिला खनन पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने वाली महिलाओं से मिले डीसी, सोमेर गांव में कृषि क्रांति की सराहना



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुरुवार को कामडारा प्रखंड के रामतोलिया पंचायत स्थित सोमेर गांव का दौरा किया और वहां कृषि एवं विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर गांव की प्रगति, चुनौतियों और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। गांव भ्रमण के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने उपायुक्त को बताया कि पूर्व में यह क्षेत्र पूरी तरह बंजर था, लेकिन जिला प्रशासन, जेएसएलपीएस और प्रदान संस्था के सहयोग से आज यहां कृषि की एक नई कहानी लिखी जा रही है। महिलाएं अब सक्रिय रूप से रागी, धान, तरबूज जैसी फसलों के साथ-साथ 7.5 एकड़ भूमि पर आम की बागवानी भी कर रही हैं, जिससे 14 लाभुक परिवारों को सीधा फायदा हो रहा है। महिलाओं ने उपायुक्त के समक्ष सामाजिक विकास और जल संसाधन प्रबंधन से संबंधित विकासात्मक मानचित्र भी प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि पहले संस्था के लोगों से बातचीत में संकोच होता था, लेकिन निरंतर प्रयासों और प्रशासनिक समर्थन से अब आत्मविश्वास बढ़ा है और गांव आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक गांव के लोगों को 70 से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिल चुका है। उपायुक्त श्री सत्यार्थी ने आम बागवानी एवं अन्य कृषि स्थलों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### नाबालिग जबरन शादी की कोशिश

## पुलिस ने रोकी शादी, दूल्हा बारात लौटा खाली हाथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित समसेरा गांव में गुरुवार को एक अजीबो-गरीब और शर्मनाक शादी प्रकरण ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया। मात्र 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची की शादी जबरन उसी लड़के से कराने की कोशिश की। हालांकि, समय रहते पुलिस ने मौके पर पहुंचकर न सिर्फ नाबालिग की शादी को रोका, बल्कि दूल्हा सहित पूरे बारात को बैरंग वापस लौटा दिया।

मामला इस प्रकार है कि समसेरा गांव की 17 वर्षीय नाबालिग बेटी का विवाह सिमडेगा जिले के बानाबीरा गांव निवासी एक युवक से तय हुआ था। दोनों पक्षों ने शादी के कार्ड भी बांट दिए थे। बीते सोमवार को लगन पान की रस्म थी, लेकिन उसी दिन लड़की अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। पिता ने यह बात लड़के वालों को बताकर रस्म रद्द करने को कहा, परंतु वे नहीं माने और जबरन लगन पान करने पहुंचे। जब लड़की नहीं मिली तो लड़के वालों ने दबाव बनाकर 13 वर्षीय छोटी बेटी से ही रस्म पूरी कर दी और धमकी दी कि तय दिन पर बारात लेकर आएंगे। पिता, समाजिक दबाव और धमकियों के आगे झुकते नजर आए, लेकिन छोटी बेटी ने साहस दिखाया। गुरुवार सुबह वह चुपचाप घर से निकलकर थाने पहुंची और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। दोपहर तक बारात दूल्हा के साथ गांव पहुंच गई, लेकिन जैसे ही उन्हें जानकारी मिली कि 13 वर्षीय लड़की भी घर छोड़कर भाग गई है, तो उन्होंने घर में हंगामा शुरू कर दिया। मामला गर्माया तो पुलिस प्रशासन गांव पहुंचा और पूरे घटनाक्रम को संभालते हुए सख्ती से कार्रवाई की। पुलिस ने नाबालिग से शादी की कोशिश पर बारातियों और दूल्हे को जेल भेजने की चेतावनी दी। आखिरकार बारात को बिना दुल्हन के लौटना पड़ा। इस दौरान पुलिस ने लड़की के पिता को भी सख्त हिदायत दी और कहा कि अगली बार इस तरह की गैरकानूनी हरकत पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पिता ने सफाई दी कि वे लड़के वालों की धमकी और सामाजिक दबाव के चलते मजबूर थे।

## चैनपुर में शौचालय का शिलान्यास, जिप सदस्य ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बस पड़ाव के निकट शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा के द्वारा एक आधुनिक शौचालय का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर उन्होंने नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। शौचालय का निर्माण जिला परिषद मद से पांच लाख रुपए की लागत से किया जाएगा, जिससे राहगीरों और यात्रियों को सुविधा मिलेगी। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने बताया कि यह शौचालय यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने कहा, "अब तक यात्रियों को शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस नए शौचालय के निर्माण से उनकी काफी कठिनाइयों का समाधान होगा।"कार्यक्रम में चैनपुर पंचायत समिति सदस्य आशा लकड़ा, उपमुखिया तेरेसा लकड़ा, इंजीनियर विकास तिवारी, तथा स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।इस निर्माण के माध्यम से न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह पहल स्थानीय समुदाय के लिए भी रोजगार के नए अवसरों का निर्माण कर सकती है। शौचालय के साथ-साथ आसपास की अन्य सुविधाओं को भी बढ़ावा दिया जा सकेगा। यह कार्यक्रम इस बात का प्रतीक है कि स्थानीय प्रशासन स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच अंतर को कम किया जा सके। चैनपुर के ग्रामीणों ने इस आयोजन के लिए जिप सदस्य का आभार व्यक्त किया तथा इस तरह की और पहलों की आवश्यकता पर जोर दिया। सभी ने मिलकर शौचालय के निर्माण को क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और आशा जताई कि इससे आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा।

## गुमला में सिकल सेल एनीमिया की जांच तेज़ी से जारी

**गुमला।** गुमला जिले में सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और समय रहते पहचान के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा व्यापक जांच अभियान लगातार जारी है। अब तक जिले में कुल लक्षित 8,51,054 लोगों में से 7,10,339 लोगों की जांच की जा चुकी है। इस जांच अभियान के तहत जो आंकड़े सामने आए हैं, वे चिंताजनक भी हैं और जागरूकता की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। जांच में 370 लोग सिकल सेल रोग से पीड़ित पाए गए हैं, जबकि 1,752 लोग सिकल सेल वाहक (ट्रेट) के रूप में चिन्हित किए गए हैं। इसके अलावा 1,719 लोगों की रिपोर्ट अपुष्ट (कन्फर्म नहीं) रही है, जिनकी दोबारा जांच की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि अब तक उनकी सिकल सेल एनीमिया की जांच नहीं हुई है, तो वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर यह जांच अवश्य कराएं। यह जांच पूरी तरह निःशुल्क है और समय पर रोग की पहचान आपकी और आपके परिवार की सेहत के लिए अत्यंत जरूरी है।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर 'गुमला टेक क्वेस्ट' की हुई जोरदार शुरुआत

# नवाचार व तकनीक को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास

- जिला विज्ञान केंद्र में छात्रों ने जाना रोबोटिक्स थ्रीडी प्रिंटर व वैज्ञानिक मॉडल का महत्व
- तीन दिवसीय आयोजन में क्विज, पेंटिंग व संवाद सत्र जैसी होंगी रोचक गतिविधियां

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2025 के अवसर पर गुमला में तीन दिवसीय गुमला टेक क्वेस्ट कार्यक्रम की जोरदार शुरुआत हुई। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार जिला विज्ञान केंद्र में झारखंड शिक्षा परियोजना के समन्वय में आयोजित इस कार्यक्रम का पहला दिन तकनीक, विज्ञान और नवाचार को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य के साथ समर्पित रहा। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने कार्यशाला में भाग लेकर रोबोटिक्स, थ्रीडी प्रिंटर, और 35 से अधिक वैज्ञानिक प्रोटोटाइप मॉडल्स की जानकारी प्राप्त की। डीएमएफटी फेलो अविनाश गौरव, शिक्षा विभाग के सहायक नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह और विज्ञान केंद्र की समन्वयक अंकिता विनायक ने तकनीकी नवाचारों की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर सभी उच्च एवं प्लस टू विद्यालयों के छात्रों के लिए "टेक क्वेस्ट 2025" नामक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का लिंक जारी किया गया है। वहीं कल यानी कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यालयों की प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का महत्व बताया जाएगा, साथ ही छात्र-शिक्षक संवाद सत्र, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं ऑनलाइन क्विज का आयोजन भी होगा।

बीपीओ दिलदार सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि – 11 मई 1998 को पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण (ऑपरेशन शक्ति) – का उल्लेख करते हुए छात्रों को तकनीकी नवाचार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह दिन देश की वैज्ञानिक शक्ति, आत्मनिर्भरता और रचनात्मक सोच का प्रतीक है। उपायुक्त ने जिलेवासियों से 11 मई को गौरव के साथ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाने की अपील की और सभी को जिला विज्ञान केंद्र में भ्रमण कर नवाचारों से परिचित होने का आमंत्रण भी दिया।

## बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में नेतृत्व विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के तहत बाल संसद के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें विद्या भारती के प्रांतीय प्रतिनिधि राजेश कुमार, विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा, देवेंद्र नाथ तिवारी, बाल संसद प्रमुख संजय कुमार एवं शिक्षिका अन्नपूर्णा कुमारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने बाल संसद के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बाल संसद का चुनाव 3 मई 2025 को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत विद्यालय में मतदान कराकर संपन्न कराया गया था। छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए प्रधानमंत्री और सेनापति जैसे महत्वपूर्ण पदों के लिए प्रतिनिधियों का चुनाव किया।

प्रधानमंत्री के रूप में बाल संसद (भैया) के लिए अभिषेक कुमार, बाल संसद (बहन) के लिए लक्ष्मी कुमारी तथा शिशु भारती की ओर से मन्नत कुमार सिंह का चयन किया गया। सेनापति पद पर रचित बेक, आकांक्षा वर्मा और गौरव कुमार सिंह चुने गए। शपथ ग्रहण के पश्चात नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री और सेनापतियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय में शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण के क्षेत्र में सुधार के लिए प्रतिबद्धता जताई और टीम भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

अपने संबोधन में प्राचार्य श्री सिन्हा ने कहा कि बाल संसद विद्यालय के छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, उत्तरदायित्व निभाने और लोकतांत्रिक प्रणाली को समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने नवनिर्वाचित टीम को विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरित किया। वहीं, प्रांतीय प्रतिनिधि राजेश कुमार ने कहा कि बाल संसद के माध्यम से छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और निर्णय लेने की क्षमता का विस्तार होता है, जो उन्हें भविष्य में एक सक्षम नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर करता है। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार एवं विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

# दोहरे प्रेम के उलझन में उलझा प्रेमी फांसी लगाकर की आत्महत्या

### वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर किया अपलोड

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला (पालकोट)।** दो प्रेम संबंधों में उलझे एक युवक ने आखिरकार जिंदगी से हार मान ली। पालकोट थाना क्षेत्र के कुंद्रर टोली गांव में रहने वाले 21 वर्षीय रोहित नायक ने गुरुवार की अपराह्न लगभग 4 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। आत्महत्या से पहले रोहित ने न सिर्फ अपने पहले प्रेमिका से वीडियो कॉल पर बात की, बल्कि अपनी मौत का वीडियो भी रिकॉर्ड कर उसे भेज दिया। यही नहीं, उसने यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर भी अपलोड कर दिया था। घटना की जानकारी उसके दोस्त ऋतिक नायक ने दी। उसने बताया कि वह रोहित के घर के बाहर बैठा था, तभी मोबाइल लेने के लिए वह घर के अंदर गया, जहां देखा कि रोहित का कमरा अंदर से खुला है और लाइट बंद है। लाइट जलाते ही सामने का दृश्य देखकर वह स्तब्ध रह गया – रोहित रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल रहा था। शोर मचाने पर परिजन पहुंचे और फंदे से उतारकर उसे पालकोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, रोहित गांव की दो नाबालिग लड़कियों से प्रेम करता था। पहली लड़की से उसका संबंध पांचवीं कक्षा से चल रहा था, जबकि दूसरी लड़की हाल ही में उसके जीवन में आई थी। दोनों प्रेमिकाएं इस प्रेम त्रिकोण से अवगत थीं। रोहित ने पहली प्रेमिका के नाम का टैटू अपने हाथ पर भी गुदवाया था। बताया जा रहा है कि पहली प्रेमिका शादी का दबाव बना रही थी, जिससे रोहित तनाव में था। मृत्यु से पहले रोहित ने पहली प्रेमिका से वीडियो कॉल पर बात की और उसे बताया कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। उसने फांसी लगाने का वीडियो भी रिकॉर्ड कर भेजा। पहली प्रेमिका ने तत्काल दूसरी प्रेमिका को फोन कर उसे रोहित के घर भेजा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दूसरी प्रेमिका जब मौके पर पहुंची तो रोहित की जान जा चुकी थी। अस्पताल में वह बेसुध होकर रोती रही। पालकोट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस को रोहित का मोबाइल भी मिला है, जिससे पूरे मामले की तह तक जाने की कोशिश की जा रही है। शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग और मानसिक तनाव को आत्महत्या की मुख्य वजह माना जा रहा है।

## 16 सिंचाई इकाई का उद्घाटन 45 परिवारों को पीने के पानी के लिए मदद होगा

**घाघरा।** गुमला उप विकास आयुक्त श्री दिलेश्वर महतो के द्वारा शुक्रवार को घाघरा प्रखंड के बुरजू में स्थापित सोलर सिंचाई इकाई का उद्घाटन किया गया। प्रदान और संबंधित विभाग द्वारा बुरजू गांव में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य किया जा रहा है -चाहे वह पीने के पानी की व्यवस्था हो या वर्षा जल संचय का कार्य । गांव में जंगल संरक्षण एवं वर्षा जल संचय के ऊपर भी काम हुआ है । गांव में अभी तक 18 फोल्डर के बांध बांधे जा चुके हैं जिस वर्ष का पानी गांव में संचय होना शुरू हुआ है । इसी क्लब में उप विकास आयुक्त ने एचडीएफसी परिवर्तन प्रोजेक्ट के तहत गांव में बने कुएं का उद्घाटन किया तथा वर्मी कंपोस्ट यूनिट का निरीक्षण किया ।इस कुआं से टोली के सभी 45 परिवार के लिए पीने के पानी के लिए मदद होगा । साथ ही सोलर सिंचाई एवं कुआं मिलाकर स्कूल 20 से 22 एकड़ भूमि मे सालों भर सिंचाई होगा जिससे लोग खेती कर अपनी आजीविका को बढ़ा सकेंगे । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से घाघरा प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, प्रदान से जयदीप, रोशन, अभय, रत्नेश, ओम प्रकाश एवं सुंदरी मुखिया विनीता कुमारी तथा अन्य ग्रामीण शामिल थे ।

## हिंडाल्को माइंस की सीएसआर पहल से चौरापाठ बालिका विद्यालय को मिला पेयजल का तोहफा

**बिशुनपुर।** चिरोडीह पंचायत अंतर्गत अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय विद्यालय, चौरापाठ में अध्ययनरत छात्राओं को अब पेयजल की समस्या से राहत मिली है। अमतीपानी चिरोडीह स्थित हिंडाल्को माइंस के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत विद्यालय में जलमीनार की स्थापना कर उसका उद्घाटन माइंस के वरीय खान प्रबंधक शम्भु शरण वशिष्ठ द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में नामांकित छात्राएं वर्षों से नियमित पेयजल की अनुपलब्धता जैसी गंभीर समस्या से जूझ रही थीं। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए हिंडाल्को माइंस द्वारा लगभग 340 मीटर दूर स्थित जल स्रोत से एक कुएं का निर्माण किया गया और सौर ऊर्जा चालित पंप सिस्टम के माध्यम से जलमीनार के जरिए विद्यालय परिसर तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर वरीय खान प्रबंधक शम्भु शरण वशिष्ठ ने कहा कि यह परियोजना छात्राओं की बुनियादी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पूरी की गई है, जो उनकी शिक्षा में एक नई ऊर्जा का संचार करेगी। नेतरहाट क्लस्टर के महाप्रबंधक प्रदीप भालेकर ने कहा कि "बुनियादी सुविधाएं मजबूत होंगी, तो शिक्षा भी सशक्त होगी।

## जिला यक्ष्मा केंद्र की मासिक बैठक अब 14 मई को, सभी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य

**गुमला।** जिले में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) से जुड़े सभी कर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिला यक्ष्मा केंद्र, गुमला द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पहले निर्धारित मासिक बैठक जो 10 मई 2025 को आयोजित होनी थी, अब अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। इस बैठक को नई तिथि 14 मई 2025 को आयोजित किया जाएगा। बैठक का आयोजन जिला यक्ष्मा केंद्र, गुमला में ही किया जाएगा, जिसमें एनटीईपी से जुड़े सभी कर्मी एवं तकनीकी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने बताया कि इस बैठक के दौरान कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा, क्षेत्रीय कार्यों की स्थिति, तथा भावी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही, यक्ष्मा उन्मूलन अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। सभी संबंधित कर्मियों से समय पर बैठक स्थल पर पहुंचकर सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है।

### कृषि वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 17वीं बैठक संपन्न

# आयवृद्धि व तकनीकी विस्तार पर मंथन

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला (बिशुनपुर)।** विकास भारती बिशुनपुर अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र गुमला में 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता पद्मश्री अशोक भगत ने की। बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विगत वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

पद्मश्री अशोक भगत ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों तक आधुनिक तकनीकों को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आने वाले दिनों में यह केंद्र युवाओं को स्वरोजगारपरक प्रशिक्षण देने और दलहन-तिलहन की खेती में आत्मनिर्भरता लाने की दिशा में भी काम करेगा। उन्होंने जोर दिया कि जैसे देश अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बना है, वैसे ही दलहन और तिलहन में भी आत्मनिर्भर बनना आवश्यक है।

कार्यक्रम में अटारी पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डीबी सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र को तकनीकी ज्ञान को और अधिक किसानों और विभागीय साझेदारों तक पहुंचाने की दिशा में प्रयास तेज करने चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र को अपने 15 वर्षों के कार्यों का दस्तावेजीकरण कर राज्य और केंद्र सरकार को तकनीकी प्रगति का प्रदर्शन करना चाहिए।

एनआईएसए संस्थान रांची के निदेशक डॉ. अभिजीत कर्ण ने कृषि विज्ञान केंद्र को अन्य विभागों के साथ मिलकर डेमोंस्ट्रेटिव यूनिट के रूप में विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने मछली पालन और मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक डॉ. रतन ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जल संरक्षण पर किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि तकनीकी पहुंच को और तेज किया जाना चाहिए ताकि कृषि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आ सके और पलायन रुके। पशुपालन विभाग के डीन डॉ. एम.के. गुप्ता ने तकनीकी सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई, वहीं प्लांडू रांची के डॉ. आर.एस. पांडे ने सब्जी उत्पादन की तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

## भारत-पाक तनाव के बीच गुमला में शिव महापुराण कथा स्थगित कमिटी ने लिया निर्णय

**गुमला।** गुमला जिले के मुर्गु गांव में आगामी 13 से 17 मई तक आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इस आयोजन को लेकर गांव सहित जिलेभर के श्रद्धालुओं में उत्साह था, लेकिन मौजूदा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आयोजन समिति के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे संवेदनशील हालातों के मद्देनज़र प्रशासन द्वारा कुछ विशेष गाइडलाइंस जारी की गई हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आयोजन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है। कथा आयोजन की नई तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी। कमिटी ने सभी भक्तों से अपील की है कि वे संयम रखें और भविष्य में जब भी आयोजन होगा, उसमें पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लें।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रभु से यह कहना कि हमें कुछ चाहिए अनुचित नहीं है, किंतु यह और अधिक विश्वास दर्शाता है यदि हम केवल इतना ही कहें परमपिता! मैं जानता हूँ कि आपको मेरी हर आवश्यकता का पहले से ही पता है। अपनी इच्छानुसार आप मेरा निर्वाह करें। - श्री श्री परमहंस योगानंद


## संपादकीय

## युद्ध रणनीति में शांति की बात

सोशल मीडिया पर कथित सामरिक विशेषज्ञ युद्ध के बजाय बातचीत का सुझाव दे रहे हैं जबकि पानी सर के ऊपर जाने लगे तो सैन्य कार्रवाई का ही विकल्प बचता है। सात मई की आधी रात भारत ने आखिरकार प्रतिशोधात्मक न्याय के अपने अधिकार का उपयोग करना शुरू किया। ऐसा करना उसकी बाध्यता इसलिए भी थी, क्योंकि दोषी पाकिस्तान न तो पहलगाम में किए गए अपने अपराध को स्वीकार रहा था, और न ही भविष्य में ऐसी किसी वारदात को रोकने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर कर रहा था। ऐसे में पाकिस्तान के खिलाफ एक सख्त कदम उठाना जरूरी हो गया था। लेकिन ऐसा करते हुए भी, लक्ष्य के चयन और कार्रवाई के तरीके में काफी संयम दिखाते हुए केवल आतंकियों के गढ़ों पर हमला करके भारत ने वैश्विक समुदाय में अपनी 'जवाबदेह राष्ट्र' वाली स्थिति को बरकरार रखा है। भारतीय कार्रवाई कितनी नपी-तुली थी, इसका अंदाजा इससे ही लगता है कि किन्हीं भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधाओं या नागरिक क्षेत्रों को निशाना नहीं बनाया गया है, जैसा रक्षा मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति भी बताती है। इस तथ्य को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी अच्छे ढंग से स्वीकारा है कि भारत ने जानबूझकर निर्दोष नागरिकों और सक्रिय पाकिस्तानी सैन्य ढांचे को निशाना न बनाते हुए उत्कृष्ट कोटि का रणनीतिक संयम दिखाया है। दुनिया भारत की सैन्य क्षमता और योग्यता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारियों की समझने की क्षमता से भी वाकिफ है। अमेरिकी कांग्रेस के एक सदस्य ने कहा है कि भारत को अपने लोगों और क्षेत्र की रक्षा का अधिकार है। इस्राइल ने भी भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है। भारत में इस्राइल के राजदूत रियुवेन अजार ने एक्स पर कहा, 'इस्राइल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है और आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोष लोगों के खिलाफ जघन्य अपराध करने के बाद उनके लिए छिपने की कोई जगह नहीं है।' ज्यादातर देशों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र ने भी भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील की है।यहां यह उल्लेखनीय है कि अगर पाकिस्तान इस हमले को हल्के में लेते हुए कोई दुस्साहस दिखाने की जुर्रत करता है, तो भारत का धैर्य जवाब दे जाएगा। इस तथ्य को हमारी महिला वायुसेना की अधिकारी ने अपनी प्रेस वार्ता में भी व्यक्त किया है। भारतीय रक्षा बल पाकिस्तान के किसी भी सीमा पार दुस्साहस का जवाब देने को तैयार बैठे हैं। दुनिया को और खासकर हमारे बेलगाम पड़ोसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारी दो महिला रक्षा अधिकारियों ने आज ऑपरेशन सिंदूर पर मीडिया ब्रीफिंग का संचालन किया है। यह सीमा पार से बुरी नजर रखने वालों को संदेश है-आप हमारे परिवारों को निशाना बनाते हैं; हमारी दुर्गा और काली शक्तियां आपको समझ आने वाली भाषा में जवाब देने को तैयार हैं। भारतीय महिलाओं की शक्ति को कम मत समझिए। ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के उत्साह में हमें अपनी चौकसी कम नहीं करनी चाहिए। पूरे देश में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल, खासकर दुश्मन के हवाई और मिसाइल हमलों के खिलाफ, नए जोश व ईमानदारी और विश्वसनीयता के साथ आयोजित करानी चाहिए। यह एक राष्ट्रीय प्रयास होना चाहिए, जो सभी तरह के क्षेत्रीय, सांप्रदायिक या भाषाई पक्षपातों से परे हो। जिस तरह से हमने उनके आतंकी ढांचे, जिन्हें पड़ोसी मुल्क अपनी राष्ट्रीय संपत्ति मानता है, पर हमला किया है, उसी तरह हमें भी खुद की रणनीतिक राष्ट्रीय संपत्तियों की रक्षा पर ध्यान देना होगा।

*भारतीय रक्षा बल पाकिस्तान के किसी भी सीमा पार दुस्साहस का जवाब देने को तैयार बैठे हैं।*

# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार है




भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से यह साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के सभी प्रारूपों और स्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं। भारत ने यह कार्रवाई अचानक नहीं की बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पीओके में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब 'हिट ऐंड होल्ड' की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह 'नो वॉर्निंग, नो वॉर' रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था। इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

देश की बात



योगेश कुमार गोयल

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दर्शाता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है।

पाकिस्तान की अब तक की रणनीति यही रही है कि वह भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो 'आतंकिस्तान' को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर अब एक ऐसा उदाहरण बन गया है, जो यह बताता है कि आतंक से अब डायलॉग से नहीं, डायनामाइट से निपटना है। भारत ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, चाहे उसके लिए कितनी भी बड़ी कार्रवाई क्यों न करनी पड़े। आज भारत के पास रक्षात्मक ही नहीं, आक्रामक कूटनीति भी है। अब हम इंतजार नहीं करते कि दुश्मन कब वार करे बल्कि अब हम तय करते हैं कि कब, कहां और कैसे प्रहार करना है। यह बदलाव केवल सरकार की नीति में ही नहीं, देश की चेतना में भी है और यही चेतना ऑपरेशन सिंदूर की असली ताकत है। अब पाकिस्तान को भली-भांति समझ लेना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर तो केवल शुरुआत है। अब हर आतंकी ठिकाने के लिए भारत के पास ऐसा जवाब है, जो न केवल आतंकियों के ठिकानों बल्कि समूचे पाकिस्तान का नाम ही विश्व के मानचित्र से गायब कर सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## ताला तो लगा है, लेकिन दिल का क्या करें

शहर के बीचोबीच जो मोहल्ला था, वह किसी जमाने में 'आदर्श नगर' कहलाता था। अब बस 'नगर' बचा था, आदर्श तो नेताओं की तरह गायब हो चुका था-सूचना का अधिकार डालिए, पर नहीं मिलेगा। मोहल्ले की एक पहचान थी-हर घर में एक ताला ज़रूर लटकता था, मगर चोरी हर चौथे दिन होती थी। ताले बस शोपीस बन चुके थे, जैसे संसद में बहस। कहते हैं, जो घर लुटता है, वही साक्षात प्रमाण होता है कि वहाँ कुछ था। और जहाँ कुछ न हो, वहाँ लुटेरे भी इज्जत से बगल से निकल जाते हैं, जैसे नेताओं के वादे चुनाव बाद। "ताला तो लगा है, लेकिन दिल का क्या करें?"-ये संवाद बूढ़े हरिया ने टाँग दिए थे अपने दरवाज़े पर, और हर आने-जाने वाला इसे पढ़कर मुस्कुरा देता था। किसी ने कहा-"हरिया चाचा, आप तो शरद जोशी हो गए।" चाचा बोले, "बेटा, मैं तो वही हूँ, बस 'जोशी' के बदले 'लोची' बन गया हूँ, रोज़ का लुटा, रोज़ का रोता।" हरिया का घर आखिरी बार लुटा था पिछली होली पर, जब चोर रंग-गुलाल के बहाने घर से सारी मिठाइयाँ और रेडियो ले गए थे। पुलिस आई थी, पंचनामा बना और जाते-जाते बोली, "कुछ मिले तो बताएँगे"-जैसे गंगा में सिक्का फेंको और ऊपर से बोलो-"हे माँ, वापसी में रिटर्न गिफ्ट मत देना।" लोगों ने सीखा था, जहाँ पुलिस हो, वहाँ रिपोर्ट लिखाने से बेहतर है घर का सामान फिर से खरीद लेना। मोहल्ले में चर्चा थी कि ताले अब सिर्फ इसलिए लगाए जाते हैं ताकि चोरों को लगे कि कुछ तो है अंदर-जिसे वे लूट सकें। ये विश्वास था या फ्रॉड की रणनीति, कोई नहीं जानता। बबलू ने नया फ्रिज खरीदा था। दो दिन बाद ही मोहल्ले का चोर 'चम्पक' सपने में आ गया-"भाई, उस फ्रिज में सिर्फ पानी रखा है। अगली बार कुछ और लाना, नहीं तो ताला भी वापस कर देंगे।" बबलू रो पड़ा-"चम्पक भैया, फ्रिज मेरी बीवी की पहली कमाई से आया था, उसके साथ तुम्हारा ये व्यवहार!" चम्पक ने सॉरी बोला और अगली रात ताला लौटा गया। मोहल्ले में चर्चा थी-"अपने चम्पक में इंसानियत बची है।" शहर में एक 'ताला टूटा अभियान' शुरू हुआ। प्रशासन ने बैनर लगाए-"ताला टूटे, तो घबराइए मत। हम हैं ना!" लोग बोले-"ताला टूटे से ज्यादा डर तो तुम्हारे बैनर देखकर लग रहा है।" जैसे ही मोहल्ला विकास प्राधिकरण ने गली पक्की की, चोरी बढ़ गई। एक मोहल्लेवासी ने चिट्ठी लिखी-"सड़क पक्की की, चोरों की सुविधा भी पक्की कर दी। अब तो गाड़ियों में लूटकर भागते हैं।" पिछले महीने एक शादी हुई थी। दूल्हा-दुल्हन स्टेज पर फोटो खिंचवा रहे थे और पीछे से कोई पूरा दहेज ट्रक में लाद ले गया।

आपकी बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## मातृत्व दिवस : सिर्फ ममता नहीं, मातृत्व में हो वीरता भी

प्रेम जब भी मातृदिवस आता है, हम 'माँ' शब्द की ममता, करुणा और वात्सल्य को श्रद्धा से नमन करते हैं। पर क्या हम कभी यह सोचते हैं कि 'माँ' सिर्फ स्नेह की मूरत नहीं, बल्कि एक देश, एक संस्कृति और एक पीढ़ी की निर्माता होती है? आज एक प्रश्न बार-बार मन में उठता है।

क्यों नहीं जन्म लेते आज महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, भगत सिंह ,राजगुरु, विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, राम प्रसाद बिस्मिल जैसे वीर? क्या कमी रह गई है हमारे समाज में हमारे संस्कारों में, और हमारी माताओं की कोख में? एक माँ की परिभाषा — अमर बनाती है अपने पुत्र को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, जिन्हें 30 वर्ष की उम्र में फाँसी दी गई, अपने अंतिम क्षणों में जब माँ से मिलने जाते हैं, तो उनकी आँखों से आँसू छलक पड़ते हैं। यह देखकर उनकी माँ उन्हें डाँट देती हैं। "क्या ऐसी जगह से आए हो जहाँ रोने की इजाजत है? देखो, राजा हरिश्चंद्र ने भी धर्म के लिए सब कुछ खो दिया था। ये बलिदान तो बहुत छोटी बात है। तुम अमर हो, बेटा।"

आज की बात



वीणा देवांगन

क्या आज कोई माँ अपने बेटे से यह कहती है?
आज की माँ का धर्म क्या रह गया है?
बेटा स्मार्ट दिखे,अच्छे पैकेज वाली नौकरी पाए,एसी कमरे में आराम से जीवन बिताए
और दुनिया से कहे, मुझे किसी से क्या लेना देना?
वीर पुत्र वहीं जन्म लेते हैं, जहाँ माताएं उन्हें वीर बनाती हैं। जब शिवाजी महाराज की माँ जीजाबाई उन्हें बचपन से ही रामायण और महाभारत की कथाएँ सुनाकर धर्म, कर्तव्य और राष्ट्र प्रेम का बीज बोती हैं - तब ही एक वीर जन्म लेता है, जो मुगलों की नींव हिला देता है।
जब महाराणा प्रताप की माँ कहती हैं —
"बेटा, भले ही महल छोड़ दो, लेकिन आत्मसम्मान मत छोड़ना"
तब ही एक राजा जंगल में रहकर भी इतिहास का गौरव बनता है।
आज की पीढ़ी के माता-पिता बच्चों से क्या कह रहे हैं?
तुम्हें किसी की मदद नहीं करनी है, अपनी देखो।
त्याग और धर्म की बातें अब किताबों में ही अच्छी लगती हैं।
जो अपने लिए कमाता है वही सफल है।
क्या ऐसे विचार वीरता पैदा कर सकते हैं?

क्या सिर्फ स्वार्थ की शिक्षा देने वाली पीढ़ी कभी देश के लिए मर-मिटने वाले बच्चे पैदा कर सकती है?
मन ही बनाता है वीर या निर्बल
मन से बड़ा कोई शत्रु नहीं होता, और मन से बड़ा कोई प्रेरक भी नहीं होता।

अगर माँ-बाप अपने बच्चों के मन में धर्म, राष्ट्र, समाज और सेवा के बीज बो दें, तो वह बच्चा दुनिया की किसी भी कठिनाई से नहीं डरेगा। लेकिन अगर उसे सिर्फ भोग, सुविधाएँ, और दिखावा ही सिखाया गया — तो वह एक दिन सबसे बड़ा कमजोर बन जाएगा।
आज की माँ से एक विनम्र निवेदन

माताओं, आपके बच्चे आपके आंचल से ही वह संस्कार लेते हैं जो उनके जीवन की दिशा तय करते हैं। कृपया उन्हें सिर्फ आराम नहीं, अर्जुन की तरह लक्ष्य, शिवाजी की तरह साहस और भगत सिंह राजगुरु,बिस्मिल की तरह बलिदान भी सिखाइए। ताकि जब आने वाली पीढ़ियाँ पीछे मुड़कर देखें, तो उन्हें सिर्फ भोगी नहीं, त्यागी और वीर भी दिखाई दें।
अंत में एक सवाल समाज से:
क्यों नहीं जन्म लेते आज वीर पुरुष?
क्योंकि आज माँओं के मन में 'देश' से ज़्यादा 'ड्रेस' की चिंता है।
आज त्याग की बात करने पर बच्चे डरते हैं, और माता-पिता हँसते हैं।

पर याद रखिए - जिस दिन भारत की माँएँ फिर से त्याग सिखाना शुरू कर देंगी, उसी दिन भारत फिरसभी तरीके के से मुक्त होना शुरू हो जाएगा चाहे भ्रष्टाचार हो ,चाहे आतंकवाद हो। समाज को एक अच्छा आदर्श मनुष्य की जरूरत है जो समाज को बहुत आगे लेकर जा सके इसकी बुराइयों को दूर कर सके।

(veenavlogs@gmail.com)

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

गरजे, बरसे, आ गये, वापस अपने गाम।
विजय बादलों ने करी, यूँ फिर अपने नाम।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## जेनेरिक दवाएं लिखने के कानूनी आदेश का उजाला

जीव का जीवन ही कृषि पर आधारित है , मानव का भाग्य और भविष्य जल, भूमि, मिट्टी इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर निर्भर है। वैश्विक स्तरपर भारत प्राकृतिक संसाधनों में सर्वगुण संपन्न वाला एक ऐसा अनोखा देश है जहां सृष्टि की की अपार रहमत बरसी है,बस जरूरत है हमारे अपार समृद्ध जनसांख्यिकीय तंत्र को अपनी विश्व प्रतिष्ठित बौद्धिक क्षमता, कौशलता का उपयोग कर इन्हें विलुप्तता या नष्ट होने से बचाएं, क्योंकि जिस तरह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है, उससे हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए विपत्तियों की स्थिति पैदा कर रहे हैं।आज हमें सबसे अधिक संरक्षण की जरूरत जल, भूमि और मिट्टी की है और उस भूमि, मिट्टी में हमारी कृषि होती है इसलिए श्लोकों में भी आया है।जीव जीवनम् कृषि अर्थात जीव का जीवन ही कृषि पर आधारित है क्योंकि मानव का भाग्य और भविष्य जल, भूमि, मिट्टी इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर निर्भर है। साथियों बात अगर हम भारत में भूमि की करें तो हम उसे अपनी माता मानते हैं इसलिए श्लोक में आया है कि माता भूमिः पुत्रो अहम पृथव्या - अर्थात भूमि हमारी माता है और मैं भूमि का पुत्र हूं इसलिए यह श्लोक मनीषियों को अपने जीवन में रेखांकित कर भूमि की सेवा और संरक्षण करना वर्तमान समय की मांग है क्योंकि इस भूमि से हमारी कृषि जुड़ी हुई है वैसे भी भारत एक कृषि प्रधान देश है और 70 फ़ीसदी जनसंख्या कृषि परनिर्भर है इसलिए भूमि की रक्षा, सेवा, संरक्षण करना हर भारतीय का परम कर्तव्य है इसमें हम अन्नदाता द्वारा कृषि के रूप में किए गए यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति समझना हम आध्यात्मिक रूपी मनीषियों के लिए बेहतर होगा।

साथियों बात अगर हम घटती कृषि भूमि,बढ़ते भूमि क्षरण, पड़ित भूमि, शहरीकरण, वनों की कटाई, प्रदूषण जैसे अनेक मुद्दों की करें तो हालांकि सरकार द्वारा इन्हें रेखांकित कर उस अनुरूप अपने रणनीतिक रोडमैप बनाकर क्रियान्वयन करने के क्रम पर कार्य शुरू है और कृषि मंत्रालय सहित अनेक संबंधित मंत्रालयों द्वारा समय समय पर अनेक वेबीनार, अंतरराष्ट्रीय सम्मिट,सेमिनार कृषि विशेषज्ञों की सेवाएं लेना इत्यादि क्रम किया जाता है परंतु हमें इस क्षेत्र के लिए तात्कालिक प्रौद्योगिकी की सेवाओं से जल, भूमि और मिट्टी को संरक्षित करने को रेखांकित करना होगा। साथियों बात अगर हम माननीय पूर्व उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी कहा, यह समझना होगा कि प्राकृतिक स्रोत जैसे जल, मिट्टी, भूमि अक्षय नहीं हैं, न ही इन्हें फिर से बनाया जा सकता है। मानव का भाग्य और भविष्य इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ही निर्भर है।वैज्ञानिक अनुमान के अनुसार देश के अधिकांश राज्यों में अधिकांश भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। देश के एक बड़े भाग में, विशेषकर पश्चिमी और दक्कन के क्षेत्र में मिट्टी सूख कर रेतीली बन रही है। फसलों की सिंचाई के लिए भूजल का निर्बाध दोहन हो रहा है। भूजल का स्तर नीचे आ गया है और मिट्टी की नमी कम हो गई है जिससे उसके जैविक अवयव समाप्त हो रहे हैं। नमी और सूक्ष्म जैविक पदार्थों की कमी के कारण मिट्टी रेत में बदल रही है। मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए, प्राकृतिक जैविक खेती आशा की नई किरण है।पारंपरिक ज्ञान के आधार पर स्थानीय संसाधनों, जैसे गोबर, गौ मूत्र आदि की सहायतासे न केवल कृषि की बढ़ती लागत को कम किया जा सकता है बल्कि भूमि की जैविक संरचना को बचाया जा सकता है। देशी खाद और कीटनाशक, पारंपरिक पद्धति से कम लागत में ही बनाए जाते हैं जिससे किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।समय के साथ, भूमि की पैदावार को बढ़ाने के लिए रासायनिक खादों, कीटनाशकों आदि की खपत बढ़ती गई है। विगत दशकों में उर्वरक की खपत अस्सी गुना और कीटनाशकों का प्रयोग छह गुना बढ़ा है जिससे कृषि, भूमि क्षरण के दुष्चक्र में फंस गई है और किसान कर्ज़ के। हमारा दायित्व है कि अपनी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ हम धरती माता का भी स्वास्थ्य सुनिश्चित करें। उसकी जैविक उर्वरता बनाए रखें। प्राकृतिक जैविक खेती ही इसका समाधान देती है। यह संतोष का विषय है कि मिट्टी के स्वास्थ्य को बचाने के लिए सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर, आप जैसी संस्थाओं द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

अलग बात



किशन सनमुखदास भावनानी

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# इंडिगो ने श्रीनगर, अमृतसर कई शहरों के लिए कैंसिल की उड़ान



इंडिगो ने अपने एक्स अकाउंट पर रिफंड के लिए एक लिंक भी शेयर किया है। उन्होंने लिखा, "आपकी सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। निम्नलिखित शहरों के लिए उड़ानें 10 मई तक 23:59 बजे तक रद्द हैं। हम आपकी यात्रा को आसान बनाने के लिए हैं। उड़ान की स्थिति को लिंक पर जाकर देखें और री-बुकिंग या रिफंड के लिए संपर्क करें।"

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर कुछ उड़ानों पर भी पड़ा है। इंडिगो ने अपनी कई फ्लाइट्स रद्द कर दी हैं। एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें बताया गया है कि कई शहरों के लिए उड़ानें 10 मई तक रद्द कर दी गई हैं। इससे पहले, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर सूचित किया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए अगले आदेश तक देश के 24 हवाई अड्डों को नागरिक उड़ान परिचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। बढ़ते खतरे के जवाब में, कई भारतीय एयरलाइंस ने यात्रा संबंधी एडवाइजरी भी जारी की, जिसमें यात्रियों से सिक्योरिटी चेक को देखते हुए अतिरिक्त समय देने और बढ़ी हुई सुरक्षा जांच में सहयोग करने का आग्रह किया गया है। मंत्रालय ने बंद होने की अवधि या इस कदम के पीछे के कारणों को स्पष्ट नहीं किया। हवाई अड्डों को बंद करना एक व्यापक सुरक्षा प्रोटोकॉल का हिस्सा है, जिसमें कई प्रभावित हवाई अड्डे अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब या रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थित हैं। नागरिक उड़ानों के बंद होने से उत्तरी और पश्चिमी भारत में कनेक्टिविटी प्रभावित होने की उम्मीद है, और यात्रियों से हवाई अड्डे पर जाने से पहले एयरलाइनों से जांच करने का आग्रह किया गया है।

नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने देश की सभी एयरलाइंस और हवाई अड्डों से सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की सलाह दी है।

# पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का करारा जवाब देगा भारत : विजय कुमार सिन्हा

**पटना (आईएएनएस)**



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र करार देते हुए कहा कि भारत विश्व शांति का समर्थक है, लेकिन पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद और भारत के खिलाफ हमलों ने देश को कड़ा जवाब देने के लिए मजबूर किया है। उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय शांति और आतंकवाद से मुक्ति चाहता है और जो भी हिंसा को बढ़ावा देगा, उसे वैश्विक स्तर पर विरोध का सामना करना पड़ेगा। विजय सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद को पनाह देकर और भारत के खिलाफ हमले करवाकर अपनी मंशा साफ कर दी है। उन्होंने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि भारत अब ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत ने हमेशा शांति का रास्ता चुना, लेकिन पाकिस्तान की हरकतों ने हमें जवाबी कार्रवाई के लिए प्रेरित किया है। उपमुख्यमंत्री ने सभी जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के लोगों से एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट है। हर भारतीय की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हम आतंकवाद के दुश्मनों के खिलाफ पूरी ताकत से खड़े हैं। बिहार सरकार केंद्र के साथ मिलकर सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने और नागरिकों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। वहीं, जनता दल (यूनाइटेड) के प्रवक्ता संजय सिंह ने भी पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सलाम करते हैं। उनकी नीतियों और साहसिक नेतृत्व से आज पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। उनका संदेश साफ है कि तुम एक मारोगे, हम एक हजार मारेंगे। भारत की सेना और सरकार किसी भी खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा पर हमले की कोशिश जारी है।

# रक्षा मंत्री ने सेना प्रमुखों के साथ की 'ऑपरेशन सिंदूर' की समीक्षा

**नई दिल्ली । (आईएएनएस)**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय में एक बेहद महत्वपूर्ण मीटिंग की। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख यानी वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी व नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। बैठक में रक्षा सचिव आरके सिंह भी मौजूद रहे।

इस बैठक में आतंकवादियों के खिलाफ शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में पाकिस्तान के कारण सीमावर्ती इलाकों में उत्पन्न हुई पूरी स्थिति की समीक्षा की गई। माना जा रहा है कि इस बैठक में आगे की रणनीति और सैन्य तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

माना जा रहा है कि सेना ने इस दौरान बताया कि पाकिस्तान ने कहां-कहां और किन-किन हथियारों से हमले किए। भारतीय प्रतिक्रिया क्या रही। भारत के त्रिस्तरीय डिफेंस सिस्टम ने किस तरीके से पाकिस्तानी हमलों को नाकाम किया। भारतीय सेनाओं ने जवाब में किन इलाकों में और क्या-क्या कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक रक्षा मंत्री को भारतीय सेनाओं की तैनाती और तैयारी की भी विस्तृत जानकारी दी गई है।

पाकिस्तान ने बीती रात भारत के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की। पाकिस्तान के इन प्रयासों को भारत के एस-400 डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान ने न केवल लड़ाकू विमानों बल्कि ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए भी जम्मू कश्मीर, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर, जैसलमेर व पश्चिमी सीमा से सटे कई इलाकों में सैन्य ठिकानों पर हमला किया।

**रक्षा मंत्री की हाई-लेवल बैठक**

- नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ अहम बैठक की

**दुश्मनों की हरकतों पर नजर**

- बैठक में आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे "ऑपरेशन सिंदूर" की प्रगति और मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई




## भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के मिसाइल को किया नाकाम

गौरतलब है कि पाकिस्तान ने अब तक भारत के कई सैन्य और नागरिक ठिकानों पर अटैक किया है, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह से नाकाम कर दिया है। इसके साथ ही भारत ने जबरदस्त जवाबी कार्रवाई भी की है। पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन अटैक भी नाकाम किए गए हैं। पाकिस्तान को यहां भी बड़ा नुकसान हुआ है और उसके कई ड्रोन भारतीय सेना ने नष्ट कर दिए। इसके साथ ही पाकिस्तान के मिसाइल हमलों को भी प्रभावी ढंग से विफल किया गया। सेना ने इसकी पूरी जानकारी रक्षा मंत्री को दी है। सेना के मुताबिक भारतीय एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान की आठ मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। ये सभी मिसाइल हमले जम्मू कश्मीर में टारगेट किए गए थे। तीनों सेना प्रमुखों ने जम्मू कश्मीर से लेकर राजस्थान तक के विभिन्न इलाकों में पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले और उसकी जवाबी कार्रवाई की जानकारी रक्षा मंत्री को दी है। इसके साथ ही बताया गया है कि किस प्रकार से भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के हमलों को नाकाम किया।

# 'देश का स्वाभिमान और मनोबल हाई' : मोहन भागवत

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सरकार की सराहना की और कहा कि पाकिस्तान के अंदर हमले भारत की सुरक्षा के लिए आवश्यक थे। उन्होंने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर की वजह देश का जोश व स्वाभिमान में बढ़ोत्तरी हुई है।संघ की ओर से जारी आधिकारिक बयान में भागवत ने कहा कि हम पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर कायरतापूर्ण हमले के बाद पाक प्रायोजित आतंकवादियों और उनके समर्थक तंत्र के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए केंद्र सरकार के नेतृत्व और हमारे सशस्त्र बलों को बधाई देते हैं। हिंदू पर्यटकों के क्रूर नरसंहार में पीड़ित परिवारों और पूरे देश को न्याय दिलाने की इस कार्रवाई ने पूरे देश के स्वाभिमान और मनोबल को बढ़ाया है।हाल के दिनों में भारत द्वारा की गई कार्रवाई को आवश्यक बताते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि पाकिस्तान में आतंकवादियों, उनके बुनियादी ढांचे और सहायता प्रणालियों के खिलाफ की जा रही सैन्य कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक और अपरिहार्य है। राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में पूरा देश सरकार और सशस्त्र बलों के साथ भावना और कार्रवाई में खड़ा है।आरएसएस प्रमुख ने भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों और नागरिक बस्तियों पर पाकिस्तानी सेना द्वारा किए जा रहे हमलों की निंदा की और इन क्रूर, अमानवीय हमलों में पीड़ित परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने नागरिकों से सरकार के निर्देशों का पालन करने की भी अपील की।संघ प्रमुख ने कहा है कि अपने पवित्र नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए, हम सभी को सतर्क रहना होगा और राष्ट्र विरोधी ताकतों द्वारा सामाजिक एकता और सद्भाव को बाधित करने की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देना होगा। नागरिकों से अपनी देशभक्ति प्रदर्शित करने का आह्वान करते हुए भागवत ने उनसे अनुरोध किया कि जहां भी और जैसे भी आवश्यक हो, सेना और नागरिक प्रशासन के साथ सहयोग करने के लिए तैयार रहें और राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी प्रयासों को मजबूत करें।

# भारत की स्वदेशी हथियार के सामने विदेशों पर आश्रित पाकिस्तान विफल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत की स्वदेशी मिसाइलों ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत में विकसित एवं निर्मित आकाश मिसाइल सिस्टम ने पाकिस्तान को जबरदस्त चोट पहुंचाई है। आकाश मिसाइल की जबरदस्त मारक क्षमता और कामयाबी को देखते हुए अब इसे व्यापक स्तर पर तैनात किया जा रहा है। आकाश मिसाइल की नई यूनिट्स को फॉरवर्ड एरिया में तैनात किया जा रहा है। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, आकाश मिसाइल सिस्टम भारतीय थल सेना और वायु सेना दोनों के पास उपलब्ध है। पाकिस्तान सीमा पर तैनात वायुसेना और थल सेना की यूनिट आकाश मिसाइल से लैस हैं और इसका इस्तेमाल कर रही है। स्वदेशी रूप से विकसित 'आकाश' सिस्टम में सतह से हवा में वार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल है। इस सिस्टम को डीआरडीओ ने डिजाइन किया है। इसकी रेंज 25 से 30 किलोमीटर की है। यह अपनी तैनाती के स्थान से 20 से 30 किलोमीटर तक की दूरी तक के टारगेट को नष्ट कर सकता है। यह 'रडार-बेस्ड कमांड गाइडेंस' के अंतर्गत दुश्मन के लक्ष्य पर बेहद सटीकता से हमला करता है। आकाश मिसाइल ने पाकिस्तान के जेएफ-17 जेट को मार गिराया है। पाकिस्तान को यह फाइटर जेट चीन से मिले हैं। पाकिस्तान इन विमानों की आपूर्ति, मरम्मत और ट्रेनिंग के लिए पूरी तरह से चीन पर

# हमारे पास पीओके को वापस लेने की क्षमता: पप्पू यादव

**पटना(आईएएनएस)।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर जवाबी हमला शुरू कर दिया। भारत-पाक के बीच तनाव के इस माहौल में पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि हमारे पास पीओके को वापस लेने की पूरी क्षमता है। शुक्रवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान पप्पू यादव ने भारतीय सेना के शौर्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हमारी सेना की ताकत के साथ आज पूरा देश मजबूती के साथ खड़ा है, और हमारे पास पीओके को वापस लेने की क्षमता है। मेरा मानना है कि हमें सबसे पहले पीओके पर कब्जा करके बड़ी जीत हासिल करने पर ध्यान देना चाहिए।

पप्पू यादव ने कहा कि 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने युद्ध में भारत को जीत दिलाई थी। जो सबसे बड़े दुश्मन थे, उनसे भी वह मिली थीं। दुनिया की कोई भी जंग बिना दुनिया को विश्वास में लिए नहीं जीती जा सकती। हमारी सेना पूरी दुनिया से जीतने का माद्दा रखती है। हम एक नहीं, कई पीओके ले सकते हैं। लेकिन, हम दुनिया को विश्वास में नहीं लेंगे, सेना की बात को नहीं मानेंगे तो कैसे चलेगा। सेना की बात का अनुसरण होना चाहिए। मीडिया में भारत-पाक तनाव के बीच चल रही खबरों को लेकर पप्पू यादव ने कहा कि सेना जो कह रही है, वह सच है। लेकिन, मीडिया को इस संवेदनशील समय में ध्यान देने की जरूरत है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# पाकिस्तान के लिए आतंकवादी उसकी राष्ट्रीय संपत्ति : मुख्तार अब्बास नकवी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को 'राष्ट्रीय संपत्ति' का दर्जा प्राप्त है। नकवी ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पाकिस्तान के लिए आतंकवादी उसकी राष्ट्रीय सम्पत्ति हैं और आतंकवादियों का उत्पादन उसका राष्ट्रीय उद्योग बन गया है। ऐसे में आतंकवादियों और उनके संरक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई विश्व शांति और मानवता के लिए अनिवार्य है।उन्होंने पाकिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने और उन्हें संरक्षण प्रदान करने का आरोप लगाया। नकवी ने कहा कि जिन आतंकवादियों को पाकिस्तान ने पाला-पोसा, वे आज मानवता के सबसे बड़े दुश्मन बन चुके हैं और उनके संरक्षक भी उतने ही जिम्मेदार हैं। नकवी ने इस्लाम का नाम लेकर मानवता पर हमला करने वालों को भी आड़े हाथों लिया। नकवी ने कहा, "जो लोग इस्लाम को ढाल बनाकर इंसानियत को लहूलुहान करते हैं, वे न केवल इंसानियत के, बल्कि इस्लाम के भी दुश्मन हैं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी भी तरह की नरमी बरतना स्वीकार्य नहीं है। मैं वैश्विक समुदाय से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़ने की अपील करता हूं।

# 48 घंटे के अंदर पाकिस्तान के पास हमला करने की क्षमता नहीं बचेगी : अवधेश प्रसाद

**अयोध्या (आईएएनएस)।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा है कि भारतीय सेना पाकिस्तान की हर नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। उन्होंने दावा किया कि अगले 48 घंटे के भीतर पाकिस्तान के पास हमला करने की क्षमता नहीं बचेगी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान को जवाब देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया हुआ है। इसके तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसके बाद पाकिस्तान ने बौखलाहट में गुरुवार रात भारत की उत्तरी और पश्चिमी सीमा क्षेत्रों पर कई मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, जिसको भारत ने हवा में ही नाकाम कर दिया और सख्त जवाबी कार्रवाई भी की। शुक्रवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान सपा सांसद ने कहा कि हमारी सेना का इतिहास बहादुरी और गौरव से भरा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान देश की सीमा पर जवाबी हमला कर रहा है। लेकिन, हमारी वीर सेना के जवान पाकिस्तान के हमले का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पीएम मोदी ने पहली बार सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पहली बार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक के बाद एक तीन पोस्ट किए। उन्होंने अमेरिकी पादरी रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नए पोप चुने जाने पर बधाई दी। इसके अलावा पीएम मोदी ने महाराणा प्रताप और रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती को लेकर भी रिएक्शन दिए। पीएम मोदी ने पहले पोस्ट में अमेरिकी पादरी रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नया पोप चुने जाने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''मैं भारत की जनता की ओर से परमपावन पोप लियो XIV को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। कैथोलिक चर्च का उनका नेतृत्व शांति, सद्भाव, एकजुटता और सेवा के आदर्शों को आगे बढ़ाने के गहन महत्व के क्षण में आया है। भारत हमारे साझा मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ निरंतर संवाद और सहभागिता के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी ने दूसरे एक्स पोस्ट में लिखा, ''देश के अमर सेनानी महाराणा प्रताप को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए उन्होंने जिस साहस और शौर्य का परिचय दिया था, वह आज भी हमारे वीर-वीरांगनाओं के लिए पथ-प्रदर्शक बना है। मां भारती को समर्पित उनका पराक्रमी जीवन देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने तीसरे पोस्ट में लिखा, ''गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। उन्हें भारत की साहित्यिक और सांस्कृतिक आत्मा को आकार देने के लिए याद किया जाता है। उनके कार्यों ने मानवतावाद पर जोर दिया और साथ ही लोगों में राष्ट्रवाद की भावना को भी जगाया। शिक्षा और सीखने के प्रति उनके प्रयास, जो शांति निकेतन के उनके विकास में देखे जा सकते हैं, भी बहुत प्रेरणादायक हैं।

# पाकिस्नातान ने गरिकों को निशाना बनाने की कोशिश की है : उमर अब्दुला

**जम्मू (आईएएनएस)**



कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्थानीय लोगों से बातचीत की, जो भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच वर्तमान में सांबा में सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पुंछ में भारी नुकसान हुआ है। पुंछ में सबसे ज्यादा लोग हताहत हुए हैं और सबसे ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मैं कुछ समय पहले जम्मू के अस्पताल में था और वहां भर्ती सभी घायल पुंछ से हैं। पुंछ में स्थिति गंभीर है। उपमुख्यमंत्री पुंछ पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे वहां पहुंचते हैं तो वहां के लोगों से मिलेंगे। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश की है। उन्होंने ड्रोन का इस्तेमाल किया। लेकिन इसका श्रेय हमारे रक्षा बलों को जाता है, उन्होंने सभी ड्रोन को मार गिराया। कश्मीर के अनंतनाग में गोला-बारूद डिपो को भी निशाना बनाया गया, लेकिन कोशिश नाकाम कर दी गई। हमने यह स्थिति शुरू नहीं की, पहलगाम में निर्दोष लोग मारे गए, और हमें जवाब देना पड़ा। पाकिस्तान स्थिति को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, और इससे उन्हें किसी भी तरह से फायदा नहीं होगा। उन्हें अपने हथियार डाल देने चाहिए। उन्हें तनाव बढ़ाने के बजाय डी-एस्केलेशन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। पाकिस्तान की ओर से भारी गोलाबारी के कारण सीमावर्ती कस्बे में एक घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि 7 मई को सुबह करीब 6.30 बजे पाकिस्तान की ओर से दागे गए गोले यहां आकर गिरे, जिससे यह घर क्षतिग्रस्त हो गया। शुक्र है कि इसमें किसी की जान नहीं गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय की स्थिति यह तय करेगी कि स्कूल बंद किए जाने की अवधि को बढ़ाया जाएगा या नहीं और यदि इसे बढ़ाया जाएगा तो कितने समय के लिए ऐसा किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए बृहस्पतिवार को अगले दो दिन के लिए स्कूल बंद करने का आदेश दिया।

# सीमा पर तनाव के बीच यूपी में रेड अलर्ट, वाराणसी में प्रमुख स्थलों पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**वाराणसी। (आईएएनएस)**

भारत-पाकिस्तान के बीच बनी तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। बाबा विश्वनाथ की नगरी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। रात भर पुलिस गश्ती दल शहर में फेरे लगा रही है। उत्तर प्रदेश में सीमा पर तनाव और गोलाबारी के कारण रेड अलर्ट जारी किया गया है। वाराणसी कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से मुस्तैद हैं, और काशी विश्वनाथ मंदिर, गोदौलिया, कैंट रेलवे स्टेशन, रोडवेज, सिटी स्टेशन, और गोलगड्डा सहित पूरे क्षेत्र में पेट्रोलिंग की जा रही है। उत्तर प्रदेश में ऑपरेशन सिंदूर के बाद हाई अलर्ट घोषित किया गया था। राज्य के कई जिलों में मॉक ड्रिल भी हुई थी, जिसमें एयर रेड सायरन, ब्लैकआउट, आपातकालीन प्रतिक्रिया की तैयारियों का परीक्षण किया गया था। इस अभ्यास का उद्देश्य सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता और समन्वय का मूल्यांकन था। लखनऊ में आयोजित मॉक ड्रिल का जायजा लेने खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे थे। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी थी। लिखा- लखनऊ में आयोजित मॉक ड्रिल का अवलोकन किया। एक नागरिक के रूप में हमें अपने कर्तव्यों को समझना होगा और पूरी मजबूती के साथ अपनी सेनाओं के साथ खड़ा होना होगा, जिनका लोहा आज पूरी दुनिया मान रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही उत्तर प्रदेश में मध्य वायु कमान के बीकेटी (लखनऊ स्थित बक्शी का तालाब) समेत 7 एयरफोर्स स्टेशन हाई अलर्ट पर हैं। यहां लड़ाकू विमान, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, ड्रोन स्टैंडबाय पर हैं। सुरक्षा कारणों से इन एयरबेस की तैयारियों की समीक्षा की गई है। मध्य वायु कमान की ओर से बुधवार को सभी एयरबेस की तैयारियों की समीक्षा की गई थी। इसमें बीकेटी (लखनऊ), सरसावा (सहारनपुर), हिंडन (गाजियाबाद), चकेरी (कानपुर), आगरा, प्रयागराज और गोरखपुर शामिल हैं।

# वेटिकन ने कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट को चुना नया पोप, इस पद पर पहुंचने वाले पहले अमेरिकी



ऐतिहासिक चुनाव : रॉबर्ट प्रीवोस्ट कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च पद पर पहुंचने वाले पहले अमेरिकी कार्डिनल हैं।

## ट्रंप ने कहा-यह देश के लिए बहुत बड़ा सम्मान

**वेटिकन सिटी (हि.स.)**

वेटिकन ने आज अपना नया पोप कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट को चुन लिया। कैथोलिक प्रमुख के सर्वोच्च पद पर पहुंचने वाले रॉबर्ट प्रीवोस्ट पहले अमेरिकी कार्डिनल हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सबसे बड़ा सम्मान बताया है। दिवंगत पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी के रूप में उनका चुनाव मतदान के जरिये किया गया। उन्हें पोप लियो के नाम से जाना जाएगा। सीएनएन की खबर के अनुसार, सेंट पीटर बेसिलिका की बालकनी से पोप के रूप में अपनी पहली टिप्पणी में उन्होंने शांति का आह्वान किया और दिवंगत पोप फ्रांसिस को जनसमूह के सामने श्रद्धांजलि अर्पित की। संयुक्त राज्य अमेरिका के कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को 267वां पोप चुना गया है। वह जल्द ही दुनिया के 1.4 अरब कैथोलिकों के नए नेता के रूप में सेंट पीटर बेसिलिका की बालकनी में आधिकारिक रूप से कदम रखेंगे।

शिकागो के 69 वर्षीय प्रीवोस्ट वैश्विक अनुभव वाले नेता हैं। उन्होंने अपने करियर का अधिकांश समय दक्षिण अमेरिका में एक मिशनरी के रूप में बिताया और पेरू में बिशप के रूप में कार्य किया। उन्होंने हाल ही में बिशप नियुक्तियों के लिए एक शक्तिशाली वेटिकन कार्यालय का नेतृत्व किया। उनसे पोप फ्रांसिस के सुधारों को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। 133 वोटिंग कार्डिनल थे और उनमें से किसी एक को अगला पोप बनने के लिए दो-तिहाई वोट की आवश्यकता थी। आज दोपहर की शुरुआत में सिस्टिन चैपल के ऊपर सफेद धुआं निकला जो एक नए पोप के चयन का संकेत दे रहा था। वह मतदान में बाजी मार गए। रॉबर्ट प्रीवोस्ट का जन्म 1955 में शिकागो के इलिनोइस में हुआ था। प्रीवोस्ट ने पेंसिल्वेनिया के विलानोवा विश्वविद्यालय से गणित में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और शिकागो के कैथोलिक थियोलॉजिकल यूनियन से धर्मशास्त्र में डिप्लोमा प्राप्त किया। बाद में उन्हें पोंटिफिकल सेंट थॉमस एक्विनास विश्वविद्यालय में कैनन कानून का अध्ययन करने के लिए रोम भेजा गया और जून 1982 में एक पुजारी के रूप में नियुक्त किया गया। यह कहा जाता है कि अमेरिका के अत्यधिक वैश्विक राजनीतिक प्रभाव के कारण कार्डिनल निर्वाचक हमेशा अमेरिका से पोप चुनने से कतराते हैं। उन्होंने इसे गलत साबित कर दिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका जश्न मनाया कि कार्डिनल्स के कॉलेज ने अपना पहला अमेरिकी पोप शिकागो के कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट को चुना। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए बड़ा सम्मान है। लियो ने उन्हें पोप के रूप में चुनने के लिए अपने कार्डिनल भाइयों का आभार जताया है।

# भारत ने दिया पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों का मुंहतोड़ जवाब

## एफ-16 और दो जेएफ-17 विमान भी मार गिराए- सूत्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान की ओर से पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर ड्रोन और मिसाइल हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय सेना के अनुसार, 8 और 9 मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तान ने कई हमले किए, जिन्हें भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक नाकाम किया। भारतीय सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर यह जानकारी दी और राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पोस्ट में आगे लिखा गया है- "भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नापाक इरादों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा। सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी से यह भी स्पष्ट हो चुका है कि जब पाकिस्तान ने जम्मू और पंजाब के कई इलाकों पर हमला करने की कोशिश की तो भारत ने उसे करारा जवाब दिया और पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान और दो जेएफ-17 विमान भी मार गिराए। गुरुवार को पाकिस्तान ने भारत के कई हिस्सों को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय वायु रक्षा ने उनके भेजे गए ड्रोन को भी गिरा दिया। भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में उड़ रहे उनके एयरबोर्न वार्निंग और कंट्रोल सिस्टम को भी गिरा दिया। उधर, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर और राजस्थान के जैसलमेर में भी ड्रोन हमले नाकाम किए गए। जम्मू के अखनूर में एक ड्रोन गिराया गया। पूंछ में दो 'कामिकाजे' ड्रोन भी गिराए गए। सूत्रों के अनुसार, भारत की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) ने पाकिस्तान का एफ-16 विमान सरगोधा एयरबेस के पास गिरा दिया। एफ-16 पाकिस्तान के सबसे अहम लड़ाकू विमानों में से एक है, जिसे उसने अमेरिका से लिया था। इसके साथ जेएफ-17 भी एक अहम विमान है। गुरुवार रात को पाकिस्तान ने राजस्थान के जैसलमेर में मिसाइल से हमला करने की कोशिश की, लेकिन भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने तुरंत जवाब दिया। सूत्रों के अनुसार, अब तक 70 से ज्यादा मिसाइलें हवा में ही नष्ट कर दी गईं, जिससे जमीन पर कोई नुकसान नहीं हुआ।

तनाव बढ़ने पर पाकिस्तान ने जम्मू के कई इलाकों में एक साथ हमला किया, जिनमें एयरपोर्ट भी शामिल था। गुरुवार रात अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से जम्मू पर रॉकेट दागे गए। भारतीय वायु रक्षा ने इन रॉकेटों को रास्ते में ही रोक लिया। पाकिस्तान ने गुरुवार शाम को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुला, पूंछ, सांबा और उरी में बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। भारतीय एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ने जम्मू एयरपोर्ट, सांबा, आरएस पुरा, अर्निया और आस-पास के इलाकों में पाकिस्तान की आठ मिसाइलों को हवा में ही रोक लिया। जम्मू विश्वविद्यालय के पास दो पाकिस्तानी ड्रोन भी गिराए गए। एक संयुक्त रक्षा बयान में कहा गया, "जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में स्थित सेना के ठिकानों पर पाकिस्तान ने मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ। भारतीय सेना ने तय प्रक्रिया के अनुसार इन खतरों को खत्म किया। यह सब कुछ भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर कार्रवाई करने के 48 घंटे के भीतर हुआ।

# ब्रह्मोस मिसाइल बनाने वाली यूनिट का लखनऊ में 11 मई को उद्घाटन

## जिसमें प्रतिवर्ष साल 80 से 100 मिसाइल बनाई जाएंगी

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में कहर बरपाने वाली ब्रह्मोस मिसाइल को बनाने के लिए 11 मई को लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ब्रह्मोस मिसाइल बनाने वाली यूनिट का उद्घाटन करेंगे। जिसमें हर साल 80 से 100 मिसाइल तक बनाई जाएंगी। वर्ष 2018 में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में जिस डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का ऐलान किया गया था, ब्रह्मोस मिसाइल बनाने वाली यह यूनिट इसी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का हिस्सा है। इस यूनिट की नींव 2021 में रखी गई थी। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के एक सीनियर अफसर के अनुसार ब्रह्मोस की यह यूनिट 300 करोड़ की है ,और इसके उद्घाटन से डिफेंस कॉरिडोर के प्रोजेक्ट को बढ़ावा मिलेगा। पहले चरण में डिफेंस कॉरिडोर के लिए लगभग 1600 हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई है।डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में 6 नोड हैं। ये नोड- लखनऊ,कानपुर, अलीगढ़,आगरा , झांसी व चित्रकूट हैं। उप्र सरकार के अफसरों का कहना है कि योगी आदित्यनाथ सरकार अलीगढ़ में इस प्रोजेक्ट के तहत जमीनों के आवंटन के दूसरे चरण को शुरू करने की तैयारी कर रही है। लखनऊ, कानपुर व अलीगढ़ में जमीन पहले ही आवंटित की जा चुकी है। आगरा में प्रोजेक्ट के लिए जमीन मिलने में कुछ परेशानियां थीं लेकिन अब इसे सुलझा लिया गया है।राज्य सरकार के अफसरों का कहना है कि इन सभी नोड्स में यूनिट अलग-अलग चरण में है लेकिन ब्रह्मोस की यूनिट का उद्घाटन होने के बाद इस पूरे प्रोजेक्ट को रफ्तार मिलेगी। लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस और एरोलॉय टेक्नोलॉजीज के अलावा, झांसी नोड में भारत डायनामिक्स, आर्मर्ड व्हीकल्स निगम, टाटा टेक्नोलॉजीज, ग्लोबल इंजीनियर्स और डब्ल्यूबी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया; कानपुर नोड में अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज, अनंत टेक्नोलॉजीज और जेनसर एयरोस्पेस और अलीगढ़ नोड में एंकर रिसर्च लैब्स एलएलपी और एमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स ने निवेश का प्रस्ताव दिया है।

ऑपरेशन सिंदूर

## मोदी सरकार में भारत की एयर डिफेंस सिस्टम अभेद्य, आक्रामकता से कांप रहे दुश्मन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। भारतीय सशस्त्र बलों की इस कार्रवाई के बाद से बौखलाए पाकिस्तान ने एलओसी और सीमावर्ती क्षेत्रों में गुरुवार रात को मिसाइलों, ड्रोन और अन्य हथियारों से हमला करने की कोशिश की। लेकिन, भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के सभी हवाई हमलों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। उनकी एक भी मिसाइल भारतीय क्षेत्र में नहीं गिरी। कुछ दिन पहले, 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए भारतीय सशस्त्र बलों ने सीमा पार मुख्य आतंकवादी ठिकानों पर लक्षित एवं सटीक हमले किए और उन्हें कुशलतापूर्वक नष्ट कर दिया। इस ऑपरेशन ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत न केवल अपने आसमान को सुरक्षित कर रहा है, बल्कि दुश्मन के हवाई क्षेत्र में सटीकता के साथ घुसकर जवाबी हमला करने की क्षमता भी रखता है। भारत के वायु रक्षा प्रणालियों में सुधार का श्रेय नरेंद्र मोदी सरकार को जाता है। जिसने घटते युद्ध भंडार को समाप्त करके और बेड़े में नए, विश्व स्तरीय शस्त्रागार को शामिल करके सुरक्षा तंत्र को नया रूप देने पर जोर बनाए रखा।

### जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ नाकाम, सुरक्षा बलों ने सात आतंकियों को किया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सीमा पर तनाव बढ़ता जा रहा है, वहीं सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सांबा में घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। सांबा सेक्टर में बीएसएफ की सतर्कता से सात आतंकियों को मार गिराया गया। यह ऑपरेशन 8 मई की रात करीब 11 बजे शुरू हुआ, जब बीएसएफ के जवानों ने सांबा सीमा के पास संदिग्ध हलचल देखी। बीएसएफ जम्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में पुष्टि करते हुए लिखा, "8 मई 2025 को लगभग 2300 बजे, बीएसएफ ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों के अनुसार, 10-12 आतंकियों का समूह घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जिसमें से बाकी आतंकी पाकिस्तान की ओर भागने में सफल रहे। माना जा रहा है कि ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े थे।

### उरी के लगमा गांव में गिरा पाकिस्तानी बम, दुकान जलकर खाक

**उरी (आईएएनएस)।** पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा पर लगातार हमले की कोशिश जारी है। पाकिस्तान की ओर से 8 और 9 मई की मध्य रात्रि को भारत की ओर टारगेट करते हुए कई ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसको भारतीय सेना ने हवा में ही नाकाम कर दिया। इसके अलावा पाकिस्तान की ओर से एलओसी पर भी लगातार बिना उकसावे की गोलीबारी जारी है।



## सप्ताह के अंत में सीबीएसई बोर्ड परिणाम 2025 की घोषणा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह के अंत में सीबीएसई बोर्ड परिणाम 2025 की घोषणा करने की जाने की संभावना है। इस साल सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 42 लाख से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा दी है। सीबीएसई बोर्ड की तारीखों को लेकर सोशल मीडिया पर कई जगह अफवाह फैल रही हैं। जिस पर बोर्ड ने कहा है कि अभी तारीखें जारी नहीं की गई है।सीबीएसई कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी, 2025 को शुरू हुईं थीं। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 18 मार्च को समाप्त हुईं, जबकि कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 4 अप्रैल को समाप्त हुईं। छात्र उम्मीद कर सकते हैं कि परिणाम जल्द ही उपलब्ध होंगे। इसके बाद वे आधिकारिक सीबीएसई वेबसाइटों-cbse.gov.in और results.cbse.nic.in से अपने परिणाम देख और डाउनलोड कर सकेंगे।

आधिकारिक वेबसाइट्स के अलावा, छात्र डिजिलॉकर ऐप के माध्यम से भी अपनी अंतिम मार्कशीट तक पहुंच सकते हैं, जो छात्रों के लिए शैक्षणिक दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने और उन तक पहुंचने का एक सुविधाजनक मंच बन गया है। नीचे दिए गए प्लेटफार्म पर रिजल्ट जारी किया जाएगा-

- cbse.gov.in
- results.cbse.nic.in
- digilocker.gov.in
- umang.gov.in


### मार्कशीट ऑनलाइन कैसे डाउनलोड करें?

- आधिकारिक वेबसाइट cbseresults.nic.in पर जाएं
- वेबसाइट पर उपलब्ध कक्षा X/XII सीबीएसई बोर्ड परिणाम 2025 लिंक पर क्लिक करें
- रोल नंबर दर्ज करें
- स्कूल नंबर दर्ज करें

यदि आपका सीबीएसई परिणाम 'परिणाम प्रतीक्षित' या 'उपलब्ध नहीं' जैसी स्थिति दिखाता है, तो घबराएं नहीं। इसका अक्सर मतलब यह होता है कि बोर्ड अभी भी एक या अधिक विषयों के लिए अंक संसाधित कर रहा है। यह ऐसे मामलों में एक सामान्य घटना है।

### अमेरिका ने भारत पाकिस्तान से तनाव कम कर वार्ता करने की अपील की

**वाशिंगटन (आईएएनएस) ।** अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद मौजूदा तनाव के बीच भारत और पाकिस्तान को उसका दोहरा संदेश है : तनाव कम करें और बातचीत जारी रखें। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा भारत के विदेश मंत्री एस। जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को दिन में की गई कॉल का जिक्र करते हुए, विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका "दो चीजों" पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।




कहानी फिल्म जगत की

# बॉलीवुड में Operation Sindoor पर फिल्म बनाने की होड़, दर्जनों शीर्षकों के लिए आवेदन किए गए

भारत द्वारा पाकिस्तान में किए गए सैन्य हमलों के बाद बॉलीवुड में ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े फिल्म शीर्षक के लिए आवेदन करने की होड़ मच गई है। फिल्म निर्माताओं ने महज दो दिन में 30 से अधिक शीर्षक पंजीकृत कराने के लिए आवेदन दे दिए हैं। पहलगाम पर हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का बॉलीवुड की कई हस्तियों ने समर्थन किया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, 15 फिल्म निर्माता और बॉलीवुड स्टूडियो ऑपरेशन सिंदूर शीर्षक को पंजीकृत कराने के लिए दौड़ रहे हैं। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने प्रकाशन से इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 15 फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो ने इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (फिल्म शीर्षकों के पंजीकरण की दिशा में काम करने वाली एसोसिएशनों में से एक) में अपने आवेदन भरे हैं।




### दिन में 30 से अधिक शीर्षकों के लिए आवेदन

फिल्म निर्माताओं ने महज दो दिन में 30 से अधिक शीर्षक पंजीकृत कराने के लिए आवेदन दे दिए हैं। पंजीकरण के लिए दिए गए आवेदनों में 'ऑपरेशन सिंदूर', 'मिशन सिंदूर' और 'सिंदूर : द रेवेंज' सहित अन्य शीर्षक शामिल हैं। जम्मू कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में, भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके क जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है। इस बीच, भारतीय मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आईएमपीपीए), भारतीय फिल्म और टेलीविजन प्रोड्यूसर्स काउंसिल (आईएफटीपीसी) और वेस्टर्न इंडिया फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूआईएफपीए) को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े फिल्म शीर्षक के पंजीकरण के लिए ढेरों आवेदन मिले हैं। आईएमपीपीए के सचिव अनिल नागरथ ने बताया, हमें 30 से ज्यादा शीर्षकोंके आवेदन मिले हैं। यह संख्या 50-60 तक पहुंच सकती है।

### भारतीय सेना के समर्थन में कांग्रेस ने निकाली तिरंगा यात्रा

# देश का मस्तक ऊंचा रखने वाले भारतीय सेना पर हमें गर्व है : केशव कमलेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई के समर्थन में सशस्त्र सैन्य बल का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा शुक्रवार को कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली गई।

मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारे देश का मस्तक विश्व मे ऊंचा बनाए रखने के लिए भारतीय सेना पर हमें गर्व है। पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए सैनिकों ने पाकिस्तान के अंदर स्थित आतंकी ठिकानों को जिस तरह ध्वस्त किया है वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले देश के खिलाफ किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई के हम समर्थक हैं। पूरे देश की जनता सेना के साथ खड़ी है।

पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि सेना की कार्रवाई से देशवासियों के बीच उत्साह का माहौल है और तिरंगा यात्रा के सेना के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने की है। भारतीय सेना ने हमेशा से अपने शौर्य और साहस से पूरी दुनिया में अपनी एक पहचान कायम की है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि हम देश और सेना के साथ हैं। बिना किसी भेदभाव के, कांग्रेस हमेशा से देश के साथ रही है। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा सैनिकों को साथ और समर्थन देने के लिए निकाली गई है। यह सैनिकों को सम्मान देने का माध्यम है जिस मजबूती से वह देश के लिए लड़ रहे हैं उसके लिए पूरा देश साथ खड़ा है।

कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बलमुचु, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, ममता देवी, जयशंकर पाठक, संजय लाल पासवान, राजीव रंजन प्रसाद, शमशेर आलम, ज्योति मथारू, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलको,सुरेंद्र सिंह ,बिनय सिन्हा दीपू ,राजेश गुप्ता, आलोक दुबे,कुमार राजा सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए।

### झारखंड सचिवालय में तीन दिन की छुट्टी

**रांची।** झारखंड सचिवालय में शनिवार से सोमवार तक लगातार तीन दिन की छुट्टी रहेगी। शनिवार और रविवार को सचिवालय बंद रहता है और सोमवार को बुध पूर्णिमा के कारण भी सचिवालय में कोई कामकाज नहीं होगा। राज्य सरकार के सभी सचिवालय, क्षेत्रीय कार्यालयों जैसे- उपायुक्त कार्यालय, अनुमंडलाधिकारी कार्यालय, सीओ-बीडीओ कार्यालय भी रविवार के अलावा सोमवार को बंद रहेंगे। शनिवार से सोमवार तक लगातार तीन दिन तक राज्य सरकार के इन कार्यालयों में कोई भी सरकारी काम नहीं होगा।

### ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार धंधेबाज भेजा गया जेल

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने नशीले पद्धार्थ का धंधा करने वाले संगठित गिरोह के एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा नशीले पद्धार्थ का धंधेबाज महेश कुमार प्रसाद न्यू मधुकम शांतिनगर महुआ टोली का रहने वाला है। उसके पास से ब्राउन शुगर व दो मोबाइल बरामद हुआ है।

# खासमहाल लीज नवीकरण की समस्या का समाधान शीघ्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के पलामू सहित विभिन्न जिलों में खास महाल की जमीन की लीज नवीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। खास महाल की जमीन पर पूर्व से निर्मित रिहायशी मकान, व्यवसायिक दुकान की लीज नवीकरण से संबंधित मामले को लेकर तीन मंत्रियों ने शुक्रवार को रांची में एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में जो तीन मंत्री मौजूद थे इनमें वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, राजस्व, निबंधन और भूमि-सुधार मंत्री दीपक बिरूआ तथा नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू शामिल थे।बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, भू-राजस्व सचिव चंद्रशेखर और वन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दीकी भी उपस्थित थे।

**सलामी राशि को घटाने पर चर्चा**

बैठक में राधाकृष्ण किशोर ने लीज नवीकरण के लिए भुगतान की जाने वाली सलामी राशि को घटाने, लीज भूमि को बंधक रखने का प्रावधान, आवासीय और व्यवसायिक लीज में बहुमंजिला मकान बनाने की अनुमति, लीज नवीकरण, अन्तरण, लीज प्रयोजन में परिवर्तन की प्रक्रिया निर्धारित किये जाने तथा लीजधारियों के लिए लगान दर को कम करने की बात कही। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि लीजधारियों के लिए लगान दर का निर्धारण इस तरह से किया जाए जो व्यवहारिक हो, उन पर अधिक आर्थिक बोझ न पड़े और सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति हो सके।


**Government of Jharkhand Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**
**e-Procurment Short Tender Notice**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/08/2025-26 | Strenghting of old black topped Road from Jawaharlal dubey via. shree ram path to Yogendra tiwari 2. PCC Road from Budhinarayan tiwari to umesh tripathi and budhinarayan tiwari to ravindra shukla house iii. Laying of 300 mmHP from ravindra shukla to nahar Under MMC | 30,06,398/- | 60,200/- | 10,000/- | 6 माह |

| Part – B | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 09/05/2025 AT 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 09/05/2025 AT 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 09/05/2025 AT 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 23/05/2025 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 24/05/2025 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 352031 District(25-26)D


### रांची में मिलिट्री इंटेलिजेंस व झारखंड एटीएस का छापा

# नकली सेना की वर्दी हुआ बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत-पाकिस्तान में जारी युद्ध के माहौल के बीच रांची में एक दुकान का पता चला है, जिसमें भारतीय लड़ाकू सेना की वर्दी तैयार हो रही है। लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस से मिली विशेष जानकारी के आधार पर झारखंड एटीएस और एमआई ने शुक्रवार को रांची में संयुक्त तलाशी ली। तलाशी के दौरान दीपाटोली कैंट के सामने बूटी मोड़ के पास एक दुकान से भारतीय सेना की लड़ाकू वर्दी और अनधिकृत रूप से बने सेना के लड़ाकू कपड़े बरामद किए गए।

**बिना अनुमति बनाई जा रहीं लड़ाकू सेना की वर्दी :** बताया जा रहा है कि बिना अनुमति के ये वर्दियां बनाई जा रहीं थीं। इस दुकान से लोगों को ये कपड़े बेचे भी जा रहे थे। इस मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। भारत-पाकिस्तान सीमा पर चल रहे तनाव के कारण अलर्ट की स्थिति को देखते हुए, ऐसी नकली वर्दी का इस्तेमाल राष्ट्रविरोधी तत्व कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

**वर्दी बनाने के उद्देश्य की जांच कर रही एजेंसी :** अभी कपड़े और बनी हुई वर्दियों को जब्त कर लिया गया है। आर्मी की वर्दी बनाने का क्या उद्देश्य था और इसके पीछे कौन लोग हैं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### झारखंड के सरकारी डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द

# बॉर्डर इलाके में डॉक्टरों का नेतृत्व करने को तैयार : इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। किसी भी आपात स्थिति से निबटने के लिए तैयार है। इसे देखते हुए झारखंड के सभी सरकारी डॉक्टरों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। सभी डॉक्टरों को अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। जरूरत पड़ी तो झारखंड के डॉक्टर बॉर्डर इलाके में जाकर फ्रंटलाइन पर सेवाएं देने को तैयार हैं। वे खुद उन डॉक्टरों का नेतृत्व करेंगे।

**हाई अलर्ट पर सिविल सर्जन और डॉक्टर**

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव और गोलीबारी के हालात के बीच झारखंड का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है। किसी भी आपात स्थिति से निबटने के लिए पूरी तरह तैयार है। झारखंड के सभी सिविल सर्जनों और डॉक्टरों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। हर जिले के अस्पतालों को तैयार रहने का सख्त निर्देश जारी किया गया है।

**आर्मी कैंप क्षेत्र में की गई है विशेष तैयारी**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि आर्मी कैंप क्षेत्र में विशेष तैयारी की गई है और वहां के अस्पतालों को अतिरिक्त बजट आवंटित किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की आपात चिकित्सा व्यवस्था में कोई बाधा न आए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो झारखंड के डॉक्टर बॉर्डर इलाके में जाकर फ्रंटलाइन पर सेवाएं देने को तैयार हैं। वे खुद उन डॉक्टरों का नेतृत्व करेंगे और उन्हें इमरजेंसी क्षेत्र में लेकर जाएंगे। वे किसी भी परिस्थिति से पीछे नहीं हटेंगे। यह सिर्फ मेडिकल सपोर्ट नहीं, बल्कि एक संदेश है कि झारखंड हर मोर्चे पर देश के साथ खड़ा है।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited (JBVNL)**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar
Retd. Office : By Pass Road, Sudna, Medininagar, 822102
e-mail :- gm_mdnjseb@yahoo.in Telephone :- 06562-295539

**e-Tender Notice**

**Proposal for vendor empanelment for all kinds of electrical works under Electric Supply Area, Medininagar**

Online e-tenders are invited from reputed Vendors/Contractors/Firms/Company who are interested for empanelment for all kind of electrical works in different head of JBVNL under Electric Supply Area, Medininagar.

| Sl. No. | e- NIT No. | Name of Work | Application fee for vendor Registration |
|---|---|---|---|
| 1. | 05/PR/JBVNL/2025-26 | vendor empanelment for all kinds of electrical works under Electric Supply Area, Medininagar upto 31.03.2026 | 11,800.00 (Including 18% GST) (Non Refundable) |

All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in
IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NITS

| | | |
|---|---|---|
| 1. Availability of tender document on website | :- | From 16.05.2025 10.30 Hrs |
| 2. Start Date and time for submitting e-tender | :- | 16.05.2025 10.30 Hrs |
| 3. Last Date and time of submission of e-tender with online Cost of BOQ/Documents etc. | :- | 05.06.2025 17.00 Hrs |
| 4. Date and time of opening of e-tender(Techno-Commercial Cover) i.e Cover-I) | :- | 06.06.2025 at 15:00 Hrs |

1. Guideline for online submission of bids can be downloaded from the website http:// jharkhandtenders.gov.in.
2. Bidder have to submit their bids online in electronic format with digital signature, Bids without digital signature will not be accepted. No proposal (bid) will be accepted in Physical form. No document will be accepted/considered through postal service or courier.
3. **For any clarification please contact : -9835574043**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager(T)
Electric Supply Area, Medininagar

PR 352082 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D


## पेज एक के शेष

### अपराधियों ने फोर...

कर्मियों ने बताया कि उक्त साइट पीआरए इंडिया कंपनी का साइट है। घटना के बाद से कर्मियों में दहशत व्याप्त है। बताते चले कि 10 जनवरी को भी रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर पन्नाटांड में फोरलेन सड़क निर्माण के लकड़ी डिपो में गोली बारी की घटना हो चुकी है। घटना की पुष्टि करते हुए पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि गोलीबारी की घटना हुई है। इस घटना में किसकी संलिप्तता है। इसकी जांच की जा रही है। घटना के बाद से कर्मियों में दहशत व्याप्त है।

### पाकिस्तान ने 300...

कर्नल सोफिया कुरैशी ने आगे कहा, भारतीय सशस्त्र बलों ने काइनेटिक और नॉन काइनेटिक साधनों से कई ड्रोन मार गिराए। बड़े पैमाने पर ड्रोन के जरिए हवाई घुसपैठ का संभावित उद्देश्य देश की वायु रक्षा प्रणालियों का परीक्षण और खुफिया जानकारी जुटाना था। ड्रोन के मलबे की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक जांच में तुर्किए के ड्रोन होने की पुष्टि हुई है। इसके बाद रात में पाकिस्तान के सशस्त्र यूएवी ने बठिंडा सैन्य स्टेशन को निशाना बनाने की कोशिश की। उसे निष्क्रिय कर दिया गया। कर्नल सोफिया ने बताया कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के तंगधार, उड़ी, पुंछ, मेंढर, राजौरी, अखनूर और उधमपुर में भारी कैलिबर आर्टिलरी गन और सशस्त्र ड्रोन का इस्तेमाल कर नियंत्रण रेखा के पार गोलाबारी की। भारतीय सेना के कुछ जवान हताहत हुए। जवाबी कार्रवाई में भारत ने भी बड़ा नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार फिर से सामने आया, जब 7 मई की रात करीब साढ़े आठ बजे असफल और अकारण ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद पाकिस्तान ने अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। वह ढाल की तरह इसका इस्तेमाल कर रहा है। उसे पता है कि भारत पर हमला करने से भारत की एयर डिफेंस तीव्र प्रतिक्रिया देगा। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने एलओसी पर भारी फायरिंग की। 7 मई 2025 को रात साढ़े आठ बजे मिसाइल और ड्रोन हमला किया और उस दौरान अपना एयर स्पेस बंद नहीं किया। नागरिकों का इस्तेमाल ढाल के लिए किया। पंजाब सेक्टर में हाई एयर डिफेंस अलर्ट के दौरान हमारा एयरस्पेस नागरिक उड़ानों के लिए बंद है, लेकिन पाकिस्तान के इलाके में नागरिक उड़ान चल रही थी। भारतीय वायुसेना ने अपनी प्रतिक्रिया में संयम दिखाया और अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमान सेवा की सुरक्षा तय की।

### धार्मिक स्थानों को...

पाकिस्तान गुरुद्वारों, चर्चों और मंदिरों सहित एक पूजा स्थलों को निशाना बना रहा है और उन पर गोलाबारी कर रहा है। यह पाकिस्तान के लिए भी एक नया निचला स्तर है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि आप हालात से वाकिफ हैं और लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के हालात से भी। करतारपुर साहिब कॉरिडोर की सर्विस रद्द कर दी गई हैं। विदेश सचिव ने आगे कहा कि आईएमएफ को लेकर आज मीटिंग हो रही है। हम वहां पर अपनी बात रखेंगे। ये बोर्ड पर निर्भर है, वे क्या करते हैं। जहां तक भारत के जवाब की बात है, जो आज सुबह गतिविधियां हुई। भारत ने जिम्मेदारी से उसका जवाब दिया।

### हाईकोर्ट का बड़ा...

श्रेणी में डाल दिया। वर्ष 2011 का सरकार का जो गजट नोटिफिकेशन है, उसमें एक तिथि दी जानी थी, जिस दिन से उसे लागू किया जाना था, वह तिथि कभी घोषित नहीं की गई। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि पूर्व में डेमोंस्ट्रेटर शिक्षक की श्रेणी में आते थे। लेकिन, राज्य सरकार के इस फैसले के बाद सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष के बजाय 60 वर्ष हो गई। उन्होंने बताया कि प्रार्थी उक्त प्रस्ताव के लागू होने के पहले से डेमोंस्ट्रेटर पद पर कार्यरत हैं। प्रस्ताव प्रार्थियों पर लागू नहीं होता है। पूर्व में सुनवाई में कोर्ट ने प्रस्ताव इन पर लागू नहीं होने का आदेश दिया था, लेकिन राज्य सरकार डेमोंस्ट्रेटर को 60 वर्ष में ही सेवानिवृत्त कर रही है।

### राज श्री पत्थर...

एसडीओ के साथ स्थानीय अंचल तथा थाना से की गई। लेकिन दबंगों के आगे हमलोगों का किसी ने एक भी नहीं सुना। जांच टीम ने इसे लेकर सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा को माइंस स्थल की जांच रिपोर्ट जल्द देने का निर्देश दिया। ताकि आयुक्त को जांच रिपोर्ट जल्द दिया जा सके। मालूम हो कि स्थानीय ग्रामीणों व रैयतों ने अपनी लिखित शिकायत पूर्व विधायक उमा शंकर अकेला से भी की थी। जिस पर पूर्व विधायक ने हजारीबाग आयुक्त को लिखित देकर मामले की जांच कराने की मांग की थी। मौके पर चतरा डीएमओ मनोज टोप्पो समेत ग्रामीण व रैयत मौजूद थे।

### मनी लाउंड्रिंग मामले में गिरफ्तार लोहा कारोबारी को भेजा जेल

**रांची।** शेल कंपनियों के नाम पर जीएसटी इंट्री कर करोड़ों रुपए के फर्जीवाड़ा कर उसकी मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े केस में ईडी के हाथों गिरफ्तार जुगसलाई निवासी आयरन एंड स्पंज कारोबारी अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया को अदालत ने न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया है। ईडी ने जमशेदपुर के कारोबारी विक्की भालोटिया को गुरुवार को देर शाम गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे देर रात रांची लाया गया, जहां उसे पीएमएलए जज के पास पेश किया गया।

# देश में तनाव की स्थिति को देखते रिम्स में 50 बेड तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव की स्थिति को देखते हुए किसी भी आकस्मिकता से निपटने की तैयारी को लेकर बैठक हुई। रिम्स निदेशक के कार्यालय में हुई बैठक में जो निर्णय लिए गए उनमें बेड की उपलब्धता के लिए न्यू ट्रॉमा सेन्टर, पेइंग वार्ड और कॉटेज में 50 बेड फिलहाल चिन्हित किया गया है। साथ ही जरूरत पडने पर बेडों की संख्या बढाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि सभी 50 बेड में मॉनिटर और ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा बैठक में एक मल्टी डिसिप्लीनरी टीम का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसमें जिन विभागों से चिकित्सक और रेजीडेंट उपलब्ध रहेंगे।

इनमें न्यूरो सर्जरी के दो, सर्जरी से दो, अस्थि रोग विभाग से दो, औषधि विभाग से दो, प्लास्टिक सजरी से एक, नेत्र रोग विभाग से दो, कान नाक और गला विभाग से दो, निश्चेतना विभाग से दो चिकित्सक, चार रेजीडेंट चिकित्सक, डेन्टल से मैक्सीसलोफेसियल सर्जन के दो चिकित्सक, डीजीएमओ के छह, चिकित्सजक शामिल हैं। इसके अलावा यह टीम जरूरत पडने पर चिकित्सकीय और प्रशासनिक कार्यों के लिए भी उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

साथ ही आकस्मिकता से निपटने के लिए 50 स्टाफ नर्स, 50 पारामेडिकल स्टाफ, 15 व्हील चेयर और 16 ट्रॉली रिजर्व रखे जायेंगे।सभी भंडारों में औषधि, सर्जिकल सामानों और अन्य सामानों की सातों दिन चौबीय घंटे उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यह मल्टी् डिसिप्लीनरी टीम हर दिन बैठक कर अद्यतन रिपोर्ट से निदेशक को अवगत करायेंगे। बैठक में रिम्स के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक, अपर चिकित्सा अधीक्षक, उपाधीक्षक, ट्रॉमा सेन्टर प्रभारी, प्रशासनिक पदाधिकारी, प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।


**आवश्यकता**

पलामू जिला अधिवक्ता संघ, डालटनगंज में एक सहायक कार्यालय लिपिक की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयन साक्षत्कार के आधार पर किया जाएगा। यह मूल रूप से अस्थायी सेवा होगी। अभ्यर्थी के चयन/सेवा से विभुक्त करने का अधिकार कार्यकारिणी समिति का होगा। इसके लिए निम्नांकित अर्हतीयें निधारित की गई हैः-

1. शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं न्यूनतम 5 वर्षों का कार्यालसस अनुभव (वाणिज्य स्नातक उम्मीदवारों को प्रधानता दी जाएगी)
2. कम्प्युटर/लेखा/कार्यालय कार्य में दक्ष
3. परिश्रमिक का निर्धारण उनके कार्य क्षमता के आकलन पर कमिटी द्वारा किया जायेगा।
4. कार्यालय पन्त्र व्यवहार के कार्यों की जानकारी एवं अनुभव का विगत 5 वर्षों के अनुभव का प्रमाण पत्र लगाना आवश्यक होगा।

आवेदन का प्रारूप निम्नवत सलग्न हैः-

1. Full name of the candidate (in block letter):-
2. Father's name:-
3. Date of Birth-
4. Aadhar no.-
5. Gender-
6. Marital Status:-
Mob no.-
8. Email no.-
9. Present residential address:-
10. Permanent Address:-
11. Mother tangue-
12. Other languages known, If any:-
13. Education Qualification and work Experience:-

| Examination passed | Board University | Year of passing | Divisional grade | Subject Studies |
|---|---|---|---|---|
| 10th or equivalent | | | | |
| 12th or equivalent | | | | |
| Degree from any recognized university | | | | |
| Other degree | | | | |

14. Work Experience:-

| Examination passed | Board University | Year of passing | Divisional grade | Subject Studies |
|---|---|---|---|---|

Xerox copy of all documents to be attached with self atte ted.

महासचिव पलामू जिला अधिवक्ता संघ



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

ज्ञापांक 1927 दिनांक 09.05.2025

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 08/2025–26

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में ग्रीष्मकालीन में टैंकर द्वारा पेय जलापूर्ति की आपूर्ति की जानी है। जिसके लिए निगम कार्यालय को भाड़े पर ट्रैक्टर (चालक सहित) की आवश्यकता है। इच्छुक संवेदक बन्द लिफाफे में ट्रैक्टर (चालक सहित) का प्रतिदिन के दर से कोटेशन जमा कर सकते है। दर के साथ मो0 5,000/- (पॉच हजार रू0) का ड्राफ्ट (Non-Refundable) साथ संलग्न करना होगा। ड्राफ्ट नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से निर्गत होगा। साथ ही ट्रैक्टर का सभी कागजात तथा ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस, PAN CARD, AADHAAR CARD & GST Registration कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कोटेशन दिनांक 17.05.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है। अधोहस्ताक्षरी को कभी भी किसी भी स्थिति में आपूर्ति आदेश रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। तथा किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। विपत्रों का भुगतान राशि उपलब्ध रहने पर ही किया जायेगा।

नोट :– निविदा संबंधी शर्त के लिए नगर निगम सूचना पट एवं सरकार के Website http//: udhd.gov.in के Notice पर अवलोकन किया जा सकता है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 352036 District(25-26)D



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department,Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurement Very Short Tender Notice (2nd Call)**

| Sl. No. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/09/2025-26 | Construction of Fish Market in ward no. 23 under Medininagar Municipal Corporation | 1,19,42,402/- | 2,39,000/- | 10,000/- | 12 माह |

| Part – B | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 09/05/2025 AT 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 09/05/2025 AT 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 09/05/2025 AT 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 16/05/2025 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 17/05/2025 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 352032 District(25-26).D

### पीसीबी ने पाकिस्तान सुपर लीग एक्स के मैच यूएई में शिफ्ट किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एचबीएल पीएसएल एक्स के शेष मैच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शिफ्ट करने का फैसला किया है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े संघर्ष के बीच पीसीबी ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि टूर्नामेंट के शेष आठ मैच अब यूएई में होंगे। पहले ये मैच रावलपिंडी, मुल्तान और लाहौर में होने थे। बोर्ड ने कहा है कि मैचों की तारीख और आयोजन स्थलों के बारे में बाद में जानकारी दी जाएगी। पीसीबी के चेयरमैन मोहसीन नकवी ने कहा कि बोर्ड हमेशा से इस बात का समर्थक रहा है कि "राजनीति और खेल को अलग रखना चाहिए"। उन्होंने कहा कि रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को निशाना बनाए जाने के मद्देनजर पीसीबी ने बाकी के मैच यूएई में शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। नकवी ने आरोप लगाया कि भारत ने जानबूझकर क्रिकेट स्टेडियम को निशाना बनाया ताकि एचबीएल पाकिस्तान सुपर लीग एक्स को बाधित किया जा सके। घरेलू तथा विदेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए टूर्नामेंट को शिफ्ट करने का फैसला किया गया है।

### डीडीसीए को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला



**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को शुक्रवार को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर का बदला लेने के लिए नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी गई है। डीडीसीए के एक शीर्ष अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि शुक्रवार सुबह अरुण जेटली स्टेडियम को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। मेल में लिखा है, "आपके स्टेडियम में बम विस्फोट होगा। हमारे पास भारत में सक्रिय पाकिस्तान का एक प्रतिबद्ध स्लीपर सेल है। विस्फोट ऑपरेशन सिंदूर का हमारा बदला होगा। यह स्थल आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के घरेलू मैचों की मेजबानी कर चुका है, इससे पहले इसे शुक्रवार को बीसीसीआई द्वारा एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। अरुण जेटली स्टेडियम को 11 मई को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सीजन का अपना आखिरी मैच आयोजित करना था, लेकिन बीसीसीआई के फैसले के बाद इसे अब निलंबित कर दिया गया है।

#### भारत-पाक तनाव का असर

# बीसीसीआई ने किया आईपीएल को एक सप्ताह के लिए स्थगित

## टूर्नामेंट के नए कार्यक्रम और आयोजन स्थलों की जानकारी बाद में दी जाएगी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मौजूदा आईपीएल 2025 के शेष मैचों को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है। संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के परामर्श से स्थिति का व्यापक आकलन करने के बाद टूर्नामेंट के नए कार्यक्रम और आयोजन स्थलों के बारे में आगे की जानकारी उचित समय पर दी जाएगी। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'अधिकांश फ्रेंचाइजी द्वारा अपने खिलाड़ियों की चिंताओं और भावनाओं के साथ-साथ प्रसारक, प्रायोजकों और प्रशंसकों के विचारों को व्यक्त करने के बाद सभी प्रमुख हितधारकों के साथ उचित परामर्श के बाद आईपीएल गवर्निंग काउंसिल द्वारा यह निर्णय लिया गया। बीसीसीआई हमारे सशस्त्र बलों की ताकत और तैयारियों पर पूरा भरोसा रखता है, बोर्ड ने सभी हितधारकों के सामूहिक हित में कार्य करना उचित समझा। सैकिया ने कहा, 'इस महत्वपूर्ण मोड़ पर, बीसीसीआई देश के साथ मजबूती से खड़ा है। हम भारत सरकार, सशस्त्र बलों और अपने देश के लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं। बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है, जिनके 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत वीरतापूर्ण प्रयास राष्ट्र को रक्षा और प्रेरणा देते हैं, क्योंकि वे हाल ही में हुए आतंकवादी हमले और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए अनुचित आक्रमण का दृढ़ जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून बना हुआ है, लेकिन राष्ट्र और इसकी संप्रभुता, अखंडता और हमारे देश की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। बीसीसीआई भारत की सुरक्षा करने वाले सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और हमेशा अपने निर्णयों को राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में बनाए रखेगा। बीसीसीआई अपने प्रमुख हितधारक - जियोहॉटस्टार, लीग के आधिकारिक प्रसारक को उनकी समझदारी और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद देता है। बोर्ड टाइटल प्रायोजक 'टाटा' और सभी सहयोगी भागीदारों और हितधारकों का भी आभारी है कि उन्होंने इस निर्णय के लिए अपना स्पष्ट समर्थन दिया और राष्ट्रीय हित को अन्य सभी विचारों से ऊपर रखा।



### प्रसारणकर्ता ने कहा कि उचित समय पर आईपीएल आयोजन को वापस लाने के लिए बीसीसीआई के साथ मिलकर काम करेंगे

आईपीएल 2025 के प्रसारणकर्ता जियोहॉटस्टार ने कहा कि वे टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने के बीसीसीआई के फैसले का समर्थन करते हैं, और पुष्टि की कि वे अन्य सभी विचारों पर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए निलंबित करने का निर्णय भारत-पाकिस्तान सीमा तनाव के मद्देनजर लिया गया। "हम, जियोहॉटस्टार में, टाटा आईपीएल 2025 को निलंबित करने के बीसीसीआई के फैसले का तहे दिल से समर्थन करते हैं और अन्य सभी विचारों पर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। इस समय, हमें अपने देश के साथ एकजुट होना चाहिए, सरकार और हमारे सशस्त्र बलों का समर्थन करना चाहिए, और प्रभावित नागरिकों को एकजुटता और समर्थन देना चाहिए। उन्होंने शुक्रवार को एक बयान में कहा, "हम उचित समय पर टूर्नामेंट को वापस लाने के लिए बीसीसीआई के साथ काम करेंगे। जियोहॉटस्टार सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इस बदलाव को सहज तरीके से प्रबंधित किया जाए और टूर्नामेंट प्रसारण में शामिल सभी लोग सुरक्षित घर लौटें। टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए रोकने का निर्णय गुरुवार रात को सीमा पार तनाव बढ़ने के बाद लिया गया, जिसके कारण जम्मू, उधमपुर और पठानकोट में ब्लैकआउट हो गया, क्योंकि हवाई हमले और पाकिस्तान से ड्रोन आसमान पर छा गए। इसके कारण पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच पठानकोट से लगभग 80 किलोमीटर दूर धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में मैच को पहली पारी के केवल 10.1 ओवर पूरे होने के बाद रद्द कर दिया गया।

### दिहाड़ी मजदूर की बेटी सबीना ने तीन पदक जीते



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सबीना कुमारी ने झारखंड के चतरा जिले में एक साधारण ट्रैक पर साइक्लिंग शुरू की , जो इनडोर वेलोड्रोम से दूर था। शुक्रवार को, एक दिहाड़ी मजदूर और एक गृहिणी की 18 वर्षीय बेटी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अपने पदार्पण में साइक्लिंग में तीन पदक जीते। सबीना ने लड़कियों की केरिन और टीम स्प्रिंट स्पर्धाओं में क्रमशः स्वर्ण पदक जीते, साथ ही 200 मीटर स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रशिक्षु ने साई मीडिया को बताया, "यह मेरा पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और मैं अपने प्रदर्शन और तीन पदकों से बहुत खुश हूं। उनमें से, व्यक्तिगत केरिन मेरा सर्वश्रेष्ठ था। सबीना की कहानी शांत दृढ़ संकल्प, फोकस और कड़ी मेहनत की कहानी है। 18 वर्षीय खेलो इंडिया एथलीट ने कहा, "मैंने हमेशा ध्यान केंद्रित किया है और कड़ी मेहनत की है। ग्रामीण इलाकों में कई लड़कियां हैं जो जीवन में कुछ करना चाहती हैं, लेकिन उन्हें अवसर नहीं मिल पाता। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि वे कड़ी मेहनत करें। जो आप चाहते हैं, उसका पीछा करें, चाहे वह खेल हो या कुछ और। सबीना का खेलों में प्रवेश संयोग से हुआ।सबीना ने कहा, "मुझे तब खेलों के बारे में भी नहीं पता था। मेरे पिता ने झारखंड सरकार के सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड कार्यक्रम के तहत 2017 में एक फॉर्म भरा था। वह बस यही चाहते थे कि मैं जीवनयापन और शिक्षा के मामले में अच्छा करूं। उस छोटे से काम ने मेरी जिंदगी बदल दी। वह 12 साल की थी जब उसने रांची में झारखंड राज्य खेल संवर्धन सोसायटी (जेएसपीएस) अकादमी में साइकिल चलाना शुरू किया। सबीना जल्द ही साइक्लिंग कोच राम कपूर भट्ट के संरक्षण में आ गई। उसकी सहजता और चपलता से प्रभावित होकर, भट्ट, जो 2011 के राष्ट्रीय खेलों में साइक्लिंग में कई पदक जीत चुके हैं, ने सबीना को स्प्रिंट आजमाने के लिए प्रोत्साहित किया।

#### शुकरी कॉनराड को साउथ अफ्रीका का हेड कोच बनाया गया

## 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक जिम्मेदारी एसए को डब्ल्यूटीसी फाइनल पहुंचाया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पूर्व साउथ अफ्रीकी प्लेयर शुकरी कॉनराड को क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने सभी फॉर्मेट का कोच चुना है। इससे पहले, टीम के व्हाइट बॉल कोच रॉब वाल्टर के इस्तीफा देने के बाद कॉनराड को टेस्ट और वनडे के कोच की भूमिका दी गई थी। कॉनराड साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 वर्ल्ड कप तक टीम के कोच रहेंगे। शुक्रवार को क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने सोशल मीडिया X पर इसकी जानकारी दी। कॉनराड की कोचिंग में अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा है।



**ट्राई सीरीज से व्हाइट-बॉल कोचिंग की शुरुआत**

: क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) ने पोस्ट किया, शुकरी कॉनराड को प्रोटियाज पुरुष टीम के सभी प्रारूपों के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करते हुए हम खुश है। जनवरी 2023 से टेस्ट टीम को कोचिंग देने वाले वाले कॉनराड अब जुलाई में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 ट्राई सीरीज से व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में कमान संभालेंगे।

**टेस्ट टीम की कोचिंग मेरे लिए गर्व की बात: कॉनराड**

कॉनराड ने कहा, टेस्ट टीम की कोचिंग करना मेरे क्रिकेट सफर की सबसे बड़ी बात है और अब व्हाइट-बॉल टीमों की देखरेख करने के लिए मैं एक्ससाइटेड हूं। व्हाइट-बॉल क्रिकेट में अफ्रीकी के पास कई टैलेंटेड प्लेयर हैं। मेरा मानना है कि हमारे पास कुछ खास हासिल करने के लिए आवश्यक सब कुछ है। उन्होंने आगे कहा, हमारे पास आगे एक बिजी शेड्यूल है, जिसकी शुरुआत अगले महीने WTC फाइनल से होगी। उसके बाद हमें T20 वर्ल्ड कप और वनडे वर्ल्ड कप खेलना है।

## जायसवाल अगले सत्र के लिए मुंबई के साथ बने रहना चाहते हैं : एमसीए सचिव हडप

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

यशस्वी जायसवाल द्वारा 2025/26 घरेलू सत्र के लिए मुंबई से गोवा में आश्चर्यजनक बदलाव करने के ठीक एक महीने बाद, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को 42 बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीम के साथ बने रहने के अपने इरादे के बारे में मेल किया है।

जायसवाल को अप्रैल में एमसीए द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिया गया था, जब उन्होंने आगामी घरेलू सत्र के लिए गोवा में शामिल होने के अपने इरादे के बारे में उन्हें लिखा था। लेकिन शुक्रवार को यह बात सामने आई कि जायसवाल ने अपने पिछले फैसले पर यू-टर्न मांगा है। जायसवाल ने एमसीए को भेजे ईमेल में लिखा, "मैं, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, आपसे अनुरोध करता हूं कि आप मुझे दी गई



एनओसी वापस लेने के मेरे अनुरोध पर विचार करें क्योंकि मेरे पास गोवा जाने की कुछ पारिवारिक योजनाएं थीं, जिन्हें फिलहाल रोक दिया गया है। इसलिए मैं एमसीए से ईमानदारी से अनुरोध करता हूं कि मुझे इस सीजन में मुंबई के लिए खेलने की अनुमति दी जाए। मैंने बीसीसीआई या गोवा क्रिकेट एसोसिएशन को एनओसी नहीं सौंपी है।

फिलहाल, एमसीए जायसवाल के अनुरोध पर फैसला लेने के लिए समय ले रहा है। हडप ने शुक्रवार को आईएएनएस से कहा, "हां, उन्होंने एक पत्र भेजा है जिसमें कहा गया है कि वह अगले सीजन के लिए मुंबई टीम के साथ बने रहना चाहते हैं। उनके पत्र पर 15 दिनों के भीतर होने वाली अगली शीर्ष परिषद की बैठक में चर्चा की जाएगी।" 2019 में अपने सीनियर मुंबई डेब्यू के बाद से, अंडर 16, अंडर 19 और अंडर 23 आयु वर्ग के मैचों में खेलने के अलावा, जायसवाल ने 36 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें 60.85 की आश्चर्यजनक औसत से 3712 रन बनाए।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## सीमा पर जवान व खेतों में किसान दोनों तैयार, देश में अन्न की कोई कमी नहीं : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में अन्न के भंडार भरे हुए हैं और हमारे पास चावल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सीमा पर जवान और खेतों में किसान तैयार हैं। इस वर्ष बंपर उत्पादन हुआ है और हमारे किसान अगली फसल के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देशवासियों को आश्वासन देते हुए कहा है कि किसी भी आपात स्थिति में या जरूरत के समय सभी निश्चिंत रहें। हम तैयार और सक्षम हैं। केंद्रीय मंत्री चौहान ने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि 2023-24 में देश में खाद्यान्न का उत्पादन 3,322.98 लाख मीट्रिक टन था



और जिसे देश के किसानों ने बढ़ाकर अब 3,474.42 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। उन्होंने कहा, "चावल का उत्पादन पिछले वर्ष के 1,378.25 लाख मीट्रिक टन की तुलना में इस बार 1,464.02 लाख मीट्रिक टन रहा। वहीं, गेहूं का उत्पादन 1,132 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर इस वर्ष 1,154 लाख मीट्रिक टन हो गया है। हालांकि, यह केवल अनुमान है, इसमें और भी बढ़ोतरी की संभावना है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने जानकारी दी कि इस वर्ष दालों का उत्पादन 242 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 250.97 लाख मीट्रिक टन हो गया है। तिलहन का उत्पादन भी 296.69 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 428.98 लाख मीट्रिक टन दर्ज किया गया है। देश में फलों और सब्जियों की भी कमी नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि बागवानी फसलों का उत्पादन 3,547 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 3,621 लाख मीट्रिक टन दर्ज किया गया है। आलू, प्याज और टमाटर उत्पादन के भी सकारात्मक आंकड़े दर्ज किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "आलू 570 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 595 लाख मीट्रिक टन और प्याज 242 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 288 लाख मीट्रिक टन हो गया है। इसी तरह, टमाटर का उत्पादन भी 213 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 215 लाख मीट्रिक टन हो गया है। उन्होंने विपरीत मौसम में भी उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए किसानों और वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि गेहूं और चावल का उत्पादन एक वर्ष में 4-5 प्रतिशत तक बढ़ा है। उन्होंने बफर स्टॉक की जानकारी देते हुए कहा कि 8 मई तक 539.88 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी जा चुकी है। भंडार भरे हुए हैं। इसके अलावा, 267.02 लाख मीट्रिक टन गेहूं किसानों से खरीदा जा चुका है और खरीद जारी है


### एसोचैम की रिपोर्ट में इनोवेशन की भूमिका को बताया गया अहम

**नई दिल्ली।** एसोचैम के शुक्रवार को जारी एक पत्र के अनुसार, भारतीय उद्यमों की पूरी क्षमता को पेश करने के लिए एक सुसंगत, इनोवेशन-लेड इकोसिस्टम की जरूरत है, जो प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे और अनुपालन बोझ कम करे। भारत के इकोनॉमिक आर्किटेक्चर में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका और उन्हें फलने-फूलने में मदद करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच समन्वित प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, शीर्ष उद्योग निकाय ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इन द इंडियन स्टेट्स' शीर्षक से एक नॉलेज पेपर जारी किया है। यह पेपर परिचालन चुनौतियों को संबोधित करने और दुनियाभर से सर्वोत्तम प्रथाओं को शामिल करने की जरूरतों को पहचानता है।

## नोएडा में प्रतीक ग्रुप के प्रोजेक्ट्स के फ्लैट बायर्स के लिए कैंप का आयोजन, 40 फ्लैट्स की रजिस्ट्री

**नोएडा (आईएएनएस)**

प्रतीक ग्रुप की दो प्रमुख ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं प्रतीक ऐडीफाईस एवं प्रतीक स्टाइलहोम के फ्लैट खरीदारों के हित में एक विशेष रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप प्रतीक प्रोमैनेज, ए-42, सेक्टर-67, नोएडा में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में फ्लैट बायर्स ने भाग लिया और उन्हें उनके फ्लैट की रजिस्ट्री की सुविधा दी। उल्लेखनीय है कि प्रतीक इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित भूखंड संख्या जीएच-1/ए, बीटा-2, सेक्टर-107 तथा प्रतीक बिल्डटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित भूखंड संख्या जीएच-4/बी, सेक्टर-45, नोएडा की परियोजनाएं वर्षों से क्रियान्वयन की प्रक्रिया में थीं। अब इन परियोजनाओं के फ्लैट खरीदारों के लिए रजिस्ट्री प्रक्रिया को तेज करने के उद्देश्य से यह विशेष कैंप आयोजित किया गया। रजिस्ट्री कैंप में लगभग 40 फ्लैट खरीदारों के पक्ष में सफलतापूर्वक रजिस्ट्री की कार्यवाही पूरी की गई। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें अरुण कुमार मिश्र (उपायुक्त स्टाम्प), बीएस वर्मा (सहायक आयुक्त-स्टाम्प), यशवंत कुमार सिंह (सब रजिस्ट्रार, नोएडा-प्रथम), अशोक कुमार सिंह (सब रजिस्ट्रार, नोएडा-द्वितीय) तथा विवेक गोयल (प्रबंधक, ग्रुप



हाउसिंग, नोएडा) प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा प्रतीक ग्रुप के चेयरमैन प्रशांत तिवारी भी मौके पर उपस्थित रहे और उन्होंने फ्लैट खरीदारों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन दिया कि कंपनी ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। नोएडा प्राधिकरण के कई अन्य कर्मचारी भी रजिस्ट्री कैंप में सक्रिय रूप से शामिल रहे और पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया। फ्लैट खरीदारों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कैंप से उन्हें काफी राहत मिलती है और सरकारी प्रक्रियाएं सरल होती हैं। रजिस्ट्री कैंप की सफलता के साथ ही यह उम्मीद की जा रही है कि आगामी दिनों में शेष बायर्स के लिए भी इसी तरह की व्यवस्था कर उन्हें समयबद्ध ढंग से रजिस्ट्री की सुविधा दी जाएगी।

## सोने की कीमत में गिरावट 97,000 रुपए के नीचे लुढ़का दाम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



सोने की कीमत में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली और कीमत घटकर 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 383 रुपए कम होकर 96,647 रुपए हो गई है, जो कि पहले 97,030 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट के सोने की कीमत कम होकर 94,330 रुपए प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट के सोने की कीमत घटकर 86,020 रुपए प्रति 10 ग्राम, 18 कैरेट के सोने का दाम कम होकर 78,280 रुपए प्रति 10 ग्राम और 14 कैरेट के सोने का दाम कम होकर 62,340 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। हाजिर के साथ वायदा बाजार में भी गिरावट देखने को मिली है। गोल्ड के 5 जून 2025 का कॉन्ट्रैक्ट का भाव 0.05 प्रतिशत कम होकर 96,120 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, चांदी के 4 जुलाई 2025 का कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.20 प्रतिशत कम होकर 96,315 रुपए प्रति किलो हो गया है।

## पीएमएसबीवाई के कुल नामांकन में 2016 से 443 प्रतिशत की वृद्धि : केंद्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत संचयी नामांकन में 2016 से 443 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इस दुर्घटना बीमा योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर एनरॉलमेंट को लेकर जानकारी दी। यह योजना दुर्घटनाओं और जानमाल के नुकसान के मामले में वित्तीय स्थिरता और सस्ती सुरक्षा प्रदान करती है, जिसकी कीमत केवल 20 रुपए प्रति वर्ष है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "पीएम सुरक्षा बीमा योजना के साथ अपने प्रियजनों के लिए वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करें! पीएमएसबीवाई के तहत संचयी नामांकन में 443 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो मार्च 2016 में 9.40 करोड़ से बढ़कर अप्रैल 2025 में 51.06 करोड़ हो गई है। केवल 20 रुपए प्रति वर्ष पर सस्ती सुरक्षा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जनता को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के सरकार के प्रयासों की आधारशिला बन गई है। इस योजना को आधिकारिक तौर पर 9 मई, 2015 को कोलकाता में लॉन्च किया गया था।